ज्येष्ठ मास, शुक्ल पक्ष 14, वर्ष 12, अंक 45, पृष्ठ 12, मूल्य: 5.00

प्रयागराज, शनिवार, 3 जून, 2023



परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स

प्रयागराज, वाराणसी, लखनऊ, कानपुर एवं गोरखपुर से प्रकाशित

अन्दर : सहज-सहज सब कोउ कहै, सहज न चीन्है कोई!

अन्दर : हरभजन और कैफ ने दी टीम इंडिया को सलाह



नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news

# ओडिशा के बालासोर में ट्रेन हादसा, 50 की मौत

## मालगाड़ी से टकराई कोरोमंडल एक्सप्रेस, 350 से ज्यादा घायल, बढ़ सकती है मरने वालों की संख्या

**भीषण हादसा**

**दोनों ट्रेनों के 17 कोच पटरी से उतरे, घायलों को अस्पतालों में किया गया भर्ती**

**एनडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची, दोनों गाड़ियां एक ही लाइन पर आईं**





**भुवनेश्वर।** बालासोर जिले में बहानागा रेलवे स्टेशन के पास कोरोमंडल एक्सप्रेस ट्रेन पटरी से उतरने के कारण दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस हादसे में 50 से अधिक लोगों की मौत की खबर है तो वहीं 350 से ज्यादा यात्री जख्मी हो गए। ओडिशा के चीफ सेक्रेटरी ने बताया कि घायल यात्रियों को सोरो और गोपालपुर सीएचसी में शिफ्ट किया गया। गंभीर रूप से घायल यात्रियों को अच्छी देखभाल के लिए अन्यत्र रेफर किया गया। उन्होंने कहा कि घायलों की संख्या ज्यादा होने के कारण एंबुलेंस के साथ बसों को भी बुलाया गया। बचाव अभियान के लिए टीमें मौके पर पहुंची। एसडीआरएफ की टीमें भी मौके पर मौजूद रहीं। अधिकारियों के मुताबिक, कोरोमंडल एक्सप्रेस के चार डिब्बे पटरी से उतरे हैं। उन्होंने कहा कि हादसा शाम करीब 7.20 बजे बहानागा बाजार स्टेशन के पास हुआ।

ओडिशा के बालासोर में शुक्रवार शाम को कोरोमंडल एक्सप्रेस मालगाड़ी से टकराने के बाद पटरी से उतर गई। ट्रेन की 8 बोगियां पलट गईं। वहीं, ट्रेन का इंजन मालगाड़ी पर चढ़ गया। हादसे में 350 से अधिक यात्री घायल हो गये। ट्रेन हावड़ा से चेन्नई जा रही थी। घायलों को बहानागा के अस्पतालों में भर्ती करवाया गया। बालासोर और आसपास के अन्य जिलों से भी मेडिकल की टीमें मदद के पहुंची। इस रूट की सभी ट्रेनों को रोक दिया गया। हादसे को लेकर प्रशासन ने इमरजेंसी कंट्रोल रूम का नंबर 6782262286 जारी किया है। एडिशनल डीएमईटी ने बताया कि 50 एंबुलेंस मौके पर भेजी गई। घायलों को सोरो सीएचसी में शिफ्ट करना शुरू कर दिया गया है। कुछ को बेहतर इलाज के लिए रेफर भी किया जा सकता है। बालासोर रेलवे स्टेशन से एनडीआरएफ की 22 सदस्यों वाली पहली टीम पहले ही घटनास्थल पर पहुंच चुकी है। सेंट्रलाइज्ड ट्रैफिक कंट्रोल की 32 सदस्यों वाली एक और टीम आधे घंटे पहले मौके के लिए रवाना हुई है। बताया जा रहा है कि एक ही लाइन पर दोनों गाड़ियों के आ जाने की वजह से यह हादसा हुआ। रेलवे ट्रैक पर लगा सिग्नल खराब होने के चलते दोनों ट्रेन एक ही पटरी पर आकर टकरा गईं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ये ट्रेन दोपहर 3.15 बजे शालीमार स्टेशन से निकली थी। यह

### 5 ट्रेंनें रद्द और 5 डायवर्ट की गई

हादसे के कारण रेलवे ने छह ट्रेनों को कैंसल कर दिया है, जबकि पांच को दूसरे रूप पर भेज दिया है। पुरी एक्सप्रेस 12837, यशवंतपुर एक्सप्रेस 12863, संतरागाछी पुरी स्पेशल 02837, शालीमार संबलपुर 20831, चेन्नई मेल 12839 को रद्द कर दिया गया है।

### 700 जवान रेस्क्यू ऑफरेशन में लगाए गए

ओडिशा के मुख्य सचिव प्रदीप जेना ने बताया कि एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें मौके पर हैं। इसके अलावा 600-700 रेस्क्यू फोर्स के जवान काम कर रहे हैं। यह रेस्क्यू ऑपरेशन रात भर चलेगा। सभी अस्पताल सहयोग दे रहे हैं। हमारी तत्काल चिंता पीड़ितों को बचाने की है।

### हेल्पलाइन नंबर जारी किए गए

इमरजेंसी कंट्रोल रूम: 6782262286
हावड़ा: 033-26382217
खड़गपुर: 8972073925, 9332392339
बालासोर: 8249591559, 7978418322
कोलकाता शालीमार: 9903370746
रेलमदद: 044- 2535 4771
चेन्नई सेंट्रल रेलवे: 044- 25330952, 044-25330953 और 044-25354771

### पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने हादसे पर दुख जताया

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने हादसे पर दुख जताया है। उन्होंने ट्विटर पर लिखा कि बंगाल से यात्रियों को ले जा रही शालीमार-कोरोमंडल एक्सप्रेस आज शाम बालासोर के पास एक मालगाड़ी से टकरा गई। इससे कई लोगों के घायल होने की खबर है। हम ओडिशा सरकार के साथ और दक्षिण पूर्व रेलवे के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। ओडिशा सरकार की मदद के लिए 5-6 सदस्यों की एक टीम मौके पर भेज रहे हैं। मैं मुख्य सचिव और अन्य सीनियर अधिकारियों से इस मुद्दे पर जानकारी ले रही हूं। ममता बनर्जी ने कहा कि हादसे को लेकर हैरानी हुई। उन्होंने बताया कि हम अपने लोगों की भलाई के लिए ओडिशा सरकार और दक्षिण पूर्व रेलवे के साथ समन्वय कर रहे हैं। हमारे आपातकालीन नियंत्रण कक्ष को तुरंत एक्टिव कर दिया है। इसका नंबर 033- 22143526/22535185 हैं। बचाव के लिए सभी प्रयास शुरू कर दिए गए हैं। बनर्जी ने कहा कि हम ओडिशा सरकार और रेलवे अधिकारियों के साथ सहयोग करने और बचाव कार्यों में मदद के लिए 5-6 सदस्यों की एक टीम मौके पर भेज रहे हैं। मैं मुख्य सचिव और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ व्यक्तिगत रूप से लगातार स्थिति की निगरानी कर रही हूं।



मालगाड़ी पर चढ़ी एक्सप्रेस की बोगी।

### पीएम मोदी ने जताया दुख

पीएम मोदी ने रेल हादसे पर दुख जताया है। उन्होंने ट्वीट किया है- "ओडिशा में ट्रेन हादसे से व्यथित हूं। दुख की इस घड़ी में मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। घायल व्यक्ति जल्द स्वस्थ हों। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से बात की और स्थिति का जायजा लिया। दुर्घटनास्थल पर बचाव कार्य जारी है और प्रभावित लोगों को हरसंभव सहायता दी जा रही है।

### हादसे से गहरा दुख हुआ : राष्ट्रपति

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने हादसे पर दुख जताया है। उन्होंने कहा- ओडिशा के बालासोर में एक दुर्भाग्यपूर्ण रेल दुर्घटना में लोगों की मौत के बारे में जानकर गहरा दुख हुआ। मैं बचाव कार्यों की सफलता और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।

### मृतकों के परिवारों को 10 लाख मुआवजे का ऐलान

रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने मुआवजे का ऐलान कर दिया है। उन्होंने ट्वीट कर बताया कि मृतकों के परिवरों को 10 लाख, गंभीर रूप से जख्मी लोगों को 2 लाख और मामूली रूप से जख्मी लोगों के लिए 50,000 का ऐलान किया गया है।



ओडिशा के बालासोर से 40किमी दूर बहानागा स्टेशन के पास शाम 7:20 बजे मालगाड़ी से टकराकर पटरी से उतर गई। ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने राज्य मंत्री प्रमिला मल्लिक और स्पेशन रिलीफ कमिश्नर को तुरंत दुर्घटना स्थल पर पहुंचने का निर्देश दिया। मंत्री और (एसआरसी) मौके पर पहुंच रहे हैं। विशेष राहत आयुक्त कार्यालय ने कहा कि बालासोर के कलेक्टर को भी सभी आवश्यक व्यवस्था करने के लिए मौके पर पहुंचने और राज्य स्तर से किसी भी अतिरिक्त मदद की आवश्यकता होने पर एसआरसी को सूचित करने का निर्देश दिया गया है। बता दें कि 12841 शालीमार-मद्रास कोरोमंडल एक्सप्रेस शालीमार से दोपहर 3.20 बजे रवाना होती है और कुल 1656 किलोमीटर की दूरी तय करती है।

अगले दिन शाम 4.50 बजे एमजी रामचंद्रन सेंट्रल रेलवे स्टेशन (चेन्नई) पंहुचती है। ट्रेन बालासोर के पास हादसे की शिकार हुई। यह ट्रेन शाम 6.32 बजे बालासोर पहुंचती है।

NARAYANDAS
नरायन दास सर्राफ ज्वेलर्स
(प्रा0लि0)
वाराणसी
सोने, चाँदी, हीरे, प्लेटिनम एवं कुंदन के आभूषण
• 916 हॉलमार्क ज्वेलरी •
रथयात्रा
0542-2361600, 2987700, 8318650589
अर्दली बाजार
0542-2505500, 2507700, 9455084195
SUNDAY OPEN
•रथयात्रा • अर्दली बाजार • चौक (ठठेरी बाजार) वाराणसी
• पार्किंग की सुविधा उपलब्ध •

# बृजभूषण पर आलाकमान सख्त

**आए बैकफुट पर**

**भाजपा सांसद को अयोध्या में रैली के लिए प्रशासन ने नहीं दी अनुमति**

**खिलाड़ियों ने लगाया है यौन शोषण का आरोप**



**लखनऊ।** भाजपा सांसद और भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह को तगड़ा झटका लगा है। प्रशासन ने पांच जून को उन्हें अयोध्या में रैली करने की अनुमति नहीं दी है। इसके बाद सांसद ने बयान जारी कर रैली रद्द करने की घोषणा की है।

जारी किए गए बयान में कहा है कि प्रिय शुभचिंतकों... मैं 28 साल से आपके स्नेह से लोकसभा सदस्य के रूप में एक संवैधानिक पद पर हूं। सत्ता और विपक्ष में रहते हुए मैंने सदैव जाति, सम्प्रदाय और सभी धर्म के लोगों को एक साथ लेकर चलने की कोशिश की है। इन्हीं कारणों से मेरे राजनैतिक विरोधी और उनके दल मुझ पर झूठे आरोप लगाते रहे हैं। वर्तमान घटनाक्रम में कुछ राजनैतिक दल अपना भविष्य तलाश रहे हैं और जगह- जगह सभा करके प्रांतवाद, क्षेत्रवाद और जातीय संघर्ष को भड़काकर सामाजिक सौहार्द्र खराब करने में लगे हैं। मैं राष्ट्रद्रोही ताकतों को सामाजिक समरसता खराब करने का मौका मिले मैं इसका पक्षधर नहीं हूं। समाज में फैलती बुराई पर चिंतन करने के लिये पूज्य संत 5 जून को अयोध्या मेंएक संत सम्मलेन करना चाहते थे लेकिन अभी पुलिस आरोपों की जांच कर रही है इसलिए उच्चतम न्यायालय के सम्मान में पूज्य संतो के परामर्श पर उनकी आज्ञा का पालन करते हुए 'जन चेतना महारैली 5 जून अयोध्या चलो' कार्यक्रम स्थगित किया गया है। मर्यादित तरीके से सभी धर्मों, जातियों और प्रांतो के लाखों समर्थकों, शुभचिंतकों ने इस मुद्दे पर मेरा समर्थन किया है इसलिए सबका आभार व्यक्त करते हुए विश्वास दिलाता हूं कि मैं और मेरा परिवार हमेशा आपका ऋणी रहेगा। *एजेंसी*

### देशद्रोह के लिए बढ़े सजा

**नई दिल्ली।** भारत के विधि आयोग ने राजद्रोह के मामलों में जेल की न्यूनतम अवधि तीन साल से बढ़ाकर सात साल करने की सिफारिश की है। आयोग ने इसके पीछे दलील दी कि यह अदालतों को किए गए कृत्य के पैमाने और गंभीरता के अनुसार सजा देने की अनुमति देगा। आयोग ने 'राजद्रोह के कानून का इस्तेमाल' रिपोर्ट में कहा कि उसकी पहले की रिपोर्ट में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 124ए (राजद्रोह कानून) की सजा को बहुत अजीब बताया गया था, क्योंकि इसमें आजीवन कारावास या तीन साल की सजा का प्रावधान है, लेकिन बीच में कुछ भी नहीं है। राजद्रोह कानून के तहत न्यूनतम सजा 'जुर्माना' देना है। आयोग ने कहा, आईपीसी के अध्याय छह में अपराधों के लिए दिए गए वाक्यों की तुलना से पता चलता है कि धारा 124ए के लिए निर्धारित सजा में स्पष्ट असमानता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि आईसीपी का अध्याय छह राज्य के खिलाफ अपराधों से जुड़ा है। इसलिए सुझाव दिया जाता है कि प्रावधान को संशोधित किया जाए ताकि इसे अध्याय छह के तहत अन्य अपराधों के लिए प्रदान की गई सजा की योजना के अनुरूप लाया जा सके।

# दयाशंकर मिश्र दयालु की कार हादसे की शिकार, बाल-बाल बचे

**बड़ा हादसा टला**

**वाराणसी से बलिया जाते समय डिवाइडर से टकराया वाहन, दूसरी गाड़ी से बलिया हुए रवाना**



**गाजीपुर।** राज्यमंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु की कार हादसे का शिकार हो गई। वाराणसी से बलिया जाते समय महाराजगंज तलबल मोड़ पर डिवाइडर से वाहन टकराया। केंद्र सरकार के नौ साल पूरे होने पर बलिया में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के लिए राज्यमंत्री जा रहे थे। किसी को चोट नहीं लगी है। मंत्री दूसरी कार से रवाना हो गए। मंत्री के काफिले के बीच एक गाड़ी के आने से यह हादसा हुआ है। राहत की बात यह है कि हादसे में मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु पूरी तरह सुरक्षित हैं। काफिले में उनके साथ मौजूद लोगों को भी कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। बताया जा रहा है कि अचानक ब्रेक लगाने की वजह से मंत्री की गाड़ी दूसरी कार से जा टकराई। यह दुर्घटना सदर कोतवाली क्षेत्र के महाराजगंज के पास हुआ है। इसके बाद मंत्री दूसरी कार से बलिया के लिए रवाना हो गए। दरअसल, केंद्र सरकार के 9 साल पूरे होने के मौके पर राज्यमंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु वाराणसी से बलिया जा रहे थे। यहां उनको प्रेस कॉन्फ्रेंस करना है। रास्ते में गाजीपुर में उनके काफिले में दुर्घटना हो गई। मंत्री और उनके साथ मौजूद लोग पूरी तरह से सुरक्षित हैं।

IIT-JEE / NEET
9th, 10th, 11th & 12th CBSE & UP
संकल्प ट्यूटोरियल्स
C.T.E.T
शिक्षक भर्ती परीक्षा
1. बादशाह बाग (G.G.I.C. के पास) मलदहिया
2. रविन्द्रपुरी एक्सटेंशन 3. नेवादा 4. गिलट बाजार
5. पाण्डेयपुर 6. बुलानाला 7. बसहीं वाराणसी
9335418689*9335720660

# खाप पंचायत का सरकार को अल्टीमेटम

**चेतावनी**

**9 जून तक बृजभूषण सिंह की हो गिरफ्तारी, नहीं तो जंतर-मंतर पर देंगे धरना**



**नई दिल्ली।** दिल्ली में आंदोलन कर रहे पहलवानों के समर्थन में खाप पंचायत के आयोजन में किसान नेताओं ने केंद्र सरकार को चेतावनी दी है कि, नौ जून तक कुश्ती संघ के प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह को गिरफ्तार किया जाए या फिर दिल्ली में तेज विरोध का सामना करने के लिए तैयार रहें। खाप पंचायत में कहा गया है कि नौ जून के बाद जंतर-मंतर पर धरना दिया जाएगा। कुश्ती फेडरेशन के प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ लड़ाई में भारत के टॉप एथलीटों का समर्थन कर रहे किसान नेताओं ने केंद्र को एक नया अल्टीमेटम दिया है कि, उन्हें गिरफ्तार करें या बड़े विरोध का सामना करें।

किसान नेता राकेश टिकैत ने कहा कि हमने निर्णय लिया है कि सरकार को पहलवानों की शिकायतों का समाधान करना चाहिए और उन्हें (बृजभूषण शरण सिंह) गिरफ्तार किया जाना चाहिए. अन्यथा, हम पहलवानों के साथ 9 जून को दिल्ली के जंतर मंतर जाएंगे और पूरे देश में पंचायत करेंगे। बीजेपी सांसद बृजभूषण शरण सिंह पर यौन उत्पीड़न और डराने-धमकाने के आरोप लगे हैं. पहलवानों का आरोप है कि उन्होंने एथलीटों का यौन उत्पीड़न करने के लिए भारतीय कुश्ती महासंघ के प्रमुख के रूप में अपने पद का दुरुपयोग किया। हरियाणा के कुरुक्षेत्र में पहलवानों के समर्थन में खाप पंचायत का आयोजन किया गया. इस पंचायत में लिए गए फैसले के मुताबिक सरकार को 9 जून तक अल्टीमेटम दिया गया है। सरकार से कहा गया है कि बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी करें, वर्ना महिला पहलवानों, खिलाड़ियों के साथ जंतर-मंतर पर बड़ा धरना प्रदर्शन शुरू किया जाएगा। खाप पंचायत में यह भी मांग की गई है कि, खिलाड़ियों के संसद मार्च के प्रयास के बाद उनके खिलाफ दर्ज की गई एफआईआर रद्द की जाए।

आंदोलनकारी पहलवान भाजपा सांसद की गिरफ्तारी से कम पर राजी नहीं हैं. हालांकि खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने पहलवानों को न्याय दिलाने का आश्वासन दिया है. अनुराग ठाकुर ने कल टाइम्स नेटवर्क के इंडिया इकानॉमिक कॉन्क्लेव में कहा, ₹सरकार निष्पक्ष जांच की पक्षधर है... हम सभी चाहते हैं कि न्याय मिले, लेकिन यह उचित प्रक्रिया का पालन करने के बाद होगा। पहलवानों के आंदोलन के बाद से लगातार दिल्ली से लेकर अयोध्या तक कड़े तेवर दिखा रहे बृजभूषण सिंह की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। सुप्रीम कोर्ट की फटकार के बाद दिल्ली पुलिस ने 7 महिला पहलवानों की शिकायत पर यौन उत्पीड़न, छेड़छाड़ करने जैसे मामलों में गंभीर धाराओं के तहत दो एफआईआर दर्ज की थीं। दोनों एफआईआर से कुछ चौंका देने वाले तथ्य मिले हैं। पहली एफआईआर 6 वयस्क महिला पहलवानों की शिकायत पर दर्ज की गई है। दूसरी एफआईआर एक नाबालिग पहलवान के पिता की शिकायत पर दर्ज की गई है। महिलाओं ने शिकायत में बृजभूषण सिंह पर गंभीर आरोप लगाए हैं। बृजभूषण सिंह ने इन आरोपों पर फिर दोहराया है कि ये आरोप झूठे हैं और अगर साबित हुए तो वे खुद फांसी पर लटक जाएंगे।

### खापों और संयुक्त किसान मोर्चे का भी साथ मिला

महिला पहलवानों को अब खापों और संयुक्त किसान मोर्चे का भी साथ मिल गया है। कुरुक्षेत्र में हुई खाप पंचायत के बाद सरकार को अल्टीमेटम दिया गया है कि 9 जून तक बृजभूषण की गिरफ़्तारी हो वर्ना पहलवानों के साथ किसान और खाप नेता दिल्ली के जंतर मंतर कूच करेंगे। इस बीच पहलवान चुप्पी साधे हुए हैं। मिली जानकारी के अनुसार पहलवानों द्वारा सरकार को दिया गया अल्टीमेटम शनिवार को खत्म हो रहा है। पहलवान भी शनिवार को कुछ बड़ा ऐलान कर सकते हैं। सरकार और बीजेपी दोनों ही काफी एक्टिव हैं। बृजभूषण 5 जून को अयोध्या में एक रैली के जरिए शक्ति प्रदर्शन करने वाले थे, जिसे अब रद्द कर दिया गया है. बृजभूषण को कुछ दिन चुप रहने की हिदायत दी गई है। वहीं दूसरी तरफ खाप पंचायत और किसानों ने भी सरकार को सात दिन का वक्त और दे दिया है।

# बीमार पत्नी से मिलने की इजाजत

**राहत**

**मनीष सिसोदिया की जमानत पर फैसला सुरक्षित, कोर्ट ने लगाईं कई बंदिशें**



**नई दिल्ली।** दिल्ली के कथित शराब घोटाले में इडी की ओर से दर्ज केस में दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की नियमित जमानत अर्जी पर दिल्ली हाईकोर्ट ने आदेश सुरक्षित रख लिया है। कोर्ट ने सिसोदिया को कल कुछ घंटे के लिए अंतरिम राहत दी है। लिहाजा वह कल सुबह 10 से शाम 5 बजे तक पुलिस हिरासत में अपनी पत्नी से मिल सकेंगे। कोर्ट ने शर्त रखी कि सिसोदिया अंतरिम जमानत के दौरान मीडिया से बात नहीं करेंगे। परिवार के अलावा किसी से बात नहीं करेंगे। मोबाइल और इंटरनेट का इस्तेमाल नहीं करेंगे। बता दें कि सिसोदिया ने पत्नी की खराब सेहत का हवाला देते हुए 6 हफ्ते की अंतरिम जमानत की मांग की थी। लेकिन इडी ने अंतरिम जमानत अर्जी का विरोध किया था। ईडी ने कहा था कि कुछ दिन पहले ही वो अंतरिम जमानत की अर्जी को वापस ले चुके हैं। अब फिर से उसी आधार पर अंतरिम जमानत मांग रहे हैं। जांच एजेंसी की ओर से कहा गया कि सिसोदिया पुलिस की मौजदूगी में पत्नी से मुलाकात कर सकते हैं। दिल्ली की एक अदालत ने शुक्रवार को केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को आबकारी नीति मामले में आप नेता मनीष सिसोदिया और तीन अन्य आरोपियों को आरोप पत्र और पूरक आरोपपत्र सहित दस्तावेजों की प्रतियां मुहैया कराने को कहा।

## संक्षेप

### मारपीट, तमंचे से फायर करने, गोली मिस हो जाने का पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मऊआइमा में दो पक्षों में चली आरही पुरानी रंजिश खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। बीस दिन बाद दूसरे पक्ष ने मारपीट करने एंव गोली चलाने पर मिस हो जाने का मुकदमा दर्ज करा दिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम छीतेमऊ निवासी शमसुल कमर पुत्र अब्दुल अजीज का आरोप है कि दस मई को शाम के पहर वह दुकान से घर जा रहा था। तभी घूरघाट उसरा सुनसान स्थान पर पहले से घात लगाए उनके विपक्षी अपना वाहन उसके आगे लगा कर मारने पीटने लगे तथा आरोप है कि उसके उपर तमंचे से फायर कर दिया गया परन्तु गोली मिस हो गई तो वह बाल बाल बच गए। शमसुल कमर ने मऊआइमा थाने में मुजीब, उबैद, सलमान, रहीम उर्फ अल्ली ,मुताल्लिब के खिलाफ मऊआइमा थाने में मुकदमा दर्ज करा दिया है।

### किशोरी का अपहरण कर अपने घर में रख लिया, उलहना देने पर मारा पीटा, थाने में दी गई तहरीर

**मऊआइमा।** मऊआइमा के एक गांव का युवक किशोरी को बहला फुसलाकर कर अपहरण कर अपने घर में रख लिया। जब किशोरी के परिजन उलहना देने गए तो उन्हें जमकर पीटा गया। मऊआइमा थाने में तहरीर दी है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक युवक का आरोप है कि उसकी 17 वर्षीय पुत्री को गांव का एक युवक बहलाफुसला कर अपहरण कर अपने घर में रखे हुए हैं। आरोप है कि जब किशोरी के परिजन उलहना देने गए तो उन्हें मारा पीटा गया तथा यह धमकी दी गई कि यदि कहीं शिकायत किए तो जान से मार देगें। किशोरी के पिता ने मऊआइमा थाने में नामजद तहरीर दी है. पुलिस तहरीर लेकर प्रकरण की जांच कर रही है।

# 2014 के बाद विश्व में नरेंद्र मोदी और भारत की एक अलग पहचान बनी : राज्यसभा सांसद



कार्यक्रम को संबोधित करते राज्यसभा सांसद आदित्य प्रसाद व साथ में बैठे मंत्री व अन्य

**नैनी।** इलाहाबाद लोकसभा क्षेत्र मे 9 वर्ष सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के तहत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व मे भाजपा सरकार के सफलतम 9 वर्ष पूर्ण होने पर शुक्रवार को अभिनन्दनम बैक्वेट हाल नैनी में प्रेस वार्ता करतें हुए मुख्य वक्ता राज्य सभा सांसद व झारखण्ड़ प्रदेश महामंत्री आदित्य प्रसाद ने कहा 9 वर्षों से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गावं गरीब किसान मजदूर समाज के अंतिम व्यक्ति गरीब गरीब होता है।उस परिवार से आया व्यक्ति प्रधानमंत्री है। 2014 से पहले 2004 के बीच में किस प्रकार देश को उकसाने का काम कर रहे थे। आए दिन घोटाले का समाचार आता था। आतंकवाद आतंकवादियों के द्वारा देश के नागरिकों का नुकसान किया जाता था। 2014 के बाद विश्व में नरेंद्र मोदी और भारत की एक अलग पहचान बनी है। कोई भी योजना केंद्र से चलतीं है तो वह जमीन पर पहुंचती है। भाजपा का मूल मंत्र अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं को पहुचाकर सबके चेहरे पर मुस्कान लाना है। प्रधानमंत्री द्वारा देश के अंतिम छोर के प्रत्येक घर योजनाओं को पहुचाने का कार्य कर रही है। 10 करोड़ घरों में शौचालय बनाने काम करके जमाताए बहनों को शौच के पीड़ा से मुक्ति दिलाकर सम्मान से जीने का अधिकार दिया है। कांग्रेस यह भी कर सकती थी लेकिन उसको अपने परिवार और दल की चिंता थी देश की चिंता नहीं थी। माताएं बहनें चूल्हा फूंक-फूंक कर खाना बनाने का कार्य करती थी। प्रधानमंत्री ने उज्जवला कनेक्शन के माध्यम से 8 करोड परिवार में मुफ्त कनेक्शन देकर महिलाओं बहनों के आंसू पोंछने का काम किया है।

मोदी के शक्ति और ताकत निष्ठा पर देश विश्वास रखता है। आयूष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना द्वारा 3 करोड़ से अधिक परिवारों को लाभ मिला है। मोदी जी ने कोरोना काल मे डबल दोज का टीका दिया साथ ही चालीस अन्य देशों वैक्सीन देकर ज़िंदगी बचाने का कार्य किया है। इन 9 सालों में युवाओं को नए अवसर मिले हैं आदित्य प्रसाद ने आगे बताया कि मोदी सरकार मे किसान समृद्ध हुए हैं ,गरीबों के जीवन में सुधार हुआ है, महिलाओं का उत्थान हुआ है, श्रमिकों को सम्मान मिला है। अंत्योदय के उद्देश्य को प्रधानमंत्री साकार कर समाज के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को सरकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा है। नरेंद्र मोदी दिन-रात परिश्रम कर दूरदर्शी नीतियों के कारण आज असंभव को संभव कर दिखाया है। आदित्य प्रसाद ने केंद्र सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में पत्रकारों को जानकारी उपलब्ध कराई

कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा दुनिया की सबसे बडी योजना हर घर जल योजना के तहत केन्द्र की मोदी सरकार और राज्य की योगी सरकार रिकार्ड कनेक्शन देने का कार्य किया है। जल जीवन मिशन के तहत नल से जल लगभग 12 करोड़ घरों में पहुचा। हमने विकास में भेदभाव नहीं किया कांग्रेस की तरह कि केवल एक इलाके एक क्षेत्र का विकास होता था, जिसमें बरसो लग जाते थे। पीएम गरीब कल्याण योजना के द्वारा 80 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज प्रदान किया गया।

स्वागत प्रयागराज की सासंद प्रो. रीता बहुगुणा जोशी व जिलाध्यक्ष यमुनापार विभवनाथ भारती ने किया। पत्रकार वार्ता का संचालन व परिचय जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी ने करते हुए पत्रकारो एवं अतिथियो का सम्बोधन के माध्यम से स्वागत अभिनन्दन करते हुए अंत में आभार व्यक्त किया। पत्रकार वार्ता में कैबिनेट मंत्री नन्दगोपाल गुप्ता नन्दी, मेयर प्रयागराज गणेश केसरवानी, विधायक कोरावं राजमणि कोल, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य उत्तर मौर्य, योगेश शुक्ला, पुष्पराज सिंह पटेल, सतीश विश्वकर्मा, संजीव जायसवाल, आदि उपस्थित रहे।

### राज्यसभा सासंद एव प्रभारी मंत्री सहित सासंद, मेयर, विधायक, जिलाध्यक्ष ने विकास तीर्थ क्षेत्र अरैल का अवलोकन किया



नवनिर्मित अरैल घाट 'सेल्फी पॉइंट' का अवलोकन करते हुए

**नैनी।** जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुवेर्दी ने बताया कि महा–जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत तीर्थ अवलोकन के तहत प्रयागराज के यमुनापार जिला में मोदी सरकार द्वारा नवनिर्मित अरैल घाट 'सेल्फी पॉइंट' का भ्रमण, नमामि गंगे सीवर लाइन प्लांट का अवलोकन, सोमेश्वर नाथ मंदिर बारादरी एवं गेट निर्माण के साथ सोमेश्वर महादेव मंदिर में पूजा अर्चना झारखंड प्रदेश महामंत्री राज्यसभा सांसद आदित्य प्रसाद, कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, सांसद इलाहाबाद प्रो.रीता बहुगुणा जोशी,मेयर गणेश केसरवानी, जिलाध्यक्ष यमुनापार विभवनाथ भारती, विधायक कोरांव राजमणि कोल आदि ने किया।

### बारा पुलिस के हत्थे चढ़ा वारंटी

**बारा।** बारा पुलिस ने एक वारंटी को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी दरोगा अजय कुमार सिंह ने की है। सब इंस्पेक्टर एके सिंह ने बताया कि न्यायालय (ख.ट.–03) द्वारा जारी मुकदमा नंबर 666/16, धारा 406/354 के वारंटी अभियुक्त संतोष कुमार सिंह पटेल पुत्र फतेह बहादुर पटेल (निवासी गन्ने, बारा) को उसके घर के सामने से गिरफ्तार किया गया। विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त का चालान भेज दिया गया।


**सूचना**

मेरा एम.एन.एन.आई.टी. इलाहाबाद प्रथम सेमेस्टर पंजीकरण संख्या 20182086 वर्ष 2018 का अंक पत्र खो गया है। दीपक कुमार पुत्र केशरदेव धानिया, ग्राम-मोहब्बतसरी झुंझुनू, राजस्थान 333705

**उत्तर मध्य रेलवे** G20

No.74-W/Tender/E/0720232024
Date : 01.06.2023

**निरस्तीकरण सूचना**

उपरोक्त NITs दिनांक - 22.05.2023, को समाचार पत्र प्रकाशन हेतु जारी किये गये थे। इन टेंडरों को IREPS पर प्रशासनिक आधार पर रद्द कर दिया गया है। इन निविदाओं को रद्द करके सक्षम अधिकारी, ADRM/INFRA/PRYJ द्वारा प्रकाशन के लिये नीचे अनुमोदित किया गया है।

**ई-निविदा सूचना सं.-** 1620232024-73
Dated - 22.05.2023

| कार्य का नाम | To be uploaded on IREPS Portal |
|---|---|
| नैनी-महाकुंभ मेला - 2025 के दौरान कर्मचारियों के ठहरने के लिए नैनी गुड्स शेड में सुधार। | प्रशासनिक आधार पर टेंडर निरस्त किया जाता है। |

821/23(AN)

www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR

**उत्तर मध्य रेलवे** G20

**ई-टेन्डर नं0 पी आर वाई जे- गति शक्ति यूनिट-सिग-007-2023-24**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से डिप्टी चीफ सिग्नल एंड टेलीकॉम इंजीनियर गति शक्ति यूनिट/संकेत एवं दूरसंचार/उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज द्वारा **ई-टेन्डर** के द्वारा पर्याप्त वित्तीय क्षमता एवं अनुभव सहित प्रतिष्ठित ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य के लिये **खुली निविदा, ई-निविदा** में वर्णित खुलने के दिनांक को **12:00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। **कार्य का विवरण निम्न प्रकार है।**

| क्र. सं. | निविदा नं. | कार्य का विवरण | अनुमानित मूल्य | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 007 | खुर्जा, टूंडला, फिरोजाबाद, सिकोहाबाद, मैनपुरी, इटावा और पनकी धाम स्टेशनों पर अमृत भारत स्टेशन योजना के संबंध में विविध मौजूदा एस एंड टी गियर/उपयोगिताओं का स्थानांतरण। | 7773912.53 | 155500.00 |

**निविदा प्रपत्र का मूल्यः** 0.00
**कार्य समापन की अवधिः** बारह महीने
**निविदा खुलने की तिथिः** 26.06.2023

**2.निविदा प्रपत्रों की उपलब्धताः** निविदा प्रपत्र www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। **3.धरोहर की राशि जमा करना एवं उसका रूपः** निविदाओं को उपरोक्त धरोहर राशि निविदा प्रपत्र के साथ ऑनलाइन इंटरनेट बैंकिंग या ऑनलाइन भुगतान गेटवे द्वारा की जायेगी। यदि निविदा दाता धरोहर राशि उपरोक्त के अतिरिक्त किसी अन्य रूप में जमा करते हैं तो उनका निविदा स्वीकार नहीं किया जायेगा। बिना उचित धरोहर राशि निविदा किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं की जायेगी और पूर्णतया अस्वीकृत कर दी जायेगी। **4. निविदा खुलने का समय तथा स्थानः** निविदा पूर्व निर्धारित तिथि **12.30 बजे** या उसके बाद ई-निविदा द्वारा मण्डल रेल प्रबन्धक, प्रयागराज के कार्यालय में खोली जायेगी। अगर उस दिन किसी कारणवश कार्यालय बन्द रहे तो निविदा अगले दिन, कार्य दिवस पर खोली जायेगी। **5.निविदा की वैधताः** निविदा खुलने के 60 दिन तक। **6. निविदा डीलिंग हेतु रेलवे के अधिकारः** रेलवे प्रशासन का किसी भी समय बिना कारण बताये कोई एक या सारी निविदाओं को स्थगित/संशोधित/निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है। **7. सिमलर नेचर ऑफ वर्कः** कोई सिग्नलिंग या टेलीकॉम काम 873/23(K)

@northcentralrailway North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR


# गंगा में डूबे किशोर की दूसरे दिन मिली लाश, मचा कोहराम

### गुरुवार को दोस्तों संग गंगा नहाने गया था, गोताखोरों की मदद से मिला शव

**लालगोपालगंज।** कोचिंग के बाद अपने दोस्तों संग श्रृंगवेरपुर के गऊ घाट पर स्नान करने गया किशोर गंगा की धारा में समा गया था। किशोर की तलाश में स्थानीय लोगों के साथ पंडा व गोताखोरों की टीम लगाई गई। किशोर की तलाश कर रहे लोगों ने लाश बरामद कर लिया। बाद में पुलिस ने पंचनामा कर शव को परिजनों के हवाले कर दिया। लाश मिलने के बाद घर में कोहराम मच गया। पिता, मां और भाई बहन का रो-रोकर बुरा हाल है।



मृतक के घर जुटी लोगों की भीड़

नवाबगंज थाना क्षेत्र के बांधपुर डहरपुर गांव निवासी संजय पांडेय अंधियारी टोल प्लाजा पर कर्मचारी हैं। उनके तीन बच्चों में दूसरे नंबर का केशव पांडेय (12) गुरुवार को कोचिंग पढ़ने गया था। बताया जाता है कि केशव शाम करीब साढ़े पांच बजे कोचिंग पढ़कर निकले और दो अन्य साथियों के साथ श्रृंगवेरपुर के गऊ घाट पर स्नान करने पहुंच गए। तीनों किशोर गंगा स्नान कर रहे थे तभी केशव गहरे पानी में डूब गया। जानकारी होने पर ग्रामीण और परिजन भी आ गए। घटना की खबर इंस्पेक्टर नवाबगंज को दघ गई। सूचना पाकर इंस्पेक्टर अनूप सिंह व चौकी प्रभारी लालगोपालगंज हमराहियों के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए। ग्रामीणों और स्थानीय मल्लाहों की मद्द से किशोर की तलाश गहरे पानी में की जा रही थी, परन्तु देर-रात तक पता नहीं चल सका। शुक्रवार सुबह लाश मिली तो घर में कोहराम मच गया। बाद में पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पंचनामा भर शव को परिजनों को सौंप दिया।

# मच्छरों से जीना दुस्वार,नही हुआ दवा का छिड़काव, ग्रामीण परेशान

**लालापुर।** गांवो में इस समय सबसे ज्यादा प्रकोप मच्छरों का है।शाम ढलते ही बैठना दुस्वार कर देते है।गांवो में वायरल बुखार का प्रकोप जारी है।कही ऐसा न हो कि मलेरिया इन मच्छरों से फैल जाय।इसके रोकथाम के लिये दवा का छिड़काव बहुत जरूरी है लेकिन जिम्मेवार अपनी जिम्मेवारी से कोसों दूर है। लगातार की बे मौषम बारिश होने की वजह से क्षेत्र के दर्जनों गांव की नालिया बजबजा रही है जिसमें जहरीले मच्छर पैदा हो गये है।फिर भी न सफाई हो रही है न ही दवा का छिड़काव किया जा रहा है।सरकार ने समय पर दवा सभी ब्लाकों में उपलब्ध



दी है।उसके बावजूद भी क्षेत्र के चाहे ब्लाक जसरा हो या शंकरगढ़ के दर्जनों गांवो में दवा का छिड़काव नही किया गया है।अगर दवा का छिड़काव जल्द नही किया गया गया तो ओ दिन दूर नही जब मच्छरों से फैलने वाली भयंकर मलेरिया बीमारी से इंकार नही किया जा सकता है जिसका रोकथाम करना मुश्किल हो जायेगा।


**उत्तर मध्य रेलवे** G20

**निविदा सूचना सं..** 2120232024 **दिनांक** 30.05.2023

**ई-निविदा सूचना**

मण्डल रेल प्रबन्धक / इंजीनियरिंग / उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित निर्धारित कार्यों के लिए ई-निविदाएं प्रपत्र पर दिनांक **23.06.2023** को **13.30 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। कार्यों का विवरण निम्न प्रकार है:-

| क्र सं | निविदा नं. | कार्यों का विवरण | अनुमानित मूल्य (रु.) | बयाने की रकम (रु.) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 81 | सहायक मण्डल अभियन्ता/लाइन/कानपुर के अधीन कानपुर से रूरा तक सीवर लाइन, भूमिगत नालों की सफाई, जंगल की सफाई एवं मलबा/कचरा हटाने का कार्य। | 32,49,713.00 | 65,000.00 |

**कार्य समापन की अवधिः** 12 माह, **निविदा खुलने की तिथिः** 23.06.2023
**इलिजिबिलिटी क्राइटएरिया के अन्तर्गत सिमिलर कार्यः** निल

**नोटः (1)** आन लाइन निविदा दिनांक **23.06.2023** को **13:30 बजे** तक प्रस्तुत की जा सकती है। **(2)** उपरोक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण (निविदा प्रपत्र सहित) वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर समय **13.30 बजे** टेण्डर खुलने की तिथि **23.06.2023** तक उपलब्ध है। **872/23 (P)**

North central railways @northcentralrailway www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR


### रास्ता रोक कर युवक को मारा पीटा गया आधा दर्जन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** रास्ता रोक कर एक युवक को आधा दर्जन युवकों ने मार पीट कर जख्मी कर दिए। जख्मी यूवक ने तहरीर दे कर आधा दर्जन के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। प्रतापगढ़ के थाना देल्हूपुर के ग्राम भिखनापुर निवासी प्रमोद कुमार सिंह पुत्र अरुण सिंह का आरोप है कि वह मऊआइमा के ग्राम रामनगरगंसियारी निवासी अपने रिश्तेदार यहाँ आया हुआ था। आरोप है कि मामूली बात को लेकर रास्ते मे रोक कर उसे दौडा दौडा कर मारा पीटा गया। जान से मारने की धमकी भी दी गई। प्रमोद सिंह ने मऊआइमा थाना में तहरीर दी कर रामनगरगंसियारी गांव निवासी गजेंद्र यादव, सुनील कुमार, सौरभ कुमार, अमन कुमार, आयूष, साहिल पटेल के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# प्रधान ने ग्राम चौपाल लगाकर समस्याओं के निस्तारण हेतु लिये आवेदन पत्र

**सहसों।** विकास खण्ड सहसों के ग्राम सभा मनापुर उर्फ बगई कला में शासन द्वारा निर्दिष्ट ग्राम चौपाल योजना द्वारा ग्राम प्रधान प्रताप बहादुर सिंह ने ग्राम चौपाल लगाकर ग्राम सभा के ग्रामीण फरियादियों द्वारा विभिन्न समस्याओं के निस्तारण हेतु आवेदन पत्र लिए गए। ग्राम चौपाल कार्यक्रम में मौजूद फरियादी कमलेश कुमार ने नाली के लिए एवं अमर सिंह ने इंटरलॉकिंग के लिए आवेदन पत्र दिया। इस अवसर पर चौपाल कार्यक्रम में मौजूद खण्ड विकास अधिकारी सहसों श्याम नारायण चतुवेर्दी ने उपस्थित ग्रामीणों को विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए फरियादियों द्वारा दिए गए आवेदनों पर संज्ञान लेते हुए जल्द से जल्द निस्तारण करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से एडीओ आईएसबी विजय कुमार गौतम, प्रमुख प्रतिनिधि शिव नारायण सिंह गप्पू , ग्राम विकास अधिकारी अश्विनी कुमार, राजेन्द्र पटेल, रविन्द्र भारतीया एवं अशोक कुमार सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### आर्मी ऑफिसर बन देश सेवा करना चाहती हैं आर्या

**बारा।** आर्मी पब्लिक स्कूल (ओल्ड कैंट) से हाईस्कूल की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाली आर्या सिंह सेना में आफिसर बनकर देश की सेवा करना चाहती हैं। देश सेवा की भावना आर्या सिंह को उनके परिवार से ही मिली। आर्या के पिता देवेंद्र कुमार सिंह सेना में ही सूबेदार (खउड) के पद पर कार्यरत हैं। इंटरमीडिएट में सीबीएसई बोर्ड से 94.2 फीसद से अधिक अंक पाने वाली आर्या सिंह ने कभी भी कोचिंग नहीं है। सेल्फ स्टडी को उन्होंने अपना हथियार बनाया। घर में उनकी मां रश्मि उर्फ चंचल सिंह और नाना आरपी सिंह पढ़ाई में काफी सपोर्ट करते हैं। आर्या के 90 प्लस स्कोर करने पर पूरा परिवार गदगद है। यमुनापार के विद्यानगर,डांडी की रहने वाली आर्या सिंह अब आगे की पढ़ाई के लिए तैयारी कर रही हैं। सेना में भर्ती होने के लिए वह सीडीएस और एनडीए की तैयारी में अभी से जुट गई हैं। एनडीए की परीक्षा साल में दो बार यूपीएससी के द्वारा ली जाती है।

# फाफामऊ चौराहे पर गड्ढों के चलते राहगीर परेशान

**फाफामऊ।** सरकार चाहे जितना दावा कर ले कि सडक गड्ढा मुक्त हो गयीं है परन्तु विभाग की अदुर्दीशिता व लापरवाही से सरकार के सभी दावे फेल साबित हो.रहा है।पी. डब्ल्यू .डी.के अधिकारियों कोई कई बार अवगत कराने के पश्चात भी फाफामऊ बाजार के गोल चौराहा व वाराणसी रोड की सडक का खास्ताहाल का प्रमाण जगह जगह गड्ढे दे रहे दावत है।जिससे राहगीरों व मोटर साईकिल सवार आये दिन चोटिल हो जाते है।बडे बडे वाहनों के टायर फट जाने से जाम लग जाता है । फाफामऊ के पार्षद निशा गुप्ता ने लोक निर्माण विभाग से तत्काल समस्या का निराकरण की मांग की है।




**उत्तर मध्य रेलवे** G20

**निविदा सूचना सं.** PRYJ/Br/L/2023-24/04 **दिनांकः** 31.05.2023

**ई-टेण्डरिंग निविदा सूचना**

उप मुख्य इन्जी / ब्रिज / लाइन / उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एंव उनकी ओर से निम्नलिखित निर्धारित कार्य के लिये **ई-निविदाएँ** निर्धारित प्रपत्र पर दिनांक **26.06.2023** को **14.30** बजे तक आमंत्रित की जाती है। कार्य का विवरण निम्न प्रकार है :-

| क्र.सं. | निविदा नं. | कार्यों का विवरण |
|---|---|---|
| 1 | 2023-05 | प्रयागराज मण्डल के प्रयागराज छिवकी स्टेशन पर द्वितीय प्रवेश के साथ आइसलैण्ड प्लेटफार्म को जोड़ते हुये रैम्प के साथ फुट ओवर ब्रिज का निर्माण। |

| अनुमानित मूल्य (₹) | बोली प्रतिभूति (₹) | कार्य समापन की अवधिः 12 माह |
|---|---|---|
| 4,70,29,412.68 | 3,85,200/- | निविदा खुलने की तिथिः 26.06.2023 |

**सिमिलर वर्क के लिये न्यूनतम वांछनीय आधारः** फैब्रिकेशन एण्ड इरेक्शन आफ स्टील स्ट्रक्चर आर लांचिंग / डी- लांचिंग आफ स्टील गर्डर ।

**नोटः 1-** ई - निविदा प्रपत्र सभी निविदादाताओं को निःशुल्क निर्गत किये जायेंगे। **2-** उपर्युक्त **ई-निविदा** का पूर्ण विवरण निविदा प्रपत्र सहित IREPS वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर निविदा खुलने की तिथि दिनांक **26.06.2023** समय **14:30** बजे तक उपलब्ध है । **3-** उपर्युक्त निविदा में ई-बिड के अलावा किसी अन्य रूप में बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु वेन्डरों को चाहिये कि वे अपने आपको **I. T. Act - 2000** के अन्तर्गत **C. C. A.** द्वारा जारी डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र के साथ **IREPS** की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। **4-** निविदादाता अपनी निविदा के साथ निर्धारित प्रोफार्मा पर प्रमाणपत्र जैसा निविदा पत्र में उल्लिखित है, प्रस्तुत करेंगे, जिसके अभाव में उनकी निविदा अविचारणीय होगी तथा निरस्त कर दी जायेगी। **5-** किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिये **IREPS** की वेबसाइट की हेल्प लाइन से सम्पर्क किया जा सकता है। **6-** निविदादाता को जी. सी. सी. 2022 भाग-1 के पैरा 10 से 18 के अनुपालन में उल्लिखित आवश्यक दस्तावेजों को निविदा के साथ अनिवार्य रूप से संलग्न करना है अन्यथा उनकी निविदा अपूर्ण मानी जायेगी एवं तदनुसार अविचारणीय होगी। **868/23 (ADM)**

North central railways @CPRONCR @northcentralrailway www.ncr.indianrailways.gov.in


# ग्राम पंचायत महेरा में किसान सम्मान निधि शिविर का आयोजन, जिम्मेदार नदारद

**लालापुर।** ग्राम पंचायत महेरा तरहर में किसान सम्मान निधि शिविर का आयोजन कृषि विभाग द्वारा कमल अहमद प्रभारी राज्य कृषि बीज भंडार जसरा के नेतृत्व में सम्मान निधि शिविर का आयोजन किया गया जिसमें किसान सम्मान से अभी तक वंचित रहे किसान शिविर के माध्यम से निधि का निस्तारण किया गया। गया, किसान सम्मान निधि की अगली किस्त जून में भेजी जाएगी, पूर्व में हुई सभी कमियों को दूर करने के लिए विकास खण्ड की सभी 63 ग्राम पंचायतों में शिविर लगाए जा रहे हैं, श्री कमाल अहमद ने कहा कि ग्राम महेरा से अधिकांश किसानों को सम्मान निधि का लाभ मिल रहा है, करीब 6 किसानों की के वाई सी अपडेट किया गया। कुछ किसान ऐसे हैं, जिनकी ईकेवाईसी भूमि अपलोड न होने, एनपीसीआई आधार सीडिंग, शिविर के माध्यम से कमियों को दूर करने के कारण किश्त बंद कर दी गई है। वही हल्का लेखपाल के न होने से जहां एक तरफ कृषि विभाग से आए हुए टीम को दिक्कत उठानी पड़ी तो दूसरी तरफ किसानों की खतौनी आंकलन न होने से किसानो में रोष ब्याप्त रहा।इसी तरह ग्राम सचिव महेरा भी नदारद रहे। आखिर जब जिम्मेदार ही अपनी जिम्मेदारी से कोसो दूर भागेंगे तो किसानो की समस्या जस की तस बनी रहेगी।

### आजादी के अमृत महोत्सव के तहत प्रयागराज में लगेगा रेहड़ी पटरी वालो का मेला

**प्रयागराज।** रेहड़ी पटरी फुटपाथ दुकानदारो में केन्द्रीय स्वनिधि योजना के प्रति जागरुक्ता पैदा करने के लिए आजादी का अमृत महोत्सव के तहत 1 जून 2023 12 बजे दिन में जिला पंचायत परिसर में परिसर में मेले का आयोजन किया जा रहा। परियोजना अधिकारी वर्तिका सिंह ने टी वी सी सदस्यो के साथ बैठक कर सभी मार्केट के पटरी दुकानदारो को मेले में आने के लिए प्रेरित करें। टीवीसी सदस्य रवि शंकर द्विवेदी ने बताया स्वनिधि मेले में रेहड़ी पटरी दुकानदारो के साथ उनका परिवार रंगोली,मेहंदी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगें ग्रुप डांस नुक्कड़ नाटक लघु फिल्म के साथ स्वनिधि योजना के लाभार्थी पटरी दुकानदार 15 स्टाल जिसमें विभिन्न प्रकार के स्टाल लगाये जायेगें। सरकार मेले का आयोजन रेहड़ी पटरी दुकानदारो को आत्म निर्भर बनाने के उदेश्य से स्वनिधि योजना शुरू की है। कार्यक्रम में सभी मा० जन प्रतिनिधियो द्वारा दीप प्रज्जवल किया जायेगा। बैठक में वर्तिका सिंह अंशुमान गौड़ रवि शंकर द्विवेदी सोनम पोपटानी अनुराग मिश्रा आन्नद सिंह शिखा खन्ना मुकेश सोनकर चन्द्रेश दुबे विकास अग्रहरी मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय प्रतिभा विकास मंच के अध्यक्ष बने रसिकेश



कार्यक्रम में उपस्थित अतिथिगण

**नैनी।** वरिष्ठ कवि रामनाथ त्रिपाठी रसिकेश को साहित्यिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था राष्ट्रीय प्रतिभा विकास मंच का अध्यक्ष बनाया गया है। 2002 में स्थापित संस्था के अध्यक्ष पद का निर्वहन पिछले बीस वर्षों से हास्य कवि कुटेश्वर नाथ त्रिपाठी चिरकुट इलाहाबादी कर रहे थे। उनकी मृत्यु के बाद यह पद खाली हो गया था। शुक्रवार को प्रयागराज जर्नलिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष गजेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता व डॉ शंभु नाथ त्रिपाठी अंशुल के मुख्य आतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम में संचालक जगदम्बा प्रसाद शुक्ल ने राष्ट्रीय प्रतिभा विकास मंच के अध्यक्ष पद के लिए रामनाथ त्रिपाठी के नाम का प्रस्ताव रखा जिसका उपस्थित कवि साहित्यकारों ने पुरजोर समर्थन किया। कवि अंशुल द्वारा त्रिपाठी जी का माल्यार्पण कर उनको यह दायित्व सौंपा गया। अध्यक्ष चुने जाने पर कवि रसिकेश ने कहा कि वे इस गुरुतर दायित्व का ईमानदारी से निर्वहन करेंगे और जल्द ही प्रयागराज के साहित्यकारों की एक बैठक बुलाएंगे। कार्यक्रम में डॉ वीरेन्द्र तिवारी, फतेह बहादुर सिंह, महक जौनपुरी, अनुराग, अशर्फी लाल सहित यमुनापार व नगर के कई कवि साहित्यकार, पत्रकार व समाजसेवी मौजूद रहे।


**उत्तर मध्य रेलवे** G20

**प्रयागराज मण्डल**
**ई- टेन्डर नं0** पीआरवाइजे - सिग - 009-2023-24

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से मंडल रेल प्रबन्धक/संकेत एवं दूरसंचार/ उत्तर मध्य रेल प्रयागराज द्वारा **ई-टेन्डर** के द्वारा पर्याप्त वित्तीय क्षमता एवं अनुभव सहित प्रतिष्ठित ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य के लिये **खुली निविदा**, ई-निविदा में वर्णित खुलने के दिनांक को **12.00** बजे तक आमंत्रित की जाती है । कार्य का विवरण निम्न प्रकार है ।

| क्र.सं. | निविदा नं. | कार्य का विवरण |
|---|---|---|
| 1 | 009 | प्रयागराज मण्डल के चुनार - चोपन खण्ड में गेट नम्बर 32 सी (खैराही - राबर्टसगंज), 26 सी (लूसा - खैराही) की इन्टरलॉकिंग । |

| अनुमानित मूल्य (₹) | बिड सिक्यूरिटी (₹) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (₹) |
|---|---|---|
| 9970582.64 | 199400/- | 0.00 |

**कार्य समापन की अवधिः** बारह माह **निविदा खुलने की तिथिः** 28.06.2023

| | |
|---|---|
| 2 | **निविदा प्रपत्रों की उपलब्धताः** निविदा प्रपत्र www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। |
| 3. | **बिड सिक्यूरिटी जमा करना एवं उसका रूपः** निविदाओं को उपरोक्त बिड सिक्यूरिटी निविदा प्रपत्र के साथ ऑन लाइन इंटरनेट बैंकिंग या ऑनलाइन भुगतान गेटवे द्वारा की जायेगी। यदि निविदादाता धरोहर राशि उपरोक्त के अतिरिक्त किसी अन्य रूप में जमा करते हैं तो उनकी निविदा स्वीकार नही किया जायेगा। बिना उचित बिड सिक्यूरिटी निविदा किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं की जायेगी और पूर्णतया अस्वीकृत कर दी जायेगी । |
| 4. | **निविदा खुलने का समय,तथा स्थानः** निविदा पूर्व निर्धारित तिथि 12.30 बजे या उसके बाद ई - निविदा द्वारा मण्डल रेल प्रबंधक, प्रयागराज के कार्यालय में खोली जायेगी। अगर उस दिन किसी कारणवश कार्यालय बन्द रहे तो निविदा अगले दिन, कार्य दिवस पर खोली जायेगी। |
| 5. | **निविदा की वैधता;** निविदा खुलने के 60 दिन तक। |
| 6. | **निविदा डीलिंग हेतु रेलवे के अधिकारः** रेलवे प्रशासन का किसी भी समय बिना कारण बताये कोई एक या सारी निविदाओं को स्थगित/ संशोधित/ निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है। 860/23 (ADM) |

North central railways @CPRONCR @northcentralrailway www.ncr.indianrailways.gov.in



बैठक की अध्यक्षता करते जिलाधिकारी

# प्रयागराज

## मौसम

अधिकतम : 41.00
न्यूनतम : 28.00
सूर्योदय : 05.15
सूर्यास्त : 06.44

### प्रयाग इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट के छात्रों का प्लेसमेंट में हुआ चयन

**प्रयागराज।** करछना बेदौ स्थित प्रयाग इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट में बीटेक की मैकेनिकल डिपार्टमेंट की छात्रा ऐश्वर्या सिंह का एन.एल.एम .के. इंडिया मे चयन हुआ। प्रथम चरण मे कॉलेज परिसर मे संपन्न हुए इंटरव्यू मे लगभग सात स्टूडेंट्स चयनित हुए थे। दूसरे चरण मे 15 कॉलेज के 90 छात्रो के बीच प्रयाग इंस्टीट्यूट की ऐश्वर्या सिंह का 3.6 लाख सलाना पैकेज पर चयन हुआ। संस्थान के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के छात्र अजीत कुमार मौर्य एवं छात्रा नेहा यादव का मैक्सवोल्ट बैटरीज प्राइवेट लिमिटेड में 5 लाख सलाना पैकेज पर कंपनी में ग्रुप डिस्कशन एवं इंटरव्यू के बाद चयन हुआ। संस्था के चेयरमैन श्री ज्ञान सिंह एवं सचिव श्री विकास सिंह ने सभी चयनित छात्रों को शुभकामनाएं दी। संस्थान के निदेशक डॉ एस सी तिवारी ने छात्रों एवं ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट विभाग को इसके लिए बधाई दिया। इस मौके पर विभागाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह, आशुतोष तिवारी, एच एल पटेल, अरविंद पांडे, प्रेम चंद्र, रवींद्र सिंह, बी एल पांडे, शुभम शुक्ला एवं ट्रेनिंग प्लेसमेंट आफिसर सुप्रिया श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

# इंडस्ट्रियल एरिया थाने के बाहर वाहनों में लगी आग सीज की गई कार-ट्रक समेत 12 से ज्यादा वाहन जले



आग में जलती ट्रक



आग को बुझाते दमकलकर्मी

**प्रयागराज।** प्रयागराज के इंडस्ट्रियल एरिया थाने के बाहर खड़ी सीज गाड़ियों में शुक्रवार सुबह अचानक आग लग गई। देखते ही देखते 12 से ज्यादा गाड़ियां आग की चपेट में आकर धू धूकर जलने लगे। फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। मौके पर पांच फायर ब्रिगेड की गाड़ियां पहुंचीं। घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। लगभग 12 गाड़ियां जलकर खाक हो गईं। आग लगने की वजह पता नहीं चल पाई है। पुलिस का कहना है कि शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लग सकती है, लेकिन अब तक जांच किया जा रहा है।

यमुनानगर के औद्योगिक क्षेत्र (इंडस्ट्रियल एरिया) थाने के बाहरी हिस्से में लावारिस, एक्सीडेंटल केस से जुड़े वाहन, सीज किए गए वाहन खड़े किए गए हैं। शुक्रवार सुबह करीब 10.30 बजे थाना परिसर के बाहर रोड पटरी के किनारे खड़े ट्रक और अन्य वाहनों में अचानक से आग की लपटें उठने लगीं। पहरा ड्यूटी पर तैनात कांस्टेबल ने देखा तो आला अधिकारियों को इसकी सूचना दी। इसके बाद फायर ब्रिगेड बुलाई गई। जब तक फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची। एक-एक करके ट्रक, कार और तीन पहिया वाहनों में करीब 12 से ज्यादा गाड़ियां जल गईं।

## 5 दमकल की गाड़ियों ने आग पर पाया काबू

आग बुझाने को लेकर मशक्कत शुरू हो गई। खड़ी गाड़ियों में लगी आग की लपटों पर काबू पाने के लिए पांच दमकल की गाड़ियां बुलाई गईं। इस दौरान वहां खड़े वाहनों को बाहर हटाया गया। जिसकी वजह से 15 वाहन आग से जलने से बचा लिए गए। तब जाकर करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग की लपटों पर काबू पा लिया गया। लेकिन धुआं अभी भी उठ रहा है। आग की तेज लपटों के कारण आग पर काबू पाने में काफी मुश्किल आ रही थी।

प्रभारी थानाध्यक्ष अतुल कुमार ने बताया कि जहां वाहन खड़े कराए गए हैं, उसके ऊपर से बिजली का तार गया है। आशंका है कि शॉर्ट सर्किट से आग लगी है, लेकिन अभी क्लियर नही कहा जा सकता है। आग से कितनी गाड़ियां जली हैं, अभी ये आंकड़ा नहीं बता पाएंगे। अभी धुआं निकल रहा है।

## करैली में इमाम रजा के रौजे के उद्धघाटन में अकीदतमन्दों का उमड़ा जनसैलाब

**प्रयागराज।** आठवें इमाम अली रजा के रौजे का करैली मस्जिद ए खदीजा में ओलमाओं की मौजूदगी में आज जायरीनों की ज़ियारत को खोल दिया गया।इमाम अली रजा की यौमे विलादत के मौके पर खुद्दामे रजा इलाहाबाद की ओर से जश्न की महफिल और ओलमाओं की तकरीर के बाद नव तामीर रौजे का दोनों दरवाजा जायरीनो की ज़ियारत को खोल दिया गया। खुद्दामे इमाम रजा कमेटी के मीसम रिजवी ,हसन आमिर रिजवी ,रमीज रजा रिजवी 'राजा' द्वारा मस्जिद ए खदीजा के प्रांगड़ में बनवाए गए रौजे की जरी को खास कारीगरों ने ईरान में बने असली रौजे की हूबहू नक़्ल कर तामीर कराया। प्रवक्ता सैय्यद मोहम्मद अस्करी के अनुसार रौजे में दो दरवाजे बनाए गए हैं एक से महिलाओं का प्रवेश तो दूसरे से पुरुषों का प्रवेश होगा।रौजे के अन्दर भी औरतों और मर्दों के लिए अलग अलग दायरा सीमित किया गया ताकि किसी की बेपर्दगी न हो।लोग हफ्ते के सातों दिन ज़ियारत कर सकते हैं।रौजे की इफ्तेताह से पहले जश्न की महफिल भी सजाई गई।मौलाना सैय्यद रजी हैदर रिजवी, मौलाना मोहम्मद अली गौहर, मौलाना अख्तर हसन रिजवी,मौलाना जरगाम हैदर, मौलाना नजफ रिजवी, डॉ रिजवान हैदर रिजवी आदि ने इमाम ए अली रजा के जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की शुरूआत अशरफ रिजवी की तिलावत ए कलाम ए पाक से हुई। इफ्तेताह के बाद नज्र भी दी गई वहीं इमाम अली रजा के नाम पर दस्तरख्वान भी सजा जिसमें लजीज व्यंजनों में हजारों लोगों ने शिरकत करते हुए रोजी में बरकत की दुआ की।

# तीन लोगों के हत्यारोपी कैदी की मौत

### चाचा का गला काटने वाले 3 लोगों को मार डाला था, मिली थी आजीवन कारावास की सजा

**प्रयागराज।** नैनी सेंट्रल जेल में पिछले 20 साल से आजीवन कारावास की सजा काट रहे सजायाफ्ता कैदी की शुक्रवार को स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय में मौत हो गई। चाचा की गला काटकर हत्या करने वाले तीन लोगों की हत्या में 8 अन्य लोगों के साथ आजीवन कारावास की सजा पाए मृत कैदी के छह अन्य साथियों की पहली ही मौत हो चुकी है। जबकि दो अन्य लोग नैनी सेंट्रल जेल और जालौन जेल में आजीवन कारावास की सजा काट रहे हैं।

यूपी के बांदा जनपद अंतर्गत अतर्रा थाना क्षेत्र के महुठा गांव में 9 मार्च 1981 को देवीदयाल, रामजस और चुन्ना जिसमें गांव के ही 9 लोग बंशीधर (75), रघुवर दयाल, राजभर, श्रीधर, गंगाधर, भानु प्रताप, गंगा प्रसाद, भोला, रामेश्वर के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज हुआ था। जिसमें 14 दिसंबर 1984 को सभी को आजीवन कारावास की सजा हुई थी। गांव वालों ने बताया कि बंशीधर के चाचा की गला काटकर हत्या कर दी गई थी। लाश के साथ अमानवीयता की गई थी। उसी का बदला लेने के लिए बंसीधर, उसके पिता और भाइयों ने 3 लोगों को मार डाला था।

27 अक्टूबर 2003 को बंशीधर समेत सात लोग नैनी सेंट्रल जेल भेजे गए थे। एक-एक करके अब तक 6 लोगों की मौत हो चुकी थी। शुक्रवार को बंशीधर की अचानक तबीयत बिगड़ी। जेल प्रशासन उसे स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय ले गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसकी पत्नी सुनीता देवी है। उसके दो बेटे और दो बेटियां हैं। नैनी कोतवाली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया है।



### सपा नेता जगदीश यादव को पितृ शोक

**प्रयागराज।** प्रतापपुर क्षेत्र की विधायक श्रीमती विजमा यादव के निजी सचिव एवं वरिष्ठ सपा नेता जगदीश यादव के पिता श्री भोला नाथ यादव (90)का आज देहांत हो गया। उनका अंतिम संस्कार आज छतनाग घाट पर किया गया। अंत्येष्टि के अवसर पर सपा जिलाध्यक्ष गंगापार अनिल यादव, विधायक श्रीमती विजमा यादव, जोखूलाल यादव, श्याम लाल पाल, दान बहादुर मधुर, बेला सिंह, भोला यादव, छोटे प्रधान, आशुतोष तिवारी, डब्बू यादव, योगेश पाल,जीत लाल यादव, सुभाष प्रधान, आदि सहित सैकड़ों की संख्या मे राजनैतिक एवं सामाजिक लोग मौजूद रहे।

# 2024 में 18वीं लोकसभा ऑनलाइन मतदान होना चाहिए : डॉ रश्मि

**मांग**

### मातृशक्ति की मांग डिजिटल इंडिया में डिजिटल मतदान



कार्यक्रम में उपस्थित महिलाएं

**प्रयागराज।** सामाजिक सेवा एवं शोध संस्थान ने 18वीं लोकसभा चुनाव के तहत मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया। संस्था की अध्यक्षा डॉ रश्मि शुक्ला ने कहा कि हर व्यक्ति को मतदान अवश्य करना चाहिए। भारतीय नागरिक का कर्तव्य है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी, चुनाव आयोग के सभी अधिकारी एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी से हम सभी मातृशक्ति का यह सविनय निवेदन है कि डिजिटल इंडिया में डिजिटल मतदान होना चाहिए। मतदाता ऑनलाइन मतदान कर सकें। इससे बहुत सारी समस्याओं का समाधान हो जाएगा जैसे कि मतदान सूची में नाम ना होना कहीं हम बाहर हैं या हम बिमार हैं आदि अनेकों समस्याओं का समाधान ऑनलाइन मतदान से हो जाएगा। हम जहाँ पर रहें वहीं पर ऑनलाइन मतदान कर दें। बहुत सारे सरकारी खर्चों की भी बचत होगी जैसे कि बूथ बनाना । आने-जाने का खर्च ।बूथ पर जो तनाव होता है वह भी समाप्त हो जाएगा ।किसी को छुट्टी भी लेने की जरूरत नहीं होगी। कभी-कभी हम बाहर रहते हैं मतदान देने से वंचित हो जाते हैं। सरकारी छुट्टी होने से बहुत सारे नुकसान हो जाते हैं। स्कूल बंद होने से शिक्षा में व्यवधान होता है। बैंक इत्यादि कई आवश्यक सुविधाएं बंद हो जाती है कई प्रकार से जनमानस को तकलीफ होती है।इससे कई प्रकार का नुकसान होता है।हम इन सभी समस्याओं का निवारण ऑनलाइन मतदान करके कर सकते हैं ।हमें विश्वास है कि सभी नारी शक्ति के इस विचार पर आप सभी लोग विचार करेंगे और उचित समय पर निर्णय ले लेंगे अगला चुनाव 2024 में होने वाला है हम सभी ऑनलाइन मतदान दें सकेंगे ।आजकल सभी काम ऑनलाइन हो रहा है तो मतदान भी होना चाहिए। जिस प्रकार भारत के हर एक नागरिक का आधार कार्ड बना है उसी तरह भारत देश के प्रत्येक नागरिक का मतदान कार्ड भी होना चाहिए।मतदान कार्ड के द्वारा कहीं भी रहे ऑनलाइन माध्यम से मतदान दे सकें। वर्तमान में जो मतदाता का प्रतिशत कम हो रहा है यह समस्या भी समाप्त हो जाएगी। प्रजातंत्र में मतदाता की भूमिका बहुत ही महत्वपूर्ण है। नीलिमा जी ने कहा कि वर्तमान की चुनाव प्रक्रिया मतदाता के लिए बहुत ही जटिल है ऑनलाइन के माध्यम से यह बहुत सरल हो जाएगी। सबीना खातून ने बताया कि पिछले चुनाव में क्या-क्या समस्या आई थी।सब ने मतदान के दिन हुए अपने अनुभव साझा किए। वर्तमान में जो व्यवस्था है उसमें बहुत सारी परेशानियां आ जाती है जिसका मतदाता को सामना करना पड़ता है शोभा जी ने कहा सभी महिलाओं को मतदान देना चाहिए । सारी समस्याओं का समाधान ऑनलाइन मतदान की व्यवस्था हो जाएगा । यह व्यवस्था अति शीघ्र लागू होगी ऐसा हम सभी को विश्वास है ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विजया लक्ष्मी सिन्हा ने कहा कि हमारे सभी चुनाव अधिकारी एवं आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अवश्य हम लोगों के विचार से सहमत होंगे। वर्तमान सरकार के लिए कुछ भी असंभव नहीं है । मतदाता को वर्तमान मे कई समस्याएं होती हैं, उसका निवारण ऑनलाइन मतदान करने से दूर हो सकता है। इस कार्यक्रम में अनेक सम्मानित महिलाएं सम्मिलित हुई जिसमें उर्वशी, अनूपमा, सोनम, गिरजा, नीलू ,विनीता, श्रुति ,छाया, किरण, अलीशा, सुमन ,डॉली, शकीला, अन्नपूर्णा ,विद्या ,मोंटू ,इंदिरा, सिंपल, नीतू ,शालू, ज्योति ,आदि अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहें अंत में सब ने रंगारंग कार्यक्रम किया और जलपान ग्रहण किया कार्यक्रम की विशेषता थी कि इसमें सभी समुदाय की महिलाएं एकत्रित रही। सभी को सम्मानित किया गया।

### मुख्यमंत्री अभ्युदय योजनान्तर्गत इच्छुक व्याख्याता अपना विवरण 12 तक करें जमा

**प्रयागराज।** मुख्यमंत्री अभ्युदय योजनान्तर्गत प्रशासनिक सेवाओं यथा-यू0पी0एस0सी0 प्रारम्भिक परीक्षा के इतिहास, भूगोल, अर्थशास्त्र, भारतीय राजव्यवस्था, पर्यावरण एवं आपदा प्रबंधन, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, सी0सैट, करेन्ट अफेयर्स तथा जे0ई0ई0/नीट के गणित, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान व जीव विज्ञान के व्याख्याताओं की आवश्यकता है, जिनका चयन विषय विशेषज्ञ चयन समिति द्वारा किया जाना है। अतः मुख्यमंत्री अभ्युदय योजनान्तर्गत जिला समाज कल्याण अधिकारी/सदस्य सचिव मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना-प्रयागराज कार्यालय में दिनांक 03 जून से 12 जून तक किसी भी कार्यदिवस में पूर्वान्ह 10.00 से अपरान्ह 04.00 बजे तक इच्छुक व्याख्याता अपने से सम्बन्धित विवरण संलग्नकों के साथ कार्यालय में जमा कर सकते हैं। यह जानकारी श्री त्रिनेत्र कुमार सिंह, सदस्य सचिव/जिला समाज कल्याण अधिकारी ने दी है।

# गाय को बचाने के चक्कर में ट्रैक्टर पलटा, चालक की मौत



हादसे के बाद अस्पताल के बाहर परिजनों की लगी भीड़

**प्रयागराज।** दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुए हादसों में दो लोगों की मौत हो गई। दोनों की लाश को पुलिस ने पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया। इनमें से एक व्यक्ति नया ट्रैक्टर लेकर गांव की तरफ जा रहा था। गाय को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर पलट गया, जिसमें ट्रैक्टर चालक की जान चली गई।

गंगानगर के होलागढ़ थाना अंतर्गत सराय चंद्रभानपुर गांव निवासी निहाल सिंह पुत्र जंग बहादुर सिंह ने बृहस्पतिवार को नया ट्रैक्टर खरीदा था। शुक्रवार को गांव का ही रहने वाला सूरज सिंह (42) पुत्र राम प्रताप सिंह उसका ट्रैक्टर लेकर गांव की तरफ जा रहा था। गांव के बाहर सामने अचानक से गाय आ गई। जिसको बचाने के चक्कर में ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसमें दबकर सूरज सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। वह पांच भाई और पांच बहनों में छोटा था। उसकी शादी नहीं हुई थी। प्राइवेट वाहन चलाकर आजीविका चलाता था। उसके साथ उसकी मां जमुना सिंह रहती थी।

## मिक्चर मशीन मिस्त्री के सिर पर गिरा लोहे का रॉड, मौत

**प्रयागराज।** कोरांव थाना क्षेत्र के भगवानपुर गांव निवासी श्यामधर पाल (40) पुत्र देवदत्त पर मिक्सचर मशीन का मिस्त्री था। क्षेत्र के महुली पियरी गांव में लिंटर डालने के ली गई लिफ्ट मशीन की फिटिंग करते समय ऊपर से लोहे का रॉड उसके सिर पर गिर गया। जिससे उसका सिर फट गया। वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। उसके दो बेटे हैं। पत्नी की बीमारी की वजह से पहले ही मौत हो चुकी है।



बाढ़ पम्पिंग स्टेशनों का निरीक्षण करते नगर आयुक्त नगर निगम

# वर्षा ऋतु के दृष्टिगत नगर आयुक्त ने किया बाढ़ पम्पिग स्टेशनों का निरीक्षण

**प्रयागराज।** शुक्रवार को नगर आयुक्त नगर निगम चन्द्र मोहन गर्ग द्वारा बक्शी बांध एवं मोरी गेट बाढ़ पम्पिंग स्टेशनों का निरीक्षण किया गया ।इस दौरान विद्युत विभाग को बांढ पम्पिंग स्टेशन का फीडर अलग करने, मोरी गेट पर नगर निगम को नाला सफाई हेतु निर्देशित किया गया है तथा जलकल विभाग के महाप्रबन्धक को बाढ़ पम्पिंग स्टेशनों के संचालन सुचारू रूप से किये जाने हेतु निर्देशित किया जिससे बाढ़ के समय किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

# बैंकों में विभिन्न योजनाओं से सम्बंधित लम्बित आवेदन पत्रों को निर्धारित समय सीमा में करें निस्तारित : जिलाधिकारी

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री की अध्यक्षता में शुक्रवार को संगम सभागार में जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में सर्वप्रथम लीड बैंक मैनेजर बैंक आफ बड़ौदा श्री अनिल कुमार सिंह ने एजेण्डा का विवरण बिन्दुवार करते हुये जिले की प्रगति से कमेटी के सभी सदस्यों को अवगत कराया। जनपद प्रयागराज का सी डी रेशियों मार्च 2023 में 35-73% रहा है जो की 40% से कम है इस संबंध में आर बी आई के दिशा निदेर्शानुसार गठित विशेष सब कमेटी की प्रतिमाह बैठक कराने का निर्देश दिया। वित्तीय वर्ष मार्च 2023 में वार्षिक ऋण योजना के तहत आवंटित लक्ष्य रू 5027 करोड़ के सापेक्ष रू 7047 करोड़ की उपलब्धि रही। जनपद में मुद्रा ऋण के अंतर्गत कुल 220951 व्यक्तियों को कुल 1421 करोड़ का ऋण वितरित किया गया। गत वित्तीय वर्ष में कृषि ऋण रू0 2720 करोड़ वितरित किया गया।

जिलाधिकारी ने संचालित योजनाओं की समीक्षा करते हुए खराब प्रगति पाये जाने वाले बैंक इण्डियन ओवरसीज बैंक, कोटक महिन्द्रा, केनरा बैंक के शाखा प्रबन्धकों से स्पष्टीकरण तलब किया है तथा सेंट्रल बैंक ऑफ इण्डिया के हेड को पत्र लिखने के निर्देश दिए है। जिलाधिकारी ने बैंकों में विभिन्न योजनाओं से सम्बंधित लम्बित आवेदन पत्रों को निर्धारित समयसीमा में निस्तारित करते हुए पात्र लोगो को लाभान्वित कराना सुनिश्चित करें। पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्वरोजगार योजना से सम्बंधित बैंको में लम्बित आवेदन पत्रों की प्रगति ठीक न पाये जाने पर सभी बैंको को लम्बित आवेदन पत्रों को शीघ्रता के साथ निस्तारित कराये जाने का निर्देश दिया है। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने सभी बैंको को एक सप्ताह के अंदर लक्ष्य को प्राप्त किए जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने पीएम स्वनिधि योजना में लापरवाही बरतने पर स्टेट बैंक आफ इण्डिया के हनुमानगंज शाखा प्रबंधक पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्हें हटायें जाने के निर्देश दिए है।

जिलाधिकारी ने सी डी रेशियो की चर्चा करते हुए स्टेट बैंक एवं पीएनबी को ३०% का लक्ष्य दिया एवं प्रगति से उन्हें सूचित करने का निर्देश दिया। इंडियन ओवरसीज बैंक का सबसे कम सीडी रेशियों १५-५६% होने के कारण एकस्प्लेनेशन काल करने का निर्देश दिया। 40% से कम सीडी रेशियों वाले बैंकों की प्रतिमाह बैठक करने हेतु गठित सब कमेटी की प्रतिमाह बैठक करने का निर्देश दिया। वार्षिक ऋण योजना पर चर्चा करते हुए जनपद का १४०% लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति होने पर मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा संतोष व्यक्त किया गया एवं कम प्रगति वाले बैंक केनरा बैंक, सेंट्रल बैंक एवं पंजाब नेशनल बैंक को लक्ष्य की प्राप्ति हेतु स्ट्रेटजी से अवगत कराने का निर्देश दिया।जिलाधिकारी ने सरकार द्वारा चलायी जा रही सभी योजनाओ की समीक्षा करते हुये कहा कि सभी बैंक अपने बचे हुये सभी लक्ष्यों को समय रहते पूरा करें, जिसे जनपद की छवि से समाज में एक सकारात्मक संदेश दिया जा सके।

जिला अग्रणी प्रबंधक ने सभी बैंक कर्मियों एवं लाईन डिपार्टमेंट के अधिकारियो का उत्साहवर्धन करते हुये कहा कि हम सभी का दायित्व है कि जनपद प्रयागराज की ख्याति ऊँचा करें ताकि बैकिंग उत्पाद को आम जनमानस तक पहुचाया जा सके। पीएम स्वानिधि में ऑनलाइन ट्रांजेक्शन बढ़ाने के निर्देश के साथ ही कम ऑनलाइन ट्रांजैक्शन बैंक वाले बैंकों को नई रणनीति के साथ कार्य करने के भी निर्देश दिए। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना, ओडिओपी एवं खादी ग्रामोद्योग की विभिन्न योजनाओं पर शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने पर जिलाधिकारी ने बधाई दी। इस अवसर पर सीडीओ गौरव कुमार, डीडीएम नाबार्ड अनिल शर्मा, सहायक महाप्रबंधक भारतीय रिजर्व बैंक अनिल कुमार मिश्रा विभागीय अधिकारी एवं बैंको के जिला समन्वयक उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### बाइक की टक्कर से भट्ठा मजदूर का बेटा घायल

**कौशाम्बी।** सरायअकिल कोतवाली के कोईली का पुरवा निवासी दयालू परिवार के साथ मंझनपुर के जुबारा ईट भट्ठे में मजदूरी करता है। उसका बेटा भट्ठे के समीप सड़क किनारे खेल रहा था। इसी दौरान पड़ोसी दीपक बाइक लेकर तेजी से निकला और टक्कर मार दिया। दुर्घटना में उसका बेटा देवानंद गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया कि बेटे को अस्पताल में भर्ती कराया है। आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

### चोरी करते दो युवक सीसीटीवी कैमरे में कैद

**कौशाम्बी।** कोतवाली के ओसा निवासी अजय कुमार केशरवानी ने बताया कि बाइक सवार दो युवक उसकी दुकान के सामने पहुंचे पहले बाइक चोरी का प्रयास किया इसके बाद कमरे में सो रहे बेटे की पैंट से 18 हजार रुपये पार कर दिया। उचक्के सीसीटीवी कैमरे में कैद हैं। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित की पहचान करते हुए दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक आरोपित नवी व अकरम निवासी मंझनपुर हैं। आरोप है कि इन्हीं ने कुछ दिन पहले पीड़ित की पिकअप भी चोरी किया है।

# तालाब का ढूहा ढहने से एक महिला की मौत, चार गंभीर

**हादसा**

**कोखराज के काकराबाद गांव में हुआ हादसा, परिवार में कोहराम**



घटनास्थल पर मौजूद लोगों की भीड़

**कौशाम्बी।** कोखराज कोतवाली अंतर्गत काकराबाद गांव स्थित एक तालाब में मिट्टी की खुदाई करते समय ढूहा ढह गया। इस दौरान एक महिला की मौके पर मौत हो गई, जबकि चार अन्य महिलाएं गंभीर रूप से घायल बताई जा रही हैं। वहीं ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को किसी तरह बाहर निकालकर इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया जहां हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने सभी घायल महिलाओं को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेज दिया था।

घटना का जिक्र करें तो काकराबाद गांव निवासिनी नत्थी देवी पत्नी सुरेश गौतम गांव की कुछ महिलाओं के साथ तालाब में मिट्टी खोदने गई थी। कहा जा रहा है कि इस दौरान तालाब का कगार ढह गया, जिसके नीचे मौजूद रही महिलाएं दब गई। नत्थी देवी की मौके पर मौत हो गई, जबकि साथ रहीं अन्य चार महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद तालाब के अगल बगल रहे लोग चीख पुकार शुरू कर दिया। देखते ही देखते लोगों की भीड़ जमा हो गई। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने जेसीबी बुलाकर किसी तरह मलबे को हटवाकर महिलाओं को बाहर निकाला। हालांकि इस दौरान नत्थी देवी की मौत हो चुकी थी, जबकि अन्य महिलाएं घायल थी। सभी को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं पुलिस ने मृतका के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## पर्यावरण दिवस पर सौ मीटर दौड़ का हुआ आयोजन

**कौशाम्बी।** पर्यावरण दिवस के मौके पर नगर पंचायत पूरब पश्चिम शरीरा परिसर में बालक-बालिका वर्ग की सौ मीटर दौड़ का आयोजन कराया गया। इसके बाद नगर अध्यक्ष प्रतिनिधि की उपस्थिति में कार्यालय परिसर में पौधरोपण कराया गया। पांच जून को पर्यावरण दिवस मनाया जाता है। इसी के उपलक्ष्य में नगर पंचायत पूरब पश्चिम शरीरा अध्यक्ष प्रतिनिधि दिलीप सरोज की अगुवाई में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। सबसे पहले बालक-बालिका वर्ग की 100 मीटर दौड़ कराई गई। इस दौरान प्रथम-द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इसके बाद नगर अध्यक्ष प्रतिनिधि की मौजूदगी में कार्यालय परिसर में पौधरोपण कराया गया। इस दौरान नोडल खेल शिक्षक सरसवां आलोक सोनी के अलावा कस्बे के संजीव तिवारी, दिलीप कुमार, मो. सोनू कुरैसी, आकाश कौशल, शिवम् केसरवानी, विकास सिंह आदि मौजूद रहे।

# भीषण गर्मी, सूखे तालाब, पशु पक्षियों का बुराहाल

**संकट**

**गांव गिरांव में जो बचे हैं तालाब, उनमें भी पानी की जगह उड़ रही धूल**

**जंगली जानवरों को पेयजल का संकट, जिम्मेदारों की नहीं पहुंच रही निगाह**



लबालब पानी की जगह सूखे तालाब में उड़ रही धूल

**कौशाम्बी।** भीषण गर्मी के इस मौसम में इसांनों के साथ-साथ पशु पक्षियों में भी पानी की खुराक बढ़ जाती है। पालतु पशुओं की तो व्यवस्था कहीं न कहीं से पालक द्वारा किया जाता है, लेकिन घुमंतू पशुओं के अलावा पक्षियों के लिए तो मात्र गांवों में स्थित तालाब ही सहारा होते हैं पर कुछ तालाबों में भले ही पानी हो अन्यथा ज्यादातर तालाबों में पानी की जगह धूल ही उड़ती दिख रही है। ऐसे में इस भीषण गर्मी में घुमंतू पशु व बेजुबान पक्षियों के लिए पेयजल का घोर सकंट है। वह बात अलग है कि इस ओर जिम्मेदारों का ध्यान नहीं जा रहा है।

वैसे यहां पर यदि जिक्र करें तो गांवों में कभी पानी से लबालब भरे रहने वाले ज्यादातर तालाब कब्जा युक्त हो गए हैं। जो कुछ बचे हैं, उनमें भी माफियाओं की नजर तिरक्षी है। गांवों के हालात ऐसे हैं कि यदि तालाब कहीं दिख भी गए तो उसमें पानी की जगह धूल ही उड़ती नजर आएगी। यदि किसी तालाब में कुछ पानी दिखाई भी दिया तो ऐसे ज्यादातर तालाबों में घरों का गंदा पानी ही नजर आएगा। मतलब साफ है कि जो कुछ तालाब बचे हैं उनमें पशु पक्षियों के लिए पानी की कोई बेहतर व्यवस्था जिम्मेदारों द्वारा नहीं कराई जा रही है। खैर यह तो रही गांवों की बात लेकिन यदि जंगलों की बात करें तो वहां पर यदि बेजुबानों के लिए पेयजल की व्यवस्था की बात की जाए तो बेमानी होगी, लेकिन यहां एक बात जरूर लोगों को याद आ जाती है, कभी जिले में डीएफओ के पद तैनात रहे गणेश भट्ट ने जंगलों में इन बेजुबानों के लिए पेयजल की व्यवस्था कराई थी। ऐसे जंगलों में जहां दूर-दूर तक पानी की व्यवस्था नहीं थी वहां पर पानी भरी हउदी रखवाई गई थी, इतना ही नहीं विभागीय कर्मचारियों द्वारा उन हउदियों में बराबर पानी की देख रेख किया जाता है। खैर वह तो गुजरे जमाने की बात है, लेकिन वर्तमान के हालातों पर यदि निगाह डाली जाए तो गांव गिरांव में मौजूद तालाबों में पानी की जगह धूल उड़ रही है। बहरहाल कुछ भी हो लोगों ने इस ओर जिलाधिकारी सुजीत कुमार का ध्यान आकृष्ट कराते हुए भीषण गर्मी के इस मौसम में बेजुबानों को पेयजल की समस्या न हो इसके लिए तालाबों में पानी भरवाए जाने की मांग किया है।

## सड़क हादसे में सहकारी समिति के अध्यक्ष की मौत

**कौशाम्बी।** नगर कोतवाली अंतर्गत कोटिया का पुरवा के समीप बेकाबू पिकअप ने सहकारी समिति अध्यक्ष को टक्कर मार दी थी। हादसे में गंभीर रूप से जख्मी अध्यक्ष की इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई है। हादसे के बाद से पीड़ित परिवार में कोहराम मचा है। भद्दुरपुर निवासी वशिष्ठ मुनि उर्फ छोटू शुक्ला (35) टेनशाह आलमाबाद सहकारी समिति के अध्यक्ष थे। गुरुवार दोपहर वह राजापुर से हनुमान जी का दर्शन करके कोटिया का पुरवा मजरा भरसवां के पास सड़क किनारे बोलेरो से उतरकर होटल की तरफ जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से आई तेज रफ्तार पिकअप ने उन्हें टक्कर मार दिया। सिर में गंभीर चोट लगने से घायल छोटू को आसपास रहे लोगों ने दौड़कर उठाया और मंझनपुर स्थित निजी अस्पताल ले गए। हालत गंभीर देख डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें प्रयागराज रेफर कर दिया। प्रयागराज के निजी अस्पताल में इलाज के दौरान देर रात छोटू की मौत हो गई। छोटू शुक्ला अपने पीछे पत्नी रेनू, बेटी श्रेया शुक्ला (5) व सृष्टि शुक्ला (3) को छोड़ गए। हादसे के बाद से पीड़ित परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।

# पैर फिसलने से तालाब में डूबा युवक, मौत



रोते विलखते मृतक के परिजन

**चरवा, कौशाम्बी।** चरवा कोतवाली इलाके के रतगहा गांव में गुरुवार देर रात एक युवक तालाब में डूब गया। युवक मवेशी के शव को तालाब किनारे दफन करने के लिए गड्ढा खोदने के लिए गया था। दो घंटे बाद युवक का शव तालाब से निकाला गया।

रतगहा निवासी संजय यादव (28) पुत्र बाबू लाल यादव पशुपालक था। गुरुवार की शाम उसके पशुबाड़े में एक मवेशी की मौत हो गई थी। संजय मवेशी के शव को दफन के लिए गांव के बाहर स्थित तालाब किनारे गड्ढा खोदने के लिए गया था। रात करीब आठ बजे वह तालाब किनारे बाइक खड़ी कर गड्ढा खोद रहा था। तभी अचानक पैर फिसलने के कारण वह गहरे पानी में समा गया। काफी देर तक संजय घर नहीं लौटा तो परिवार के लोग उसे खोजते हुए तालाब किनारे पहुंचे। संजय की बाइक खड़ी मिली लेकिन, संजय नहीं मिला। परिवार के लोग अनहोनी की आशंका जताते हुए पुलिस को सूचना दिया। मौके पर पहुंची चरवा पुलिस ने फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों की मदद से खोजबीन शुरू किया। दो घंटे की मशक्कत के बाद संजय का शव तालाब से निकाला गया। पुलिस ने जांच पड़ताल करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## साइबर शातिर ने खाते से उड़ाया 15 हजार रुपया

**कौशाम्बी।** करारी कोतवाली के बैंशकांटी गांव के एक युवक के खाते से साइबर शातिर ने दो बार में 15 हजार रुपये पार कर दिया। मोबाइल पर मैसेज देख युवक के होश उड़ गए। पीड़ित ने बैंक को सूचना देते हुए आनलाइन लेनदेन बंद कराया। शिकायत लेकर थाने पहुंचा। आरोप है कि पुलिस ने उसकी एक नहीं सुनी। शुक्रवार को पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस अधीक्षक से करते हुए न्याय की गुहार लगाई है।

बैशकांटी निवासी बब्लू पुत्र सुखराम किसान हैं। बताया कि बैंक में खाता खोलवा कर जो भी बचा पाते हैं जमा कर देते हैं। सप्ताह भर पहले मोबाइल पर एक कॉल आई और कुछ जानकारी मांगी। इसके बाद ही खाते से 10 हजार रुपये निकलने का मैसेज आया। इसके बाद तीन हजार और फिर दो हजार निकलने का मैसेज आ गया। कुछ ही देर में 15 हजार रुपये खाते से निकलने का मैसेज आते ही युवक के होश उड़ गए। आनन-फानन दूसरे दिन वह थाने पहुंचा और मामले की शिकायत पुलिस से किया। आरोप है कि शिकायत के बाद भी पुलिस ने उसकी एक नहीं सुनी। इलाकाई पुलिस से न्याय नहीं मिलता देख शुक्रवार को पीड़ित ने मंझनपुर पहुंच पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देते हुए न्याय की गुहार लगाई। एसपी ने पीड़ित को जांच और कार्रवाई का भरोसा दिलाया है।

# चलती ट्रक में लगी आग, चालक, क्लीनर कूद कर बचाई जान

**दारानगर, कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली अंतर्गत कनवार के समीप शुक्रवार को कानपुर से प्रयागराज की ओर जा रही एक चलती ट्रक में आग लग गई। घटना देख ट्रक चला रहे चालक व क्लीनर ने बेड़े ही होशियारी से कूद कर जान बचा ली।

बता दें कि कौशाम्बी व फतेहपुर के बार्डर कनवार के समीप कानपुर की ओर से प्रयागराज जा रही एक ट्रक में आचानक आग लग गई। आग की घटना कैसे हुई यह तो नहीं स्पष्ट हो सका, लेकिन वाहन में आग की लपट देख चालक व क्लीनर दोनों कूद कर अपनी जान बचा ली। वहीं ट्रक धू-धू कर जल गई। सूचना पर पहुंचे फायर बिग्रेड कर्मचारियों ने किसी तरह आग पर काबू पाया।



आग से धू-धू कर जलती ट्रक

## बेटी के घर हरदोई के लिए निकला अधेड़ लापता

**कौशाम्बी।** कोतवाली कौशाम्बी के गढ़वा गांव का अधेड़ दो दिन पहले बेटी के घर हरदोई जाने के लिए निकला था। इसके बाद वह न घर लौट और न ही बेटी के यहां पहुंचा। बेटे ने अनहोनी की आशंका जताते हुए पड़ोसियों पर जान से मारने का शक जाहिर किया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपितों पर केस दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। गढ़वा निवासी विष्णु पुत्र जयलाल ने बताया कि तीन दिन पहले उसके पिता बेटी के घर हरदोई जाने के लिए निकले थे। इसके बाद वह न तो बेटी के घर पहुंचे और न ही वापस गांव आए। पिता के लापता होने के बाद से परिजन हलाकान है। आरोप है कि गांव के ही तीरथ आदि से उसके परिवार की पुरानी रंजिश चल रही है। तीन दिन से वह भी घर छोड़कर लापता है। आशंका है कि उसके पिता के साथ आरोपितों ने कोई घटना कारित कर दिया है। थाने पहुंच पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से किया। पीड़ित बेटे की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित तीरथ निषाद, कमलेश, अंगद व लवलेश के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

## पट्टीदारों ने मां-बेटी को पीट किया लहूलुहान

**कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली के चतुरीपुर सयांरा गांव में पट्टीदारों ने पड़ोसी महिला व उसकी बेटी को घर में घुसकर बेरहमी से पीट दिया। गुरुवार को पीड़ित मां-बेटी सैनी कोतवाली पहुंचीं और आरोपितों बद्री प्रसाद, रामरती, कल्लू समेत चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। चतुरीपुर सयांरा की गीता देवी पत्नी शिव दर्शन ने बताया कि पड़ोसी पट्टीदार से उसका पुराना विवाद चल रहा है। मामूली बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हो गई। इसके बाद आरोपित दंपती ने परिजनों के साथ मिल घर पर धावा बोल दिया। घर के बाहर बैठी गीता देवी को दबोचते हुए पीटना शुरू कर दिया। मां को पिटता देख बेटी बीच-बचाव करने पहुंची तो हमलावरों ने उसे भी पीट दिया। मां-बेटी को पिटता देख घर-परिवार के साथ मोहल्ले के अन्य लोग भागकर मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों के बीच-बचाव करने पर आरोपित कहीं भी शिकायत पर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों का प्राथमिक उपचार कराने के बाद आरोपित बद्री प्रसाद, रामरती, कल्लू समेत चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

## पर्स चोरी का आरोप लगाकर सगे भाइयों को पीटा

**कौशाम्बी।** कोखराज कोतवाली के गिरधरपुर गांव में बिजली का काम करने गए दो भाइयों पर पर्स चोरी का आरोप लगाकर दबंगों ने जमकर पीटा। मोहल्ले के लोग बीच बचाव किए तो दोनों की जान बची। पुलिस ने दोनों घायलों का प्राथमिक उपचार कराया। आरोपितों के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। गिरधरपुर निवासी अंकित कुमार पुत्र श्रीपत ने बताया कि वह बिजली का काम करता है। वह गांव के ही मेवालाल के घर पर जनरेटर लगाने गया था। लाइट लगाते समय मेवालाल व उसके लड़कों ने पर्स चोरी का आरोप लगाते हुए पीटना शुरू कर दिया। साथ रहा भाई बीच-बचाव करने पहुंचा तो आरोपितों ने उसे भी पीटा। गांव के अन्य लोगों ने बीच-बचाव किया तो हम लोगों की जान बची। थाने पहुंच पीड़ित ने मामले की नामजद शिकायत पुलिस से की। घायलों का प्राथमिक उपचार कराने के बाद पुलिस ने आरोपित मेवालाल, गुड्डू, अज्जू समेत चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

# मां की पुण्यतिथि पर निर्वतमान विधायक ने मरीजों को बांटे फल व मिठाइयां



जिला अस्पताल में मरीजों को फल व मिठाई देते निवर्तमान चायल विधायक संजय गुप्ता

**कौशाम्बी।** निवर्तमान विधायक चायल संजय कुमार गुप्ता शुक्रवार को अपनी माता गायत्री देवी की 16 वीं पुण्यतिथि पर जिला अस्पताल मंझनपुर के परिसर में पहुंचकर मरीजों का हालचाल लिया एवं फल मिठाइयां वितरित किया। मां की स्मृति में दोनों भाई निवर्तमान विधायक चायल संजय कुमार गुप्ता व सुभाष चंद्र गुप्ता अपनी मां को याद करके बहुत भावुक दिखे इसके पूर्व अपनी निज निवास में श्राद्ध कार्यक्रम का आयोजन करके समस्त परिवार ने मां गायत्री का प्रसाद ग्रहण किया साथ ही साथ मां गायत्री मेमोरियल कौशांबी प्रेसीडेंसी स्कूल एंड कॉलेज के प्रांगण में मां गायत्री के चित्र पर माल्यार्पण करके संस्थान के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने उन्हें याद किया संस्थान के चेयरमैन संजय कुमार गुप्ता ने अपनी मां को याद करते हुए कहा कि मेरी मां देवी स्वरूपा थी और उन्हीं के आशीर्वाद से हमारा संस्थान उत्तरोत्तर वृद्धि की ओर अग्रसर है। इस मुख्य आयोजन पर संस्थान के डिप्टी डायरेक्टर डॉक्टर मयंक मिश्रा केपीएस प्रधानाचार्य सुशील त्रिपाठी, गजेंद्र, अमित, दीपक खरवार, राजेंद्र विश्वकमा, विवके, मनोज, सभासद शंकरलाल केसरवानी, सभासद सूरज यादव, बच्चा लाल, पिंटू कुशवाहा, पवन, सुबोध दिवाकर आदि लोग उपस्थित रहे।

## 18 लीटर शराब के साथ पकड़ा गया युवक

**कौशाम्बी।** कड़ाधाम कोतवाली पुलिस ने गुरुवार की रात अलीपुरजीता गांव में छापेमारी करते हुए गांव के ही राजाराम को 18 लीटर महुआ की शराब के साथ पकड़ लिया। पुलिस ने बताया कि कार्रवाई करते हुए आरोपित राजाराम न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## रोजगार प्रोत्साहन योजना को ऋण के लिए प्रस्ताव आमन्त्रित

**कौशाम्बी।** शासन द्वारा बाबा साहेब अम्बेडकर रोजगार प्रोत्साहन योजना संचालित की जा रहीं है। इस योजना का उद्देश्य समाज के कमजोर वर्गों का उत्थान करना है। इस योजना के तहत लाभार्थी की आयु न्यूनतम 18 वर्ष व अधिकतम आयु 65 वर्ष तथा लाभार्थी ग्रामीण क्षेत्र का स्थानीय निवासी होना चाहिए। यह जानकारी जिला विकास अधिकारी विजय कुमार ने देते हुए बताया है कि उद्यमशील व्यक्ति जो अपना स्वयं का व्यवसाय प्रारम्भ करना चाहते हैं वह 01 जून से 20 जून तक अपना आवेदन सम्बन्धित विकास खण्ड कार्यालय में ऑनलाईन रजिस्टर्ड डॉक अथवा व्यक्तिगत रूप से जमा कर सकतें हैं। इस योजना के तहत व्यवसाय के लिए दो लाख तथा सेवा उद्योग क्षेत्र के लिए अधिकतम पांच लाख तक ऋण दिये जाने का प्राविधान है।

# मोंगरी कड़ा में सीडीओ ने लगाई चौपाल

**कौशाम्बी।** विकास खण्ड सिराथू अंतर्गत ग्राम पंचायत मोंगरी कड़ा में शुक्रवार को सीडीओ डा. रवि किशोर त्रिवेदी ने ग्राम चौपाल लगाकर लोगों कीं समस्याओं को सुना एवं सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिये।

ग्राम चौपाल में जिला कृषि अधिकारी मनोज कुमार गौतम ने कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं-किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एवं सोलर पम्प अनुदान के विषय में जानकारी देते हुए योजनाओं के प्रति ग्रामवासियों को जागरूक किया। जिला समाज कल्याण अधिकारी दिलीप पटेल ने समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित-मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, परिवारिक लाभ योजना एवं पेंशन सहित अन्य योजनाओं के बारे में ग्रामवासियों को जानकारी दी। इसके साथ ही अन्य जिला स्तरीय अधिकारियों ने भी अपने-अपने विभागीय योजनाओं के बारे में ग्रामवासियों को जागरूक किया। इस अवसर पर मुख्य पशुचिकत्साधिकारी ए.के सागर, उप कृषि निदेशक जिला कृषि अधिकारी मनोज गौतम, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी अभिषेक उपाध्याय, खण्ड विकास अधिकारी, भावेश शुक्ल, सहायक विकास अधिकारी(पंचायत) दशरथ लाल, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी प्राशु मिश्रा सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे। इसके बाद तत्पश्चात मुख्य विकास अधिकारी ने उच्च प्राथमिक विद्यालय मोगरी कड़ा के निरीक्षण के दौरान विद्यालय में बने बालिका व बालक शौचालय की स्थिति ठीक पायी गई। उन्होंने विद्यालय परिसर में बने ग्राम सचिवालय का भी निरीक्षण किया। ग्राम सचिवालय में कार्यरत पंचायत सहायक द्वारा 02 जून को 10 लाभार्थियों का आयुष्मान योजना के तहत गोडेन कार्ड बनाया गया।




चैपाल के माध्यम से सीडीओ को समस्या से अवगत कराते लोग

## संक्षेप

### खुली बैठक में सुरेश पासी बने निर्विरोध कोटेदार

**प्रतापगढ़।** बिहार ब्लॉक के ग्राम पंचायत नौढिया प्राथमिक विद्यालय में कोटा चयन के लिए खुली बैठक ग्राम प्रधान उज्जवल शुक्ला की अगुवाई में हुई। जिसमें निर्विरोध कोटा के चयन की प्रक्रिया के तहत सुरेश कुमार पासी को ग्रामीणों ने निर्विरोध कोटेदार बनाया। विरोध में किसी अन्य का नाम न होने से चुनाव अधिकारी सी एम पाण्डेय ने सुरेश पासी के नाम पर मुहर लगा दी ग्रामीणों ने करतल ध्वनि से कोटेदार का स्वागत किया। इस अवसर पर ग्रामपंचायत अधिकारी अनुराग यादव, ग्राम पंचायत सदस्य आलोक शुक्ला, प्रभाकांत शुक्ला, बी डी सी गुड़ान देवी, राजेश सरोज, प्रदीप शुक्ला, प्रखर शुक्ला, अंशुल शुक्ला, रोहित, अवधेश पासी, सुरेश पासी, रामविशाल सरोज, लल्लू सरोज, दिरकी पासी, कमलेश पासी, बृजेश पासी, नंदलालशर्मा आदि ग्रामीण उपस्थित रहे।

### फिटनेस समाप्त होने पर बस मालिकों को एआरटीओ प्रशासन का नोटिस

**प्रतापगढ़।** जिले के भुपियामऊ के पास गुरुवार को रोडवेज की अनुबंधित बस पलटने के मामले में परिवहन विभाग सतर्क हो गया है। घटना का संज्ञान लेते हुए एआरटीओ प्रशासन विनय कुमार सिंह ने गुरुवार को 23 बसों का फिटनेस समाप्त पाए जाने पर वाहन स्वामियों को नोटिस जारी किया है। एआरटीओ कार्यालय में दर्जनों प्राइवेट बसें पंजीकृत हैं। इनमें से कई बसों का फिटनेस पूरा नहीं है। एआरटीओ प्रशासन ने बताया कि जिन वाहनों की फिटनेस वैधता समाप्त हो गई है उन वाहन स्वामियों को नोटिस भेजकर फिटनेस कराए जाने के लिए सचेत किया जा रहा है। अगर परिवहन विभाग में रोडवेज से संबंधित वाहन स्वामी जल्द फिटनेस पूरा नहीं करते तो उनकी वैधता समाप्त की जाएगी। विभाग की इस कार्रवाई से बस मालिकों मे हड़कंप मचा हुआ है।

# राजकीय जिला पुस्तकालय को और अधिक सुसज्जित किया जाये : जिलाधिकारी


बैठक की अध्यक्षता करते जिलाधिकारी

**बैठक**

**ई-लाइब्रेरी पर विचार तथा एक अतिरिक्त कक्ष के निर्माण का प्रस्ताव**

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल ने कहा कि राजकीय जिला पुस्तकालय को और अधिक सुसज्जित व सुव्यवस्थित किया जाये जिससे पाठकों का ध्यान आकर्षित हो और सदस्य संख्या में वृद्धि हो। उन्होने प्रतियोगी परीक्षाओं से सम्बन्धित पुस्तकों को पुस्तकालय में मंगाने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी आज विकास भवन में राजकीय जिला पुस्तकालय समिति की बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। जिलाधिकारी ने कहा कि पुस्तकालय में ई-लाइब्रेरी की स्थापना पर विचार अपेक्षित है। जिलाधिकारी ने कहा कि जो पुस्तकें जीर्ण-शीर्ण अवस्था में हो गयी है और उनका कोई उपयोग नही रह गया है उन्हें राइट आफ किया जाये। जिलाधिकारी ने पुस्तकालय में पुस्तकों के रख-रखाव व उन्हें संरक्षित करने की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित किया कि जिले के अन्य पुस्तकालयों में जो उपयोगी पुस्तकें न हो उसे राजकीय जिला पुस्तकालय में मंगाने की व्यवस्था की जाये जिससे पाठकोंध्सदस्यों का आकर्षण लाइब्रेरी के प्रति बनें। बैठक में पुस्तकालय में 03 अतिरिक्त एयर कन्डीशनर की व्यवस्था, नये शौचालय निर्माण की प्रगति, पुस्तकालय के हाल की फर्श पर टाइल्स लगाने, पुस्तकालय के प्रचार प्रसार आदि पर विचार किया गया। बैठक का संचालन करते हुये जिला विद्यालय निरीक्षक ओ0पी0 राय ने जिला पुस्तकालय के पीछे एक अतिरिक्त कक्ष के निर्माण का प्रस्ताव रखा जिसमें लाइब्रेरी में रखी गयी आलमारियों को उस कक्ष में रखा जाये और हाल पाठकों के लिये और अधिक सुविधाजनक हो सके, इस पर जिलाधिकारी ने अपनी सहमति दी। जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि राजकीय जिला पुस्तकालय में प्रतियोगिता दर्पण क्रानिकल, सम-सामायिक घटना चक्र, सामान्य ज्ञान, कुरूक्षेत्र, योजना, अमर उजाला सफलता, करेन्ट अफेयर्स, चम्पक, गृह शोभा, एस0एस0सी0 अंग्रेजी, एस0एस0सी0 ब्लैक बुक अंग्रेजी, एस0एस0सी0 रिजनिंग हिन्दी तथा दैनिक जागरण, हिन्दुस्तान, अमर उजाला, राष्ट्रीय सहारा, द हिन्दु (अंग्रेजी), द इण्डियन एक्सप्रेस (अंग्रेजी), रोजगार समाचार पाठकों हेतु उपलब्ध कराया जाता है। उन्होने बताया कि वर्तमान समय में राजकीय जिला पुस्तकालय में लगभग 280 स्थायी सदस्य है तथा प्रतिदिन लगभग 80 से 90 पाठक अध्ययन करने आते है। उन्होने बताया कि पाठकों हेतु प्रतियोगात्मकध्साहित्यिकध्इतिहास ध्विज्ञानध्कलाध्दर्शनध्तकनीकीध्धार्मिक एवं अन्य विषयों सम्बन्धित लगभग 16 हजार पुस्तकें उपलब्ध है। उन्होने लाइब्रेरी में 03 अतिरिक्त ए0सी0 लगाने का भी प्रस्ताव रखा जिस पर समिति ने अपनी सहमति दी। बैठक में कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि ने बताया कि पुस्तकालय में नये शौचालय का कार्य 15 जून तक पूर्ण हो जायेगा। बैठक में अपर जिला सूचना अधिकारी सविता यादव ने बताया कि जिला सूचना कार्यालय में सूचना निदेशालय लखनऊ से प्राप्त महत्वपूर्ण पुस्तकों का सेट उपलब्ध है, जिसे जिले के महाविद्यालयोंध्माध्यमिक विद्यालयों की लाइब्रेरियों में प्रेषित किया जाना है। इस सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। बैठक में राजकीय जिला पुस्तकालय समिति के सदस्य जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेन्द्र सिंह, राजकीय बालिका इण्टर कालेज बरदहा के प्राचार्य विन्ध्याचल सिंह, समन्वयक नेहरू युवा केन्द्र समर बहादुर सिंह, राजकीय जिला पुस्तकालय के पुस्तकालय अध्यक्ष नसरत अली, जी0आई0सी0 के पुस्तकालयाध्यक्ष विभव प्रकाश, एमडीपीजी कालेज के पुस्तकालयाध्यक्ष मनीष कुमार सिंह, पूर्व जिला सूचना अधिकारी आर0बी0 सिंह, जिला युवा कल्याण अधिकारी के0के0 सिंह, अध्यक्ष महिला मंगल दल प्रियंका यादव, अध्यक्ष जिला पंचायत के प्रतिनिधि व सम्बन्धित ने अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिये।

## सहकारिता आन्दोलन को जमीनी स्तर पर करें मबजूत : डीएम


डिस्ट्रिक्ट कोआपरेटिव डेवलपमेन्ट कमेटी के साथ बैठक करते डीएम

**प्रतापगढ़।** डीएम डा0 नितिन बंसल ने विकास भवन सभागार में सहकारिता आन्दोलन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए डिस्ट्रिक्ट कोआपरेटिव डेवलपमेन्ट कमेटी के साथ बैठक की। बैठक में डीएम ने कहा कि सहकारिता आन्दोलन को जमीनी स्तर पर उतारने के लिये व्यापक प्रयास किये जाए। इसके लिये विभागों में समन्वय बनाने, लोगों के मध्य जागरूकता लाने, ग्राम पंचायतों को सहकारिता से जोड़ने के लिये कार्ययोजना बनायी जाय। बैठक में बताया गया कि भारत सरकार की कृषि क्षेत्र से जुड़े परियोजनाओं को लाभार्थी के रूप में नामित सहकारी समितियों को लाभ प्राप्त हो सकता है। इसी प्रकार अन्य कई महत्वपूर्ण योजनाओं पर भी विचार विमर्श किया गया। बैठक में सीडीओ ईशा प्रिया, एडीएम त्रिभुवन विश्वकर्मा, डीडीओ ओम प्रकाश मिश्र, कृषि अधिकारी अश्वनी सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

# दुर्घटना में मृतक के घर सांत्वना देने पहुंचे पूर्व कैबिनेट मंत्री मोती सिंह


मृतक के परिजनों को ढांढस बंधाते पूर्व कैबिनेट मंत्री मोती सिंह

**पट्टी।** निजी कार्यक्रम से लौट रहे भाजपा कार्यकर्ता की कार बिजली के खम्भे और पेड़ से टकराते हुए खाई में पलट गई। भाजपा कार्यकर्ता की मौत हो गई और कार में सवार उसके बेटे सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मौत की खबर पहुंचते ही घर से पट्टी सीएचसी तक कोहराम मच गया। पट्टी नगर निवासी स्व.जहूर अहमद के छह बेटों में दूसरे नम्बर के असगर अंसारी (50) ने सपा छोड़कर कुछ महीने पहले भाजपा की सदस्यता ली थी। गुरुवार को वह दावत में शामिल होकर आमापुर से लौट रहे थे। अर्टिका कार में उनका बेटा जीशान (21) और रायपुर निवासी इरफान उर्फ पप्पू (25) भी सवार थे। रास्ते में पट्टी आ रही आसपुर देवसरा के भांटी निवासी सीमा पाल (21) मिली तो उसे भी कार में लिफ्ट दे दी। कार बारडीह गांव के पास पहुंची तो अचानक अनियंत्रित होकर सड़क पर दाहिनी ओर जाकर बिजली के खम्भे से टकरा गई। खम्भे को तोड़ते हुए कार अर्जुन के पेड़ से टकराकर सड़क किनारे खाई में पलट गई। आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण भागकर पहुंचे और कार की बॉडी तोड़कर सभी को बाहर निकाला। पट्टी सीएचसी ले जाने पर डॉक्टर ने असगर अंसारी को मृत घोषित कर दिया। जीशान व इरफान को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। सीमा पाल को पट्टी सीएचसी पर भर्ती कर इलाज शुरू किया गया। हादसे की खबर मिलते ही भाजपाइयों में शोक की लहर दौड़ गई। पूर्व कैबिनेट मंत्री मोती सिंह ने मृतक के घर पहुंचकर शोक संवेदना जताई। इस दौरान चेयरमैन अशोक जायसवाल, अध्यक्ष रामगंज, राकेश सिंह, राजेश दूबे, विपिन खंडेलवाल, राम चरित्र वर्मा,गौरव ,विनोद मिश्रा,संजीवन सोनी सभासद,बुदुल सिंह मुन्ना सिंह, रमेश सोनी, रजनीश मौर्या, राणा सिंह , अरविन्द सिंह, कैलास सिंह, राम उजागिर सिंह, उपस्थित रहे।

## फांसी के फंदे से झूलकर छात्र ने दी जान


मृतक छात्र (फाइल फोटो)

**प्रतापगढ़।** बीकॉम प्रथम वर्ष के छात्र ने घर के अंदर शुक्रवार को फांसी के फंदे से लटककर जान दे दी। लालगंज के हर्षपुर निवासी आशुतोष तिवारी पडोसी जिले रायबरेली के कान्हा शिक्षा निकेतन में शिक्षक है। वह लालगंज नगर पंचायत के पूरे टीकाराम वार्ड में नई बस्ती में घर बनाकर रह रहे है। आशुतोष का पुत्र अंशुमान तिवारी उर्फ चंदन 20 लालगंज के सरस्वती विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय में बीकॉम की पढ़ाई कर रहा था। आशुतोष इक्तीस मई को हरिद्वार अपनी बेटी से मिलने पत्नी कंचन के साथ गये थे। घर पर मृतक अंशुमान अकेले मौजूद था। इक्तीस मई की रात अंशुमान ने कमरे के अंदर पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पिता ने हरिद्वार से उसे फोन लगाया किन्तु उसका फोन स्विच आफ मिला। शुक्रवार को अंशुमान का बीकॉम प्रथम वर्ष का पेपर था। उसके कुछ साथी उसे बुलाने घर पहुंचे तो कई बार आवाज देने पर अंदर से कोई प्रतिक्रिया नही मिली। दोस्तों ने पास पडोस के लोगों से चर्चा की। लोगों ने मकान के अंदर पहुंचकर देखा तो अंशुमान पंखे से फंदा लगाकर लटक रहा था। शव से तेज बदबू आ रही थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मास्क लगाकर शव को नीचे उतारा। घटना की सूचना फोन पर अंशुमान के पिता व मां को दी गई। पुलिस ने शव का पंचनामा कराकर पीएम के लिए भेजवाया। मृतक छात्र के माता पिता के हरिद्वार से घर पहुंचने का इंतिजार किया जा रहा है।

## पशु तस्करों का पीछा कर रही पुलिस जीप में पिकप ने मारी टक्कर, तस्कर फरार




**प्रतापगढ़।** जेठवारा थाना इलाके से शुक्रवार की रात पिकप द्वारा गोवंश लेकर निकलने की सूचना किसी ने पुलिस कंट्रोल रूम को दी। कंट्रोल रूम की सूचना पर एलर्ट हुई जेठवारा पुलिस तस्करों का पीछा करने लगी। पशु लदा पिकप स्पीड से जौनपुर की जरफ भाग रही थी। इस सड़क पर रानीगंज थाना सहित कई पुलिस चैकियां भी हैं। कंट्रोल रूम की सूचना पर थाने और चैकी की पुलिस सोती रही। पिकप जिले का बार्डर फतनपुर थाने के पास पहुंच गयी। पीछा कर रही जेठवारा पुलिस ने फतनपुर पुलिस से सहयोग मांगा। कई बार ओवरटेक करने की कोशिश में पिकप चालक जेठवारा पुलिस को टक्कर मारता रहा। सूचना पर फतनपुर पुलिस भी सड़क पर घेराबंदी कर ली। अपने को घिरता देख पशु तस्कर पिकप का चालक जेठवारा पुलिस वाहन को जोरदार टक्कर मारा। पुलिस वाहन पलटने से बच गयी। इस दौरान अपने को घिरता देख पशु तस्कर फतनपुर के गौरा सीएचसी के पास पिकप वाहन नं0 यूपी 65 एचटी 2452 छोड़कर अंधेरे में भाग निकले। पुलिस ने सफेद रंग की पिकप वाहन सहित सात गोवंश बरामद किया है। एसपी सतपाल अंतिल ने कंट्रोल रूम, थाना जेठवारा और फतनपुर को सराहनीय कार्य के लिए पुरस्कृत किया

# दिल्ली की घटना के विरोध में कॉग्रेसियों ने दिया धरना, सौंपा ज्ञापन



ज्ञापन सौंपते कांग्रेसी

**प्रतापगढ़।** दिल्ली के शाहाबाद इलाके में सरेराह नबालिक लड़की साक्षी की चाकू से गोंदकर हत्या के विरोध में कॉग्रेसियों ने शुक्रवार को धरना देकर विरोध दर्ज कराया। यूथ कॉग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डा0 नीरज त्रिपाठी की अगुवाई में धरने में बड़ी संख्या में कॉग्रेस के लोग शामिल हुए। शहर स्थित कॉग्रेस कार्यालय पर धरना दे रहे कॉग्रेसियों ने सरकार विरोधी नारे, साक्षी को न्याय दिलाने व महिलाओं पर अत्याचार बंद करों जैसी स्लोगन लिखी तख्तियां हॉथों में लिए थे। डा0 नीरज त्रिपाठी ने कहा कि मानवता को शर्मसार करने वाली घटना की जितनी निन्दा की जाए वह कम है। घटना के विरोध में उन्होंने तीन सूत्रीय मांग पर राष्ट्रपति को संबोधित एसडीएम सदर शैलेन्द्र कुमार वर्मा को सौंपा। जिसमें साक्षी को न्याया दिलाने के लिए सीबीआई की मॉग, परिवार के लिए एक करोड़ रूपए व हत्यारों को मुकदमा फास्ट टैज्क कोर्ट में चलाने की मांग की। संचालन इरफान अली ने किया। इस दौरान नरसिंग प्रकाश मिश्र, महेन्द्र शुक्ल, वेदान्त तिवारी, प्रेम शंकर द्विवेदी, राम लवट यादव, राम रतन तिवारी, प्रशांत सिंह, आशुतोष तिवारी, इश्तियाक अहमद, राजेन्द्र वर्मा, सलमान खान, दिलशाद अहमद आदि लोग मौजूद रहे।

# लालगंज के अधिवक्ताओं ने पुलिस के विरोध में की नारेबाजी

**नारेबाजी**

**वकीलों एसडीएम कार्यालय के सामने पुलिस के खिलाफ घंटो की नारेबाजी**


पुलिस के विरोध में नारेबाजी करते अधिवक्ता

**प्रतापगढ़।** लखनऊ में पुलिस और अधिवक्ताओं के बीच विवाद पर शुक्रवार को लालगंज के वकीलों ने प्रदर्शन किया। वकीलों ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर सरकार से दोषी पुलिसकर्मियों के निलंबन की मांग की। लखनऊ में गुरूवार को इंदिरा नगर थाने में अधिवक्ताओं व पुलिसकर्मियों के बीच कहासुनी हुई थी। संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश ने कहा कि पुलिसकर्मियो द्वारा थाने मे समस्या को लेकर गये अधिवक्ताओं के साथ अमानवीय व्यवहार निंदनीय है। रूरल बार एसोशिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने पुलिस दुर्व्यवहार पर की गयी कार्रवाई का श्वेत पत्र जारी करने की मांग की। वकीलों एसडीएम कार्यालय के सामने पुलिस के खिलाफ घंटो नारेबाजी की। इस दौरान वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेन्द्र चतुर्वेदी, पूर्व अध्यक्ष राधारमण शुक्ल, बेनीलाल शुक्ल, रामलगन यादव, दिनेश सिंह, विपिन शुक्ल, जान्हवी प्रताप सिंह, शैलेन्द्र सिंह, रामअंजोर तिवारी, प्रभात श्रीवास्तव, राजेश भारती, राजेश्वर यादव, राजेश तिवारी आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

## चौकी इंचार्ज पर लगा युवकों को पीटने का आरोप

**पट्टी।** कोतवाली क्षेत्र के चरैया गांव में जमीन को लेकर दो पक्षों में मारपीट हुई थी। जिसमें एक दूसरे पर आरोप लगाते हुए दोनो पक्षों ने तहरीर दिया था। पुलिस ने जांच पड़ताल करने के बाद दोनों पक्षों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में एक पक्ष ने चैकी इंचाज पर युवकों के पिटाई का आरोप लगाते हुए उच्चाधिकारियों से शिकायत की है।

कोतवाली क्षेत्र के चरैया गांव की रहने वाली सुखना देवी पत्नी अच्छेलाल ने बताया कि एक हफ्ता पूर्व जमीन विवाद को लेकर मारपीट हुआ था। दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर मारपीट तोड़फोड़ की तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की थी। जिसमें पुलिस ने जांच पड़ताल करने के बाद दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में दोनों पक्ष के दो दो लोगों का चालान हुआ था। पीड़िता ने आरोप लगाया कि विपक्षियों से सांठगांठ कर मेरे लड़के को पकड़ कर थाने ले गए। रूर चैकी इंचार्ज वारिज जमकर पिटाई की और बोला कि इसकी शिकायत अगर कहीं करोगी तो फर्जी मुकदमे में फंसा कर तुम्हारे लड़की की जिंदगी खराब कर देंगे और जेल भेज देंगे। फिलहाल पीड़ित परिवार चैकी इंचार्ज के धमकी से सहमा हुआ है। मामले में उच्च अधिकारियों से शिकायत की गई है।

## संक्षेप

### राष्ट्रीय पक्षी मोर के नेतृत्व में पुलिसकर्मियों ने किया योगाभ्यास



**प्रतापगढ़।** लालगंज कोतवाली में शुक्रवार की सुबह पुलिसकर्मियों को फिटनेश के लिए पीटी, परेड व योगाभ्यास कराया गया। कोतवाली परिसर के खूब सूरत लान में राष्ट्रीय पक्षी मोर ने भी योगा में कदम ताल मिलाया। योगाभ्यास के समय मोर सबसे आगे पंक्ति में आकर नाचने लगा। पुलिसकर्मियों ने जिस भी एंगल से योग किया मोर भी उसी एंगल पर नाचते हुए अपने पंखों को घुमाया। मोर और जवानों के मिले करतब देखने लायक था। मोर की खास बात यह है कि वह पुलिसकर्मियों के इतना निकट है कि वह बिलकुल ही असुरक्षित महशूस नहीं करता है। बताया जाता है पुलिस के योगा के समय मोर आए दिन उनका नेतृत्व कर लोगों के आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है। कोतवाली का आईएसओ द्वारा प्रमाणित सुंदर लान में मोर व पुलिसकर्मियों का योगाभ्यास चर्चा का विषय बना है।

### प्रमोशन पर प्रबुद्धजनों ने कोतवाल को किया सम्मानित



**प्रतापगढ़।** लालगंज कोतवाली प्रभारी के प्रोन्नति पर क्षेत्रीय लोगों ने उन्हें सम्मानित किया। प्रभारी कोतवाल कमलेश पाल के प्रोन्नत होने पर अधिवक्ताओं, व्यापारियों व सभासदों एवं विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने उनसे मिलकर खुशी साझा की। एसपी सतपाल अंतिल ने स्टार लगाकर गुरुवार को उन्हें सम्मानित किया था। संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश व समाजसेवी विजय मिश्र बाबी ने शुक्रवार को इंस्पेक्टर बने कमलेश पाल को स्मृति चिन्ह तथा बुकें प्रदान कर शुभकामनाएं दी। वरिष्ठ अधिवक्ता ज्ञानप्रकाश शुक्ल, भाजपा नेता विनोद मिश्र, फैसल खान, सभासद पन्नेलाल पाल, पत्रकार महासंघ के महामंत्री साकेत मिश्र, प्रेम मिश्र, लवलेश शुक्ला, आदित्य तिवारी, शिवम पाण्डेय, व्यापारी नेता जमुना प्रसाद तिवारी, आदि ने उनके कार्य शैली की सराहना की। इस मौके पर एसएसआई जावेद अहमद, एसआई अनीस यादव, प्रधान लिपिक ज्ञानचंद्र तिवारी, एसआई शिशिर पटेल, अधिवक्ता विपिन शुक्ल, आशीष तिवारी, कैप्टन शिवकुमार शर्मा आदि मौजूद रहे।

### श्री राम का चरित्र लोक मयार्दा का अलंकरण : राधिका किशोरी



**प्रतापगढ़।** लालगंज क्षेत्र के जलेसरगंज बाजार में श्रीराम कथा में साध्वी राधिका किशोरी ने कहा कि श्रीराम का चरित्र लोक मयार्दा का अलंकरण है। उन्होनें बताया कि भरत के समान त्याग करने वाला भाई समाज में अनुपम उदाहरण है। केवट की भक्ति साधना पर राधिका किशोरी जी ने कहा कि केवट ने सेवा साधना से अपने जीवन का मंगल प्रभु के सानिध्य में प्राप्त किया। उसकी निश्छल सेवा साधना से प्रसन्न प्रभु श्रीराम ने उसके जीवन को धन्य बना दिया। कार्यक्रम के संयोजक रामराज पटवा ने साध्वी राधिका किशोरी जी का सारस्वत सम्मान किया। इस मौके पर रामफेर पाण्डेय, समाजसेवी बबन पाण्डेय, विनोद मिश्र, सदाशिव पाण्डेय, नवीन द्विवेदी, बब्लू मिश्र, सुधाकर पाण्डेय, राकेश पाण्डेय, हरिनारायण, भोला पाण्डेय, शंभू नाथ शर्मा, रामदुलारे यादव, कन्हैयालाल अग्रहरि आदि मौजूद रहे।

### कैंप लगाकर वसूला जाएगा बिजली बिल




**प्रतापगढ़।** विजली विभाग गांवों में प्रधानों के यहां कैंप लगाकर बकाया बिजली बिल की वसूली करेगा। यह अभियान 1 जून से 20 जून तक निरंतर चलता रहेगा। जनपद के उड़ैयाडीह विद्युत सबस्टेशन के अवर अभियंता जयराज राजपूत ने बताया कि इस उपकेंद्र से जुड़े गजरिया, रसूलहा, मोलनापुर, शेखपुर अठगवां, आशापुर अठगवां, उड़ैयाडीह, गोई, सांगापट्टी सरखेलपुर, किठौली, जलालपुर ,डडवा महोखरी, दोनई सहित कई गांवों में कैंप लगाकर विद्युत बकायेदारों से बिल वसूली की जाएगी। यदि बकायेदारों ने समय रहते बकाया नहीं जमा किया तो उनके कनेक्शन काट दिए जाएंगे। इस दौरान शुक्रवार को गोई गांव के दो दर्जन बकाएदारों के कनेक्शन काट दिए गए। कैम्प में एक लाख बीस हजार रुपए की वसूली की गई। बिजली विभाग की इस कार्रवाई से बकायेदारों में हड़कंप मचा हुआ है।

### दिव्यांगजन शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना का उठाये लाभ, आनलाइन करें आवेदन

**दिव्यांगजन की शादी-विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना में विवाह पंजीयन की बाध्यता नहीं**

**प्रतापगढ़।** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी सच्चिदानन्द तिवारी ने जनपद के समस्त दिव्यांगजनों को सूचित किया है कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित योजना शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजनान्तर्गत आनलाइन आवेदन वेबसाइट पर स्वीकार किये जा रहे है। आवेदन पत्र साइबर कैफे, निजी इण्टरनेट केन्द्र लोकवाणी के माध्यम से स्थापित जनसुविधा केन्द्रों के माध्यम से किया जा सकेगा। इस योजनान्तर्गत दिव्यांग दम्पत्ति को विवाह करने पर पुरुष के दिव्यांग होने पर प्रोत्साहन पुरस्कार रुपए 15000 एवं महिला के दिव्यांग होने पर रुपए 20000 हजार तथा यदि दम्पत्ति (पति-पत्नी) दिव्यांग है तो रुपए 35000 पुरस्कार स्वरूप प्रदान किया जाता है। उन्होने बताया है कि दिव्यांगजन की शादी-विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना में विवाह पंजीयन की बाध्यता नही है। इच्छुकध्पात्रता रखने वाले दिव्यांगजन आनलाइन आवेदन दम्पत्ति को दिव्यांगता प्रदर्शित करने वाला संयुक्त नवीनतम फोटोग्राफ, आयु प्रमाण पत्र जिसमें जन्म तिथि का अंकन हो जनपद के मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा निर्गत दिव्यांगता प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र जाति प्रमाण पत्र, राष्ट्रीयकृत बैंक में संचालित संयुक्त खाता आदि अभिलेख पूर्ण कर आनलाइन आवेदन कर हार्डकापी मय संलग्नों सहित कार्यालय जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी प्रतापगढ़ कक्ष संख्या-25 में जमा करा दें ताकि नियमानुसार अग्रेतर कार्यवाही की जा सके। किसी भी असुविधा हेतु कार्यालय जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी प्रतापगढ़ से किसी कार्य दिवस में सम्पर्क कर सकते है।

## जनसंपादकीय

# ऑनलाइन साहित्य और उसकी पठनीयता

**नलिन रंजन सिंह**



समय कभी एक सा नहीं रहता। जो कुछ आज है वह कल ऐसा ही रहेगा कहा नहीं जा सकता क्योंकि जो कुछ कल था वह आज वैसा ही नहीं है। प्रिंट साहित्य और ऑनलाइन साहित्य को लेकर आज यह बहस तेज हो चुकी है कि आगे चलकर किसकी प्रासंगिकता बनी रहेगी। एक तरफ प्रिंट साहित्य अपनी लिखित क्षमता को लेकर आश्वस्त है कि उसकी जगह कोई नहीं ले सकता तो दूसरी ओर ऑनलाइन साहित्य बहुत तेजी से अपनी जगह बनाता जा रहा है। दोनों को लेकर सबसे बड़ी बहस पठनीयता की है। ऑनलाइन साहित्य को लेकर यह कहा जाता है कि इसे लंबी अवधि तक नहीं पढ़ा जा सकता। वहीं प्रिंट साहित्य को पढ़े जाने का संदर्भ अलग है। तमाम पत्रिकाएं, पुस्तकें अभी छप रही हैं और लोग उन्हें खरीद भी रहे हैं। पढ़ने वालों की संख्या वहां भी कम नहीं हुई है। साधारण शहरों से लेकर दिल्ली के विश्व पुस्तक मेले तक में किताबों के विमोचन समारोह होते रहते हैं। किताबों के तमाम प्रकाशक अपनी किताबें तमाम प्लेटफॉर्म के माध्यम से बेचने में लगे रहते हैं। लेकिन यह एक बड़ा सत्य उभर कर आया है कि ऑनलाइन साहित्य बहुत तेजी से अपनी जगह बना रहा है। उसने लोगों को संपादकों का मुखापेक्षी होने से बचाया है। ऑनलाइन साहित्य के प्रचलन के बाद संपादकों का वह धौंस वाला मामला जाता रहा जो वह किसी नए रचनाकार की रचना को न छाप कर जताते थे। अब कोई भी रचनाकार अपनी रचना को ऑनलाइन प्रकाशित कर सकता है। फेसबुक पर वह अपनी कविता-कहानी पोस्ट कर सकता है, ट्विटर के माध्यम से प्रसारित कर सकता है, व्हाट्सएप के माध्यम से तमाम समूहों में अग्रसारित कर सकता है और ई मेल के माध्यम से तमाम लोगों को भेज सकता है। वह अपनी वर्ड फाइल को जब चाहे तब संशोधित कर सकता है और पीडीएफ बनाकर किसी भी माध्यम से वह पढ़ने के लिए उपलब्ध करा सकता है।

सबसे बड़ी दिक्कत है ऑनलाइन साहित्य की दीर्घ अवधि तक पठनीयता को बनाए रखने की चुनौती। छोटी कविता, लघु कथा या आलोचना या यूं कहें टिप्पणी को पढ़ने में तो दिक्कत नहीं होती किंतु लंबी कविता, लंबी कहानी अथवा लंबे लेख को पढ़ने में ऑनलाइन स्तर पर अभी भी दिक्कत होती है। पठनीयता का संकट दरअसल रचना प्रक्रिया का भी संकट है और पाठक का भी संकट है। हम किस तरह का साहित्य पढ़ना चाहते हैं, कौन-सा साहित्य उन्नत साहित्य है और कौन सा लुगदी साहित्य हैझ यह प्रिंट माध्यम पर ज्यादा स्पष्ट विभाजक रेखा के माध्यम से समझ में आता है। किंतु ऑनलाइन माध्यम पर कुछ भी परोसे जाने के लिए आप स्वतंत्र हैं। लोग इतनी हड़बड़ी में रहते हैं कि जो कुछ भी लिखते हैं उसे बिना चेक किए ही फेसबुक अथवा अन्य माध्यमों पर चस्पा कर देते हैं। बाद में कोई उनकी गलती की याद दिलाता है तो फिर वे उसे शुद्ध करते हैं। इससे तमाम कच्ची रचनाएं हमारे सामने आती रहती हैं। दूसरा एक बड़ा मुद्दा है स्मृति पर बने रहने का। प्रिंट माध्यम स्मृति पर बने रहने में आसानी देता है लेकिन ऑनलाइन माध्यम स्मृति पर दीर्घ अवधि तक नहीं बना रहता। यहां तक की आप व्हाट्सएप खोलने जाते हैं और जो आपको देखना है उसके पहले ही तमाम संदेश आपका ध्यान आकर्षित कर लेते हैं और आप मूल खोज को भूल जाते हैं। फेसबुक पर भी पढ़ने की अपनी सीमाएं हैं। दरअसल तमाम वेब पोर्टल बनाए गए हैं। उन पोर्टल पर भी काफी सामग्री प्रस्तुत की जाती है। समाचार भी वेब पोर्टल पर उपलब्ध होते हैं लेकिन अखबारों की छपाई बंद नहीं हुई है। आदमी शॉर्टकट में जल्दी से चीजें वेब पोर्टल के माध्यम से जान जाता है लेकिन विश्लेषणात्मक खबर तो वह प्रिंट मीडिया के माध्यम से ही जानता है। ऐसे ही तमाम ब्लॉक लिखे जा रहे हैं। उनमें से कुछ ब्लॉक्स ने बेहद लोकप्रियता भी हासिल की है लेकिन उनकी आवृत्ति बहुत धीमी होती है। ब्लॉग पर अगर एक साथ बहुत ज्यादा सामग्री परोस दी जाए तो लोग नहीं पढ़ेंगे। ऐसे ब्लॉग सफल हैं जिन पर 3 दिन या 4 दिन पर कोई सामग्री आ जाती है और लोग पढ़ लेते हैं। किसी एक लेख को पढ़ना और कई लेखों को पढ़ना एक फर्क पैदा करता है। एक लेख ऑनलाइन माध्यम पर पढ़ा जा सकता है लेकिन कई लेख अगर आपको पढ़ने हैं तो आप प्रिंट माध्यम की तलाश करते हैं। ऑनलाइन साहित्य और उसकी पठनीयता को लेकर यह मामला बहस तलब है कि तब जबकि लोग ज्यादातर एंड्रॉयड फोन चला रहे हैं और मोबाइल पर ही उसे पढ़ना चाहते हैं उस समय मोबाइल से आंखों के संमंजन की अपनी एक सीमा है और उस सीमा से परे जाकर लंबे समय तक मोबाइल पर पढ़े जा पाना संभव नहीं। टेबलेट या लैपटॉप पर लोग ज्यादा सुविधाजनक तरीके से पढ़ पा रहे हैं। कंप्यूटर स्क्रीन पर भी पढ़ने में बहुत दिक्कत नहीं होती। लेकिन बड़ा सवाल यह है कि लैपटॉप, टेबलेट या कंप्यूटर स्क्रीन कितने लोगों के पास है? और कितना चलायमान है। हाथों में तो हमेशा फोन ही रहता है और लोग उसी से ज्यादातर जुड़े रहते हैं तथा पढ़ना भी चाहते हैं। ऑनलाइन साहित्य ने अपनी एक हस्तक्षेपकारी भूमिका जरूर बनाई है किंतु उसकी पठनीयता के संकट ने परेशानी भी खड़ी की है। यद्यपि कोरोना काल में उसका उपयोग खूब हुआ। लोगों ने जूम, गूगल मीट आदि माध्यमों से ऑनलाइन कार्यक्रम किए, वेबीनार किए, ऑनलाइन वार्ताएं हुईं, परिचर्चाएं हुईं और अभी भी हो रही हैं लेकिन कोरोना काल के बाद उनमें कमी भी आई है। ये दोनों दौर ऑनलाइन साहित्य के पठनीयता की वास्तविक तस्वीर प्रस्तुत करते हैं। संकट के समय ऑनलाइन साहित्य को पढ़ा जाना बाध्यकारी भले था लेकिन संकट के निकलने के बाद ऑनलाइन साहित्य की पठनीयता संदेह के घेरे में आई है और अब फिर से ऑफलाइन सेमिनार, परिचर्चा संगोष्ठी आदि का दौर लौट आया है। इससे स्पष्ट है कि ऑनलाइन माध्यमों की उपादेयता से इंकार तो नहीं किया जा सकता लेकिन उसकी पठनीयता का संकट अभी बरकरार है। अभी समाज पूरी तरह से शिक्षित नहीं हुआ है। जब तक समाज पूरी तरह से शिक्षित नहीं हो जाता तब तक ऑनलाइन माध्यमों पर साहित्य के पढ़ने वालों की संख्या भी प्रभावित रहेगी। आर्थिक कारण भी इसमें एक बड़ा कारण है। एंड्राइड फोन, टेबलेट, लैपटॉप या कंप्यूटर खरीदना आर्थिक रूप से कमजोर आदमी के लिए आसान नहीं है। उस पर भी उसे पढ़ाई करने के लिए डाटा रिचार्ज कराना जरूरी होगा। वाईफाई या डाटा की सुविधा के लिए उसे पैसे खर्च करने पड़ेंगे। इन सारी स्थितियों में वह पत्रिका या किताब खरीद लेना ज्यादा सुविधाजनक मानेगा। इन परिस्थितियों में ऑनलाइन साहित्य को पठनीयता के स्तर पर बहुत अच्छे अंक नहीं दिए जा सकते हैं लेकिन यह भी सच है कि कोरोनावायरस के दौर ने यह साबित किया है कि जब हम ऑफलाइन मोड में बहुत सारी चीजें नहीं कर सकते तो ऑनलाइन मोड हमारा एक बड़ा सहारा है। ऑनलाइन मोड की एक अंतर्राष्ट्रीय व्याप्ति भी है। हम उसके माध्यम से तुरंत ग्लोबल हो सकते हैं। बैठे-बैठे हम दुनिया के किसी भी कोने से जुड़ सकते हैं या दुनिया के किसी भी कोने में अपनी बात को पहुंचा सकते हैं। यह उसका सकारात्मक पक्ष है। ऐसा बहुत सा साहित्य देखने में आया है कि अचानक वह बहुत लोकप्रिय हुआ और देखते ही देखते उसे लाखों लोगों ने पढ़ लिया जबकि प्रिंट माध्यम से पढ़ने वालों की संख्या लाखों में पहुंचने में वर्षों लग जाते हैं। यह बात छोटी रचनाओं, खासकर कविताओं पर ज्यादा लागू होती है। इस क्षेत्र में वेबसाइट ने क्रांतिकारी परिवर्तन किए हैं। आप गूगल पर खोज कर या विकिपीडिया के माध्यम से बहुत सारी जानकारी हासिल कर सकते हैं। आज नई उम्र के छात्र-छात्राओं को जब भी कोई चीज खोजनी होती है तो वे सीधे गूगल पर जाकर सर्च करते हैं। यह उसकी उपादेयता का सबसे बड़ा उदाहरण है। किंतु उपादेयता और पठनीयता में अंतर होता है। उपादेयता सूचना दे सकती है, जानकारी दे सकती है उपलब्धता बढ़ा सकती है किंतु वह पठनीयता को सतत बनाए रखे, यह जरूरी नहीं है। फिर भी बदलते समय में आने वाले कल के बारे में कुछ भी नहीं कहा जा सकता। संभव है कि आने वाला कल ऑनलाइन माध्यमों का ही हो और फिर उसी के माध्यम से आदत पड़ते-पड़ते पठनीयता भी बढ़ जाए।

**( लेखक युवा आलोचक एवं सामाजिक कार्यकर्ता हैं,**

---

**(दिल्ली में यमुना को सुबह -शाम देखते हुए, यह गजल कही गयी। आप सबकी नज़्र है)**




नदी नहीं है वो बस इक कराहती माँ है
कि ढीठ बच्चों से जैसे निबाहती माँ है
हजार तल्खियाँ चुपचाप सहके मन ही मन
दो मीठे बोल भी खुलकर सराहती माँ है
दुआ में उसके नहीं कुछ तुम्हारे सुख के सिवा
तुम्हीं बताओ कि क्या और चाहती माँ है?
नई नजर ने भुलाया अगर पुराना सब
सुनो कभी जो छुपाकर कराहती माँ है
नदी वो माँ है जिसे हम पराया कर बैठे
यही बहुत है कि अब भी निबाहती माँ है

**- डॉ. बिनोद सिन्हा**

---

# सहज-सहज सब कोउ कहै, सहज न चीन्है कोई!

**कबीर जयंती पर**



**गिरीश्वर मिश्र**

कबीर के माध्यम से हम अपने समय को ठीक से पहचान सकते हैं। कबीर कभी बड़े आसान लगते हैं तो कभी बड़े मुश्किल । हिंदी के पंडितों ने उनकी कई तरह से व्याख्या की है। कबीर को तमाम तरह के खेमों में रखा गया है। वह बड़े पक्के भक्त हैं, शुद्ध वैष्णव हैं, सूफी हैं और प्रेम के कवि तो हैं ही। वे ब्रह्म और ईश्वर की पहचान कराने वाले कवि और भक्त हैं। ज्यादातर लोग उन्हें 'संत' कहकर समझाना चाहते हैं। उन्हें दलित चेतना का विचारक कह कर भी पेश किया गया है। इन सबके बीच असली कबीर कौन हैं यह पहचानना और भी कठिन हो गया है। वे वाचिक परम्परा के कवि और संत हैं। उन्होंने जो कुछ कहा उसका मौखिक आधार अधिक है। कई जगह से उनकी रचनाओं को विद्वानों और भक्तों ने एकत्र किया है। इसलिए उनके पाठ की प्रामाणिकता सिद्ध करना बेहद चुनौतीपूर्ण है। कबीर बहुत जटिल हैं, जटिल इसलिए कि वह हम सब जैसे आदमी भी हैं और उससे ऊपर उठकर वह कवि भी हो जाते हैं और उससे उठकर वह सिद्ध भी हो जाते हैं। कबीर को पहचानना इसलिए भी मुश्किल हो जाता है कि कबीर को लेकर जो किबदंतियाँ हैं, कहानियां हैं, वे उनको अलग-अलग घरोंदों में रखती है। इस तरह किसी एक तरह के कबीर नहीं हैं। नाना प्रकार के कबीर जगह-जगह फैले हुए जो कबीर पंथी हैं और हम जिस कबीर को पढ़ते हैं, दोनों में बहुत दूरी है। कबीर को भगवान का रूप दे दिया गया। कबीरपंथी नाना प्रकार से उनकी पूजा करते हैं। यह सब जो दुनिया की खुदाई है, उसका अपना सब लफड़ा है, वह उनको बनाता रहेगा, बिगाड़ता रहेगा। यह पृष्ठभूमि है जो जटिल बनाती है, कबीर तक हमें पहुंचने में कठिनाई पैदा करती है कि कबीर को कहां से देखा जाय? और क्या देखा जाय?

कबीर हमारे लिए इसलिए भी प्रासंगिक हैं कि वो पूरे समग्र समाज को देखते हैं। कोई ऐसी जाति नहीं होगी जिसका उल्लेख उन्होंने न किया हो, कोई ऐसा धर्म नहीं होगा जिसका उल्लेख नहीं पायेंगे। जितनी भारत की विविधता है, वह सारी की सारी कबीर में दिखाई देती हैं। कबीर ईस्लामी शासन था। बहुत सारे इस तरह के प्रमाण हैं जो यह बताते हैं कि उस समय धर्म परिवर्तन की भी बात होती थी। तमाम तरह के अत्याचारों की भी बात होती है। यह आत्मरक्षा का माध्यम था। जिसे हम हिन्दू धर्म कहते हैं, यह गलत शब्द है। क्योंकि यह हिंदुत्व का दिया हुआ है ही नहीं। वह तो किसी और ने नाम दे दिया कि हिन्दू धर्म है। असली नाम तो शाश्वत धर्म हो सकता है क्योंकि उसकी बात हर जगह है। जिन लोगों ने इसका उपयोग किया और हम लोगों ने उसे स्वीकार कर लिया। यह गुलामी की मानसिकता की एक प्रवृत्ति है। अंग्रेजों ने जिन-जिन रूपों में भारत को पहचाना, उन उन रूपों को हमने स्वीकार कर लिया कि वही हम हैं, जैसा वे कह रहे थे ।

कबीर एक खास तरह के जीवन दृष्टि को प्रतिपादित करते हैं। बहुत तार्किक तरीका है उनका, विश्लेषण करते हैं, तथ्यों को बताते हैं। यह भी बताते हैं कि रास्ता क्या है? वह अपने समय में स्थित आंकड़ों का विश्लेषण करके निष्कर्ष भी निकाल लेते हैं। यह भी दिखलाते हैं कि कहीं न कहीं तमाम बा'डम्बरों को हरा करके एक निखालिस मनुष्यता बचती है। यदि उस मनुष्यता को अपनाया जाय, उसके रास्ते पर चला जाय तो हम आत्मानुभूति कर सकते हैं। वह आत्मानुभूति ऐसी होगी जो भेद-भाव नहीं करेगी। वह सबके निकट होगी। सभी संत कवियों ने, लोक जीवन की भाषा को अपनाया है, यह बहुत बड़ी क्रांति थी। वह खेत में काम करने वाले गृहस्थ की भाषा है, वह पंडित की भाषा नहीं है। मगर पंडित की भाषा संस्कृत में जो कुछ हो रहा था वह सब वे जान रहे थे। उनहोंने सिद्ध किया कि लोक भाषा में भी गहन चिंतन किया जा सकता है। यह बड़ी मार्के की बात है। वे जन कवि हैं न कि आभिजात्य वाले । यह अपनी कविता के लिए कच्चा माल भी वहीं, आम जिंदगी से लेते हैं। चर्चा भी उन्हीं की करते हैं। यह एक 'पैराडाईम शिफ्ट' है, एक प्रारूप नये ढंग का है । इसमें ज्ञान के आभिजात्य और जनता का जो भेद है, इसे दूर किया गया । कबीर की बातें जीवन की बातें है। वह केवल आदर्श की बात नहीं है। कबीर यह भी कहते हैं कि जो विचार नहीं करता है, उसके लिए तो मस्ती ही मस्ती है-''सुखिया सब संसार है खावै अरु सोवै, दुखिया दास कबीर है जागै अरु रोवै।' विचार करने की कुछ कीमत तो आप को अदा करनी पड़ेगी। आप पहचानिएगा तो आप को पहचाना जायेगा। आप को खेमों में रक्खा जायेगा। कबीर कई तरह से सीमाओं का अतिक्रमण करते हैं। भाषाओं में, विचार में, तर्क के ढंग में, कहने के ढंग में। उलटबाँसियों का अर्थ लगाना आसान नहीं है। घर से बाहर निकल कर वह तमाम लोगों से बात करते थे। बताते थे देखो यह गलत है और फिर स्वयं अपनी साधना में डूबे रहते थे। अपने जीवन को, अपने अनुभवों को आत्म-मंथन करना, आत्म-विचार करना, आत्म-बोध की उनकी यात्रा निरंतर चलती रहती है। वह अकेली भी है और साथ साथ भी है। वह समाज की ओर अभिमुख भी है और स्वयंचेता भी। उनके विचारों में वे बहुत सारी उक्तियां मिलती हैं जिनसे हम उनको समझ सकते हैं। उदाहरण के लिए उनकी एक बहुत प्रसिद्ध उक्ति है-'हद चले सो मानवा, बेहद चले सो साधु। हद बेहद दोऊ चले, ताकर मता अगाथ'। इसे आप जिस रूप में भी ले, हद और बेहद स्थापित है, जो परम्परा है, जो परम्परा के परे है, जो सीमित है और जो व्यापक है। दोनों को समझना जरूरी है।

उनहोंने सिद्ध किया कि लोक भाषा में भी गहन चिंतन किया जा सकता है। यह बड़ी मार्के की बात है। वे जन कवि हैं न कि आभिजात्य वाले । यह अपनी कविता के लिए कच्चा माल भी वहीं, आम जिंदगी से लेते हैं। चर्चा भी उन्हीं की करते हैं। यह एक 'पैराडाईम शिफ्ट' है, एक प्रारूप नये ढंग का है । इसमें ज्ञान के आभिजात्य और जनता का जो भेद है, इसे दूर किया गया । कबीर की बातें जीवन की बातें है। वह केवल आदर्श की बात नहीं है। कबीर यह भी कहते हैं कि जो विचार नहीं करता है, उसके लिए तो मस्ती ही मस्ती है-''सुखिया सब संसार है खावै अरु सोवै, दुखिया दास कबीर है जागै अरु रोवै।' विचार करने की कुछ कीमत तो आप को अदा करनी पड़ेगी। आप पहचानिएगा तो आप को पहचाना जायेगा। आप को खेमों में रक्खा जायेगा। कबीर कई तरह से सीमाओं का अतिक्रमण करते हैं।

कबीर की कविता में निषेध बहुत प्रखर रूप से प्रकट होता है। शायद उनके सामने जिस तरह की समस्यायें थी उन्हें देखते हुए, उनका खंडन करना, उन पर चोट करना जरूरी था। इस मामले में वह बहुत ही कट्टर हैं। कट्टर इस अर्थ में हैं कि वह किसी को छोड़ते नहीं हैं-'कांकर पाथर जोड़ि कै, मस्जिद लेई बनाई। ता चढ़ि मुल्ला बांग दे, क्या बहरा हुआ खुदाई।' यह कहने की हिम्मत है उनको। वह चाहे हिन्दू धर्म की जाति की परेशानियाँ हों या ईस्लाम की परेशानियाँ हों, दोनों को कहीं न कहीं चोट पहुँचाते हैं। वह सहज मार्ग वाले हैं : सहज-सहज सब कोउ कहै, सहज न चीन्है कोई। जिन सहजै विषया तजि, सहज कही जे सोई । इस सहज शब्द को, समझना कठिन है। यह सहजता, यह स्वाभाविकता कैसे आई? सहजता को जीवन में कैसे लाया जाय। सहज को खोजना शायद यह उनके जीवन का केंद्रीय तत्व था। सहज को ढूंढना ही उनका एक मार्ग था, जिसको उन्होंने आविष्कार किया। सत्य का अन्वेषण और सहज का मार्ग, यह रास्ता चुना उन्होंने, जो किसी के लिए भी सुगम हो सकता है, सहज हो सकता है। आसानी से जिसका उपयोग किया जा सकता है।

कबीर ने कई तरह से चेतावनी दी है कि हम किस तरह से, उस सहज के मार्ग को पा सकते हैं । इस बात को खोजने की कोशिश उन्होंने की है। यह भी उन्होंने बार-बार दिखलाने की कोशिश की है कि भाई, सत्य कई नहीं है। नाम तरह-तरह के ले लो मगर सत्य है वही- 'हमारे राम, रहीम, करीमा, केसो, अलह, राम, सति सोई। बिस्मिल मेरि विशम्भर एकै और न दूजा कोई।' वह कहते हैं कि क्यों तुम झंझट में पड़े हो, यह सब तो एक ही तत्व को बता रहे हैं। वह हमेशा इस पर भी जोर देते हैं कि अपना परिष्कार करो, सुधरो। जो समय मिला है, जो जीवन मिला है, उसमें हम सुधारें। 'मैं' को हटाइये उसके बाद आप को नया जीवन मिलेगा। सहज का, जीवन में आत्म बोध का, कैसे विस्तार होगा, सत संगति भी चाहि, गुरु की कृपा भी चाहिए, लगन भी चाहिए और अपने आप को पहचानने की एक अदम्य जिज्ञासा भी चाहिए और इसके लिए आतुरता भी ।

**(लेखक वर्धा विवि के कुलपति रहे हैं, संपर्क 9922399666)**

---

# हिंदी भाषा के परिष्कार में 'हिंदी प्रदीप' का योगदान

**स्मरण**



**राजेन्द्र वर्मा**

हिन्दी भाषा के उन्नयन और परिष्कार में बालकृष्ण भट्ट (03.06.1944- 20.07.1914) का योगदान अद्वितीय है। विपुल साहित्य की सर्जना के साथ-साथ उन्होंने हिंदी प्रदीप नामक मासिक पत्र निकाला, जो सितम्बर 1877 से अप्रैल 1909, लगभग 32 वर्षों तक चला। यह पत्र वस्तुतः हिंदी प्रवर्धिनी समिति, इलाहाबाद का मुखपत्र था, जिसकी स्थापना भट्टजी ने हिंदी के प्रचार-प्रसार के लिए 1876 में की थी। भारतेंदुजी की 'कविवचन सुधा' (अगस्त1867 झ अक्तूबर 1873) के बाद 'हिंदी प्रदीप' ने दो महत्त्वपूर्ण दायित्व सँभाले– एक, पाठकों में राष्ट्रीय चेतना जगाते हुए सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध आवाज उठायी और दो, हिंदी भाषा के मानक रूप की नींव डाली। इस प्रसंग में आचार्य रामचन्द्र शुक्ल का कथन है कि हिंदी प्रदीप गद्य साहित्य का ढर्रा निकालने के लिए ही निकाला गया था। पत्र के महत्त्व का अंदाजा इस बात से भी लगाया जा सकता है कि उसका उद्घाटन भारतेंदु हरिश्चंद ने किया था और उसके मुखपृष्ठ पर उनका यह छन्द छपा रहता था--

शुभ सरस देश सनेह पूरित, प्रगट ह्वै आनंद भरै।
बचि दुसह दुर्जन वायु सो, 'मणि दीप' सम थिर नहिं टरै।
सूझै विवेक विचार उन्नति, कुमति सब यामें जरै।
'हिंदी प्रदीप' प्रकाश मूरखतादि भारत तम हरै।।

इस पत्र के माध्यम से भट्टजी तत्कालीन लेखकों के प्रेरणास्त्रोत बने और हिंदी के दूसरे प्रवर्तक कहलाये। इसमें पुरुषोत्तमदास टंडन, प्रतापनारायण मिश्र, आगम शरण, पं. माधव शुक्ल, मदनमोहन शुक्ल, श्रीधर पाठक आदि महत्त्वपूर्ण लेखकों की राजनीतिक और सामजिक विषयों की रचनाएँ छपती थीं, जिनमें निबंध, नाटक, उपन्यास आदि सभी विधाएँ सम्मिलित थीं। पत्र में उनके अपने निबंधों के अतिरिक्त, भारतेंदु हरिश्चंद्र, प्रतापनारायण मिश्र, राधाचरण गोस्वामी, महामना मदनमोहन मालवीय, श्रीधर पाठक, बालमुकुंद गुप्त, किशोरीलाल गोस्वामी जैसे पुरोधाओं के महत्त्वपूर्ण राजनीतिक और सामाजिक निबंध भी छ्पते थे। निबंध के अलावा अन्य विधाओं की गद्य की रचनाओं को जनता के सम्मुख लाने का श्रेय, 'हिंदी प्रदीप' को है।

भट्ट जी के निबंधकार रूप से हम हिंदी भाषी खूब परिचित हैं। उन्होंने एक हजार के लगभग निबंध लिखे और अधिकांश 'हिंदी प्रदीप' में प्रकाशित किए। उनके कुछ निबंधों को हमने स्कूली कक्षाओं में पढ़ा है। वहीं से हमने निबंधों में समाहित बहुआयामी चिंतन के साथ-साथ लोककल्याण की भावना की पैठ भी देखी-जानी है। सामाजिक कुरीतियों पर चोट कैसे की जा सकती है, यह भी इन निबंधों से सीखी जा सकती है। आज के अति प्रचलित व्यंग्य-निबंधों का उत्स 'हिंदी प्रदीप' के ही निबंध हैं। इन निबंधों में भाषा की तीनों शक्तियाँ– अभिधा, व्यंजना और लक्षणा विद्यमान हैं।

भाषा-शैली की दृष्टि से भट्ट जी ने अपने निबंधों में उन्होंने तीन प्रकार की भाषा-शैलियाँ अपनायीं– एक, तत्सम शब्दों का भरसक प्रयोग जिसमें प्रसंगानुसार संस्कृत के श्लोक आदि के उद्धरण थे; दो, बोलचाल की वह भाषा जिसमें उर्दू-फारसी और अंग्रेजी के शब्द और हिंदी की प्रचलित लोकोक्तियाँ और मुहावरे हैं। तीसरी शैली के अंतर्गत उन्होंने उपमा, रूपक, उत्प्रेक्षा आदि अलंकारों के प्रयोग से गद्य-काव्य की रचना की। एक हिसाब से, हिंदी में गद्य-काव्य की परम्परा भट्टजी के 'हिंदी प्रदीप' से ही शुरू होती है।

नवम्बर 1885 अंक में प्रकाशित, गद्यकाव्य की शैली में, 'सूर्योदय' नामक भट्टजी का ललित निबंध है। उसका एक अंश देखिए, जिसमें भावों-विचारों के साथ कल्पना का अद्भुत समन्वय है–'देखो सूर्य का उदय हो गया। अहा ! इसकी शोभा इस समय ऐसी दिखाई पड़ती है मानो अन्धकार को जीतने को दिन ने यह गोला मारा है अथवा प्रकाश का यह पिंड है या आकाश का कोई बड़ा लाल कमल खिला है। लोगों के शुभाशुभ कर्म के खराद का यह चक्र है अथवा चन्द्रमा के रथ का पहिया है, घिसने से लाल हो गया है। अथवा, काल के निर्लेप होने का सौगंध खाने का यह तपाया हुआ लोहे का गोला है, अथवा उस बड़े अतिशबाज का, जिसने रात को अद्भुत गंज सितारा छोड़ा था; यह दिन का गुब्बारा है, वा यह एक लाल व्योमयान (बैलून) है जो समय को लिए इधर-उधर फिरा करता है वा संसारियों के दिन के काम पर जो अनुराग है, यह उसका समूह है या रात को सुख पाने वाली, दिन को वियोगिनी होने वाली स्त्रियों की वियोगाग्नि का कुंड है वा पूर्व दिशा का माणिक्य का शीशफूल है वा काल खिलाड़ी का लाल पतंग है ।'' (नवम्बर, 1885)

इसी क्रम में, 'चंद्रोदय' नामक निबंध के कुछ अंश देखें, जो मानवीकरण के रूपक, उपमा, उत्प्रेक्षा आदि के अनुपम उदाहरण हैं। इसमें भी गद्य का लालित्य देखते ही बनता है। कहीं-कहीं तो इसके अंश आज की गद्य कविता जैसे लगते हैं–

अँधेरा पाखबीता, उजाला पाखआया। पश्चिम कीओर सूर्यडूबा और वक्राकार हँसिया की तरह उसी दिशा में चंद्रमा दिखलाई पड़ा। मानोकर्कशा के समान पश्चिम दिशा सूर्य के प्रचंड ताप से दुखी हो क्रोध मेंआ इसी हँसिया को लेकर दौड़ रही हैऔर सूर्य भयभीत हो पाताल में छिपने केलिए जा रहा है। अब तो पश्चिम ओरआकाश सर्वत्र रक्तमय हो गया। क्या सचमुच ही इस कर्कशा ने सूर्य का काम तमाम किया जिससे रक्त बह निकला,अथवा सूर्य भी क्रूर हुआ जिससे उनका चेहरा तमतमा गया और उसी की यह रक्त आभा है?+++ या अंधकार महाराज के हटाने का अंकुश है ; या विरहिणियों के प्राण कतरने की कैंची है;अथवा शृंगार रस सेपूर्ण पिटारे के खोलने की कुंजी है; या तारा मौक्तिकों से गुंथे हार के बीच का यह सुमेर है,अथवा जंगम जगत मात्र को डसनेवाले अनंग भुजंग के फन पर का चमकता हुआ मणिहै;या निशा-नायिका के चेहरे की मुस्कराहट है या सँध्या नारी की काम केलि के समय में उसकी छाती पर लगा हुआ नखक्षत है;अथवा जगज्जेता कामदेव का धब्बाहै, या तारा मोतियों की दो सीपियों में से एक सीपी है।..यह गोल-गोल प्रकाश का पिंड देख भाँति-भाँति की कल्पनाएँ मन में उदय होती है कि क्या यह निशा अभिसारिका के मुख देखने की आरसी है या उसके कान का कुंडल अथवा फूल है ! यह रजनी रमणी के ललाट पर दुक्के का सफेद तिलक है।
'

भावों-विचारों के साथ कल्पना का अद्भुत समन्वय है–'देखो सूर्य का उदय हो गया। अहा ! इसकी शोभा इस समय ऐसी दिखाई पड़ती है मानो अन्धकार को जीतने को दिन ने यह गोला मारा है अथवा प्रकाश का यह पिंड है या आकाश का कोई बड़ा लाल कमल खिला है। लोगों के शुभाशुभ कर्म के खराद का यह चक्र है अथवा चन्द्रमा के रथ का पहिया है, घिसने से लाल हो गया है।

'प्रदीप' में प्रकाशित सामाजिक निबंधों में यथार्थ का चित्रण है हृदयग्राही है। बहुवर्णनशीलता विषयवस्तु के सभी पहलुओं पर सम्यक विचार करती है। भाषा बोलचाल की है, लेकिन उसका चुटीलापन चित्त को प्रसन्न करता है। हास्य गुदगुदाता है, तो व्यंग्य चिकोटियाँ काटता है। रसानुभूति ऐसी कि जैसे कानों में मिसरी घुले... गरज यह कि निबन्धों को उनकी भाषा-शैली के बिना पर ही पाठक उसे बिना पढ़े न रह पाए! बोलचाल की भाषा का एक उदाहरण देखिये। यह बातचीत नामक निबंध से लिया गया है, जो 'प्रदीप' के अगस्त 1891 के अंक में छपा था। तत्सम में रँगी इसकी बोलचाल की भाषा में अंग्रेजी का 'फॉर्मेलिटी' भी है और 'लच्छे में सनी हुई' अथवा, 'राम-रमौवल' जैसे देशज मुहावरे भी–

जैसे गरम दूध और ठंडे पानी के दो बर्तन पास-पास सटाके रखे जायें, तो एक का असर दूसरे पर पहुँचता है- अर्थात दूध ठंडा हो जाता है और पानी गरम! वैसे ही, दो आदमी आस-पास बैठे तो एक का गुप्त असर दूसरे पर पहुँच जाता है। चाहे एक दूसरे को देखे भी नहीं, तब बोलने की कौन कहे; पर एक का दूसरे पर असर होना शुरू हो जाता है। एक के शरीर की विद्युत दूसरे में प्रवेश करने लगती हैं। अब पास बैठने का इतना असर होता है तो बातचीत में कितना अधिक असर होगा, इसे कौन न स्वीकार करेगा।।+++ जब चार आदमी हुए, तब बेतकल्लुफी को बिलकुल स्थान नहीं रहता। खुल के बातें न होंगी, जो कुछ बातचीत की जायगी, वह 'फार्मेलिटी', गौरव और संजीदगी के लच्छे में सनी हुई। चार से अधिक की बातचीत तो केवल राम रमौवल कहलायेगी।

हिंदी साहित्य के परवर्ती निमार्ताओं, महावीरप्रसाद द्विवेदी, निराला, हजारीप्रसाद द्विवेदी, भगवतीचरण वर्मा, अमृतलाल नागर, कुबेरनाथ, विद्यानिवास मिश्र आदि को 'प्रदीप' की रचनाओं से अवश्य ही प्रेरणा मिली है। हिंदी के व्यंग्यकारों में जो खिलंदड़ी भाषा मिलती है, उसकी कल्पना 'प्रदीप' की रचनाओं से गुजरे बिना नहीं की जा सकती । 'हिंदी प्रदीप' में प्रकाशित निबंध, नाटक, उपन्यास आदि से हिंदी का जो स्वरूप निर्धारित हुआ, वह कालांतर में मानक बन गया।

**(लेखक कवि एवं कथाकार हैं, संपर्क 80096 60096)**

---

**व्यंग्य**



# चीन से ऊपर

**हरिशंकर राढ़ी**

अभी अपुष्ट-सी खबर आई कि अपना देश चीन मुलुक की आबादी को पीछे छोड़ते हुए दुनिया का सबसे बडी आबादी वाला देश बन गया। अपुष्ट खबर और अपुष्ट आदमी अपने वतन में यहाँ-वहाँ डोलते मिल ही जाएँगे। जो चाहे पकड़ ले। हृष्ट-पुष्ट खबर एवं आदमी दुर्लभ ही हैं। खैर, जिस रफ्तार से हम बढ़ रहे हैं, सबसे आगे निकलना ही था। भले ही वह आबादी का मामला हो।

कभी-कभी तो लगता है कि सर्वाधिक आबादी वाला मुलुक बनने में इसे देर लग गई। जहाँ न जाने कितनी सदियों से 'दूधों नहाओ, पूतों फलों' का आशीर्वचन फिजाओं में गूँजता रहा हो, वहाँ तो पहले ही सबसे आगे हो जाना चाहिए। जहाँ कीट-पतंगों, वायरस और अजन्मे जीव में भी आत्मा ढूँढ़ ली जाती हो, जहाँ प्रजनन क्षमता के अंत होने तक ऊपरवाला मेहरबानी करता रहता हो, उसे चीन क्या खाकर रोकेगा? यह हाल तब है जब बेटी को संतान न मानने वाले उसे गर्भ में ही निपटा दे रहे हैं। मर्द का काम ही है कि वह औरत को निपटा दे। उसे गिनने लायक भी न छोडे।

सरकार शायद इस बात को न माने कि हम चीन से आगे निकल गए हैं। कुछ मामलों में सरकार नहीं मानती, कुछ में विपक्ष। बात सरकार की हो रही है। यदि वह इधर-उधर के आँकड़े मानने लग गई तो सरकार किस बात की? जब तक सक्षम अधिकारी प्रमाणपत्र न दे, वह मरे को मरा और जन्मे को जन्मा नहीं मानती। हालाँकि चीन-पाकिस्तान से हम किसी बात में आगे निकलें, खुशी होती है। हम उसे चुनौती दे सकते हैं कि मुंडी गिन लो तब भी हम तुमसे अधिक हैं। बस उस मुंडी में क्या है, यह मत पूछना।

दुख इस बात का है कि अभी कुछ दिन पहले हैप्पीनेस इंडेक्स में अपना देश पाकिस्तान से नीचे खिसका था तो विरोधियों एवं बुद्धिजीवियों ने खूब हो-हल्ला मचाया था, लेकिन आज जब हम चीन को छलाँग गए तो सबकी जुबान में ताले लग गए। वह भी पहले नंबर पर आना कोई हँसी-मजाक नहीं होता! लेकिन इस पर कोई इसलिए बोल नहीं रहा क्योंकि यह सबके सहयोग से संभव हुआ है। यह टीमवर्क रहा होगा। चाहे सरकारें रही हों या जनता। बल्कि यही एक क्षेत्र रहा, जिसमें समाज के हाशिये पर खड़े व्यक्ति ने भी बढ़-चढ़कर योगदान किया, अपना पूरा सौ प्रतिशत दिया। चूँकि सरकारें लगभग सभी दलों की रह चुकी हैं, इसलिए श्रेय भी सभी को लेना चाहिए।

सरकार की किस्मत और कोरोना के अडंगे से पिछली बार जनगणना नहीं हुई, अन्यथा दूध का दूध और पानी का पानी हो गया होता। अपनी जनता सरकारों पर और सरकारें जनता पर भरोसा नहीं करतीं, इसीलिए हर दसवें साल जनगणना होती है। अपने यहाँ के जन कब क्या कर बैंठें, इसलिए उनकी गिनती करवाते रहो। अभी जो आँकड़ा आया है, वह अनुमान पर आधारित है। ठीक वैसे ही जैसे यहाँ की ट्रेनों की स्थिति। दूरी और गति के हिसाब से गाड़ी टाइम टेबल पर चलती रहती है, पटरी पर भगवान ही जाने।

अपनी शंका लेकर मैं बुद्धिराम जी के पास गया। उन्होंने छूटते ही पूछा झ ह्लकिसके आँकड़े पर विश्वास किया? अपने देश के या चीन के? दोनों में आपको विश्वास योग्य कौन लगता है?ह्व मैंने भी किसी राजनीतिक प्रवक्ता की भाँति विकल्प से हटकर तीसरा जवाब दिया - ह्लअपुष्ट खबरों और सूत्रों परह्व बुद्धिराम जी बोले- तब मान सकता हूँ। सूत्र और अपुष्ट बातें गलत नहीं होतीं। गलत हों भी तो उन्हें गलत नहीं मानना चाहिए।

बुद्धिराम जी ने कहा- ह्लदेखिए, मैं अपनी सरकारों की शब्दावली और नामकरण की बलि-बलि जाता हूँ। अपने यहाँ जनता को गिने जाने के कार्यक्रम को 'जनगणना' कहते हैं। यानी यहाँ जनगणना होती है, मानवगणना नहीं। सरकार को पता है कि यहाँ मानव मुश्किल से ही मिलेंगे। जनगणना कर्मचारी मानव खोजते-खोजते कहाँ जाएँगे? क्या सवाल पूछेंगे? अभी तो पूछते हैं कि आपकी कितनी बीवियाँ हैं, कितने बच्चे हैं, शादी किस उम्र में की थी, रहते कहाँ हैं, आमदनी कितनी है (खर्चा कितना है, यह प्रश्न अनुचित है), पढ़े कितना हैं, धर्म क्या है, साक्षर कौन है, गाड़ी कौन-सी है, आदि-आदि। यह सब आदमी आराम से बता देता है। अब यदि मानव गणना हो तो पूछना पड़ेगा- नैतिकता क्या है, माता-पिता के प्रति आप कौन-सा कर्तव्य निभाते हैं, रिश्तेदारों से रिश्ते कैसे चल रहे हैं, आत्मा की आवाज कब सुनी थी, ईमानदारी कब से किए जा रहे हैं और अपने कर्तव्यों का निर्वहन किस हद तक जाकर करते हैं? बहुत संभव है कि ऐसे सवाल सुनकर जनता को काठ मार जाए। सरकार को तो मार ही गया है, जनता को भी मार गया तो देश का क्या होगा?

हमारे यहाँ ही नहीं, पड़ोस के मुल्क में भी मर्दुमशुमारी होती है, इंसान शुमारी नहीं। वहाँ की सरकार को भी मालूम है कि मर्द मिल जाएँगे, इंसान नहीं मिलेंगे। इंसान की तो बात छोड़ें, वहाँ तो औरत ही नहीं मिलेगी। औरत नहीं तो इंसानियत का घलवा नहीं मिलने वाला। वैसे भी वे औरत को कौन-सा इंसान मानते हैं?

वैसे हमें फिलहाल यह पता करना चाहिए कि हमारे अगड़ जाने पर चीन में मायूसी है कि नहीं!

**(लेखक वरिष्ठ व्यंग्यकार हैं, संपर्क : 09654030701)**

रचनाएं हमें ई-मेल से भी भेज सकते हैं-
<raisubhash953@gmail.com>

# जिले में पकड़ी गयी 19 लाख की शराब, तस्कर हुआ फरार

**कार्रवाई**

**मेड इन पंजाब की शराब तस्कर लेकर जा रहे थे बिहार,**

**पुलिस देख वाहन छोड़ हुए फरार**

**जनसंदेश न्यूज**

**मीरजापुर।** कटरा कोतवाली पुलिस ने 19 लाख कीमत की 380 पेटी अंग्रेजी शराब तथा तस्करी में प्रयुक्त डीसीएम बरामद किया। मुखबिर की सूचना पर आबकारी और कटरा कोतवाली पुलिस को सफलता मिली। एसपी संतोष कुमार मिश्र ने जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था को बनाये रखने के लिए अभियान चला रखा है। अपराधियों की धरपकड़ तथा अवैध शराब एवं मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री पर अंकुश लगाये जाने के लिए ठोस कार्यवाही का निर्देश दिया है। निर्देश के क्रम में थाना कोतवाली कटरा व आबकारी विभाग की संयुक्त पुलिस टीम को सफलता मिली। पुलिस की संयुक्त टीम ने बीती रात मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र से डीसीएम वाहन को पकड़ा। वाहन की तलाशी ली गयी तो डीसीएम वाहन में लदी हुई 960 बोतल/750 की 80 पेटी, 3600 बोतल/375' की 150 पेटी व 7200 बोतल/180 की 150 पेटी, इस प्रकार कुल 380 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब(रॉयल ग्रीन रिच ब्लेन्डेड व्हीस्की) बरामद हुई। कोतवाली कटरा पर आबकारी अधिनियम में मामला दर्ज कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। शराब तस्करी में प्रयुक्त डीसीएम वाहन को एमवी एक्ट में सीज किया गया। शराब बरामद करने वाली टीम में बरामदगी करने वाली टीम में वरिष्ठ उप निरीक्षक अरविन्द कुमार सरोज, उप निरीक्षक राजेश कुमार त्रिपाठी, आबकारी निरीक्षक विवेक दूबे क्षेत्र प्रथम, आबकारी निरीक्षक अखिलेश चन्द्र त्रिवेदी क्षेत्र द्वितीय अपनी टीम के साथ लगे थे।



पकड़ी गई शराब के साथ सीओ सिटी

# सीडीओ की अध्यक्षता में निगरानी समिति की बैठक संपन्न

**बैठक**

**एफपीओ की समस्याओं को अधिकारी कराये निस्तारण : सीडीओ**

**मीरजापुर।** मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी वीएस की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में जनपद स्तरीय निगरानी समिति की बैठक आहूत की गयी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने कृषक उत्पादक संगठन की समीक्षा करते हुये कहा कि पशुपालन व मत्स्य पालन, उद्यान विभाग कृषको को व्यवसाय हेतु प्रेरित करें। उन्होने कहा कि सभी संगठन अपनी प्रगति रिपोर्ट से प्रत्येक माह उपलब्ध करायें। उपायुक्त उद्योग अशोक कुमार ने जानकारी देते हुये बताया कि कृषक सम्बन्धी तीन योजनाए संचालित हैं। उन्होने कहा कि योजना के लाभ हेतु उद्योग की बेबसाइट पर आनलाइन आवेदन भी कर सकते हैं। उन्होने कहा कि ऐसे कृषक जिन्होने अभी तक अपना रजिस्ट्रेशन नही कराया है वे अवश्य अपना रजिस्ट्रेशन करा लें। मुख्य विकास अधिकारी समस्याओं को सुनते हुये सम्बन्धित विभाग के अधिकारी को अगली बैठक के पूर्व निस्तारण हेतु निर्देशित किया। उप निदेशक कृषि अशोक उपाध्याय ने एफ0पी0ओ0 से कहा कि जो भी उत्पाद उनके द्वारा बनाया जा रहा है उसे अगली बैठक दिखाये जाये।




# ग्रामीणों संग विधायक ने किया हवन पूजन

**हलिया।** क्षेत्र के भटवारी गांव में गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा आयोजित एक दिवसीय त्रिकुंडीय गायत्री महायज्ञ में ग्रामीणों ने छानबे विधायक रिंकी कोल संग विधि विधान से हवन पूजन किया। हरिद्वार से पधारे आचार्य शालिक राम मौर्य ने 51 किलो तिल जौ, गुड़ घी आदि हवन सामग्री से विधि विधान से यज्ञ पूजन कराया। आचार्य शालिक राम मौर्य ने बताया कि विश्व कल्याण और सुख शांति के लिए गायत्री महायज्ञ किया गया है यज्ञ से वातावरण शुद्ध हो जाता है। सभी को प्रतिदिन हवन पूजन करना चाहिए इससे जहां देवता प्रसन्न होकर आत्मिक शांति प्रदान करते हैं। कहा कि समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने के लिए लोगों को गायत्री परिवार से जुड़ने की आवश्यकता है। छानबे विधायक रिंकी कोल ने हवन पूजन के पश्चात उपस्थित महिलाओं से बालिकाओं के शिक्षा एवं स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने की अपील की। इस दौरान आचार्य राम शिरोमणि मौर्य, आचार्य राम जियावन मौर्य, भगवत प्रसाद मौर्य, सांसद प्रतिनिधि विकास सोनकर, ग्राम प्रधान राजेश मौर्या, लालजी मौर्य, शशिकांत पटेल, सूरज मौर्य, गुलाब बहादुर पटेल, प्रेमचंद मौर्य, यज्ञ नारायण मौर्य, जगन्नाथ सिंह, लालमणि मौर्य, पूनम मौर्या, अनीता मौर्या आदि मौजूद रहे।



# मंडलीय अस्पताल को मिली अल्ट्रांसाउड, स्कैनिंग मशीन

**जनसंदेश न्यूज**

**नेक कार्य**

**मंडलीय अस्पताल को मिली अल्ट्रांसाउड, स्कैनिंग मशीन**

**आयुक्त व डीएम ने मण्डलीय अस्पताल के महिला अस्पताल का किया निरीक्षण**

**मीरजापुर।** मंडलीय अस्पताल के महिला अस्पताल में पहुंचे मण्डलायुक्त डॉ0 मुथुकुमार स्वामी बी0 व जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने अस्पताल में भ्रमण कर निरीक्षण किया। अस्पताल के विभिन्न वार्डो, आपरेशन थियेटर में भ्रमण कर व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान मण्डलायुक्त ने वार्ड के बाहर बैठे तीमारदारों तथा भर्ती मरीजों से उनके स्वास्थ्य व अस्पताल की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी प्राप्त किया। वार्ड के बाहर मरीजों के तीमारदारों के बैठने के लिये प्लास्टिक की टूटी हुयी कुर्सियों को देखकर फाइबर की कुर्सियों की जगह पर बेंच रखे जाने को कहा। महिला अस्पताल में पुराने भवनों के ध्वस्तीकरण के बाद उसके निर्माण कार्य प्रारम्भ करने का निर्देश राजकीय निर्माण निगम को दिया। पुरूष अस्पताल के सभागार में मण्डलायुक्त व जिलाधिकारी द्वारा प्राचार्य मेडिकल कालेज एवं अस्पताल के सभी चिकित्सकों, फार्मासिस्ट व अन्य स्टाफ के साथ बैठक कर अस्पताल की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने का निर्देश दिया गया। बैठक में कहा कि मरीजों को छोटी पर्ची पर दवा न लिखा जाय। हैं। मरीज के पंजीकरण पर्ची पर ही दवा लिखा जाये। चिकित्सक उस पर अपना हस्ताक्षर करे तत्पश्चात दवा वितरण कक्ष में उस पर्ची कर नम्बर दर्ज करते हुये कौन सी दवा दी गयी उसे भी दर्ज कराया जाय। मण्डलायुक्त ने कहा कि वेयर हाउस में मेडिकल कारपोरेशन के द्वारा दवायें आपूर्ति की जाती है फिर भी यदि इमरजेंसी के लिये किसी बीमारी हेतु जिस चिकित्सक को दवा रखने की आवश्यकता महसूस होती है तो उसकी सूची बनाकर प्राचार्य मेडिकल कालेज को दे एवं प्राचार्य मेडिकल कालेज इन दवाईयो को लोकल स्तर पर पहले से ही आवश्यकतानुसार परचेज कर सुनिश्चित करायें।

आयुक्त ने कहा कि सरकारी अस्पतालों में काफी सुविधाये मुहैया करायी गयी है, अस्पतालों में आने वाले गरीब व बेसहारा मरीजो को हर सुविधा उपलब्ध कराते हुये इलाज सुनिश्चित किया जाय। उन्होने कहा कि कोशिश यह करे कि किसी को प्राइवेट अस्ताल में न जाना पड़े। अल्ट्रासांउड, स्कैनिंग आदि की मशीनों को संचालित करते हुये टेक्निीशियन की मांग शासन कर ली जाय। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने कहा कि चिकित्सक का ही ऐसा क्षेत्र है जिसे ईश्वर का दूसरा दर्जा दिया जाता हैं। उन्होने कहा कि यहां आने वाले मरीजों को अपने प्रोफेशन से ऊपर से उठकर मानवीय दृष्टिकोण से उनकी मदद करे। जिलाधिकारी ने कहा कि यदि किसी चिकित्सक व स्टाफ को कोई भी समस्या हो तो उसे सम्पर्क कर अवगत कराये। प्राचार्य मेडिकल कालेज ने बताया कि अल्ट्रांसाउड, स्कैनिंग की मशीने उपलब्ध करा दी गयी है। टेक्नीशियन की मांग की गयी है रेडियोलाजिस्ट के मिलते ही मशीनों को चालू करा दिया जायेगा। अगले दो माह के अन्दर सिटी स्कैन, का कार्य भी अस्पताल में प्रारम्भ हो जायेगा।



अस्पताल का निरीक्षण करते आयुक्त व डीएम

# एरियर व एनपीएस बकाये के लिए आमरण अनशन करेगा शिक्षक संघ

**जनसंदेश न्यूज**

**निर्णय**

**डीआईओएस कार्यालय की कार्यशैली से उपजा असंतोष**

**मीरजापुर।** जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय की कार्यशैली को लेकर शिक्षकों में गहरा आक्रोश है। जिले का कोई ऐसा एडेड माध्यमिक विद्यालय नहीं है, जहां के शिक्षकों व कर्मचारियों के लाखों-लाख रुपये चयन पदोन्नति प्रथम वेतन, वेतन अवशेष आदि के प्रकरणों के पेंडिंग न हो। एनपीएस कटौती की राशि का मामला और भी गंभीर है। यहां सरकारी अंशदान की राशि शिक्षकों व कर्मचारियों के प्रान खाते में दो साल पीछे चल रही है। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ अब इस मामले में निर्णायक आंदोलन का मन बना चुका है।

संगठन के जिलाध्यक्ष सत्यभूषण सिंह व जिला मंत्री डॉ० रमा शंकर शुक्ल ने शुक्रवार को पुनः स्मरण पत्र जिला विद्यालय निरीक्षक को सौंपते हुए चेतावनी दी है। कहा है कि यदि इस बार समस्याओं का निस्तारण न किया गया तो संघ आमरण अनशन के लिए बाध्य हो जायेगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला मंत्री डॉ० रमा शंकर शुक्ल ने कहा कि शिक्षक व कर्मचारी जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय व प्रबंधन के दो पाटों के बीच में पिस रहा है। जहां प्रबंधन सही समय पर चयन पदोन्नति और प्रोन्नति प्रकरणों को न भेजकर शोषण के बाद बहुत विलंब से पत्रावलियां डीआईओएस कार्यालय प्रेषित करता है, यही डीआईओएस कार्यालय कई माह तक मामले को लटकाये रहने के बाद अनुमोदन प्रदान करता है। ऐसे में बीच के माह की राशि एरियर के रूप में लटक जाती है। फिर इस एरियर की पत्रावली तैयार करने और जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय भेजने में एक बार फिर शिक्षक व कर्मचारी शोषण का शिकार होता है। वहां से डीआईओएस कार्यालय में आकर तो पत्रावली धूल ही फाकती रह जाती है।

विभागीय अधिकारी जितनी घौंस विद्यालयों में निरीक्षण के लिए जाकर शिक्षकों व कर्मचारियों पर जमाते हैं। यदि उसका दसांश अपने कार्यालय के कर्मचारियों पर जमा दें, तो सभी प्रकरणों का निस्तारण हो जाये। डॉ० शुक्ल ने बताया कि अवशेष भुगतान के लिए संगठन ने 23 फरवरी को डीआईओस को ज्ञापन सौंपा था। तीन माह बीतने के बाद एक भी प्रकरण का निस्तारण नहीं हो सका है। एनपीएस की राशि प्रान खातों में दो साल पीछे चल रही है। जबकि सूबे के शेष जिले मे अद्यतन अपडेट है। जिला विद्यालय निरीक्षक का अपने कार्यालय पर कोई नियंत्रण नहीं रह गया है।

# बीएसपी की बैठक संपन्न

**मीरजापुर।** बहुजन समाज पार्टी के तत्वावधान में नगर विधानसभा स्तरीय पदाधिकारी कार्यकर्ता बैठक डंगहर मोहल्ले में संपन्न हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि अमरजीत गौतम मुख्य जॉन इंचार्ज मीरजापुर मंडल ने नगर विधानसभा कमेटी व बूथ की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि आप सभी कार्यकर्ता पदाधिकारी मिलकर गांव गांव जाकर बहुजन समाज पार्टी के उपलब्धियों को बताने का कार्य करें तथा संगठन में सर्व समाज को जोड़ने का भी कार्य करें। वही सद्दाम लाइन ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि बहुजन समाज पार्टी 2007 से 2012 तक के सरकार में शोषित दलित मजदूर एवं अल्पसंख्यक तथा अपर कास्ट पिछड़ा वर्ग को लोगों को भोजन समाज पार्टी में सम्मान दिया गया। इस बैठक में शशि भूषण, रामचंद्र बिंद, सुरेंद्र मौर्य, उमेश चौधरी, मुन्ना लाल गौतम, राजू भारती, ऋषि पांडे, सिकंदर, सुदर्शन, बबलू, कौशल, जगदीश सोनकर, मंगरु, लाठीवाले, मनोज गौतम, कन्हैयालाल आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जामुन के पेड़ से गिरा बालक गंभीर, जिला हॉस्पिटल रेफर

**हलिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव में शुक्रवार को जामुन के पेड़ पर चढ़ कर फल खाने के लिए तोड़ रहा था कि अचानक 8 वर्षीय बालक पेड़ से जमीन पर गिर कर अचेत हो गया। जिसका दाहिना हाथ टूट गया। परिजनों ने आनन-फानन में एक निजी चिकित्सालय ले गए जहां पर चिकित्सक ने जिला हॉस्पिटल के लिए रेफर कर दिया। स्थानीय थाना क्षेत्र के पटपरा गांव निवासी सुभाष का 8 वर्षीय बेटा बाबू साहब घर के पास जामुन के पेड़ पर फल तोड़ने के लिए चढ़ा था कि पेड़ से करीब 20 फीट ऊपर जामुन की डाल टूटने से जमीन पर गिर गया और अचेत हो गया। जिससे परिजनों ने आनन-फानन में हलिया स्थित एक निजी चिकित्सालय में ले आए जहां पर चिकित्सक ने बताया कि दाहिना हाथ टूट गया है प्राथमिक उपचार के बाद जिला हॉस्पिटल के लिए रेफर कर दिया।

# ई केवाईसी के लिए बरौंधा में लगा कैंप

**लालगंज।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत पंचायत भवन बरौंधा में प्रधान प्रतिनिधि गोपाल कोल की अध्यक्षता में शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान पीएमएसवाई योजना के तहत लाभान्वित होने वाले किसानों का सत्यापन किया गया। शिविर में 102 किसानों भू लेखांकन किया गया। बता दें कि अभिलेखीय त्रुटि के कारण इन किसानों को मिलने वाली सहायता राशि पर रोक लग गई थी। जिससे इन किसानों के खाते में किसान सम्मान निधि की सहायता राशि नहीं मिल पा रही थी। कृषि प्राविधिक सहायक आकाश कुमार ने बताया कि 204 किसानों का ई के वाई सी किया गया। वहीं 86 किसानों का पोस्ट आफिस में खाता खोलवाया गया। अभी तक योजना से वंचित 14 किसानों को नये लाभार्थी के रूप में चयन किया गया। प्रधान प्रतिनिधि गोपाल कोल ने बताया कि ग्राम पंचायत में कुल 518 किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से लाभान्वित किया जाएगा।

# सीडीओ ने कलस्टर सुविधा की बैठक कर ली जानकारी

**मीरजापुर।** मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी वीएस की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में जनपदीय जी0आई0 समिति/कलस्टर सुविधा इकाई की बैठक कर प्रगति के बारे में जानकारी ली गयी। बैठक में बताया गया कि जी0आई0 टैग से फसलों की पहचान नही बदली जा सकेगी। इससे निर्यात को बढ़ावा मिलेगा तथा अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में एक ट्रेडमार्क के रूप में देखा जायेगा। इससे जनपद के किसानों को उनके उत्पाद का अधिक मूल्य मिलेगा और उनकी आय में वृद्धि होगी। जनपद में जी0आई0 टैग के लिये देसी ज्वार व देसी बाजरा का आवेदन कराया जाना हैं। जी0आई0 प्राप्त व्यक्ति चीनी चावल के अधिकृत उपयोगकर्ता हेतु आवेदन जिला कृषि अधिकारी के माध्यम से आधार कार्ड एवं खतौनी देते हुये फार्म भरकर जी0आई0 उत्पाद उगा सकते हैं। इसी प्रकार आम, पान व बैंगन की खेती हेतु जिला उद्यान अधिकारी के माध्यम से फार्म भर कर सकते हैं। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि जी0आई0 टैग कृषि फसलों के बीज, तकनीकी सहयोग कृषकों को उपलब्ध कराते हुये अधिक से अधिक जी0आई0 उत्पादों के अधिकृत यूजर हेतु रजिस्ट्रेशन करायें। जिससे जनपद की पहचान उत्पादों के माध्यम से देश व विदेश में बढ़ें। बैठक में सदस्य सचिव ज्येष्ठ कृषि विपणन निरीक्षक, कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार निदेशालय के जनपदीय अधिकारी संजय कुमार, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी मेवा राम सहित कृषक व एफ0पी0ओ0 उपस्थित रहें।

## 6 मई को होगा वितरण समारोह

**मीरजापुर।** उत्तर प्रदेश माटी कला बोर्ड के द्वारा 6 मई को दोपहर 01 बजे कंबल कारखाना परिसर पथरिया रोड में चाक वितरण समारोह का आयोजन किया जाएगा। जिसमें 2022 से 23 में योजना अंतर्गत चयनित लाभार्थियों को निशुल्क चाक का वितरण किया जाएगा। यह जानकारी जिला ग्रामोद्योग अधिकारी ध्यानचंद ने दिया है।

## महिला ने पति सहित आठ पर दर्ज कराया मुकदमा

**हलिया।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के चंद्रगढ़ गांव निवासी रामकरन की पुत्री गुलाबकली ने पति तथा ससुराल वालों पर दहेज को लेकर घर से बाहर निकालने, मारपीट करने तथा जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए गुरुवार की देर रात ड्रमंडगंज थाने में तहरीर देकर दहेज प्रताड़ना सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है। महिला की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। दी गई तहरीर में महिला ने आरोप लगाया कि वर्ष 2015 में प्रयागराज जिले के कोरांव थाना क्षेत्र के अमिलिया गांव निवासी सर्वेश के साथ शादी हुई थी। पति ने बिना तलाक दिए दूसरी शादी कर ली। पति सर्वेश श्वसुर भाईलाल, सास रामकली, जेठ रमेश, जेठानी रामरती, देवर कमलेश निवासी अमिलिया व ननद रेशमा और उसके पति राम ललित निवासी उमरी थाना कोरांव जिला प्रयागराज ने दहेज को लेकर मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए घर से बाहर निकाल दिया। मायके में पिता के घर पर दो वर्षों से बच्चों के साथ गुजर बसर कर रही है।

# डीआईजी ने चलाया 24 घंटे का अभियान, 12 पर लगा गैंगस्टर

**सख्ती**

**20 पर लगा गुंडा एक्ट, 13 अपराधियों की खुली फाइल**

**मिजार्पुर।** विंध्याचल मंडल पुलिस ने 1 दिन में बडी कार्यवाही करते हुए 12 अपराधियों पर गैंगेस्टर एक्ट व 20 अपराधियों के विरुद्ध गुण्डा एक्ट के तहत कार्यवाही किया। 13 सक्रिय अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोली गयी। इसके साथ ही गौ 7 तस्करों को गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से 23 गाय व 15 बछड़ा एवं 1 स्कार्पियो बरामद किया गया।पुलिस ने अवैध खनन के विरुद्ध कार्यवाही कराते हुए 3 ट्रक, 1 जेसीबी व 4 ट्रैक्टरों को सीज किया। विभिन्न अभियानों के क्रम में पुलिस उपमहानिरीक्षक विन्ध्याचल परिक्षेत्र आर0पी0 सिंह के निर्देशन में कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए 24 घंटे का विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान सक्रिय एवं अभ्यस्त अपराधियों पर नकेल कसते हुए परिक्षेत्र के जनपदों भदोही, मिजार्पुर और सोनभद्र में एक दिन के लिए विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान 12 अभ्यस्त अपराधियों पर गैंगेस्टर एक्ट की कार्रवाई की गई। 20 अपराधियों के खिलाफ गुण्डा एक्ट के साथ ही 13 सक्रिय अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोली गयी। दुधारु पशुओं एवं गोवंश के तस्करी को रोके जाने के लिए गौ तस्करों के विरुद्ध अभियान चलाकर 7 तस्करों को गिरफ्तार करते किया गया। उनके कब्जे से 23 गाय व 15 बछड़ा एवं 1 स्कार्पियो बरामद किया गया। अवैध खनन में संलिप्त माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई करते हुए विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 3 ट्रक, 1 जेसीबी व 4 ट्रैक्टरों को सीज किया गया। एक दिन में परिक्षेत्र स्तर पर की जाने वाली अब तक की सबसे बड़ी कार्यवाही बताया गया है।



डीआईजी आर0पी0 सिंह

## संक्षेप

### बंधी में डूबने से किशोर की मौत



जिगना। विन्ध्याचल थाना क्षेत्र के विजयपुर निवासी की 15 वर्षीय अयान पुत्र नसीम की गांव स्थित बंधी में डूबने से मौत हो गयी। घटना शुक्रवार सुबह 8 बजे की है। बताया जाता है कि अयान अपने दोस्तों संग शुक्रवार की सुबह बंधी में स्नान करने गया था। और तैरना नही जानता था। दर्जनों की संख्या में दोस्तों ने स्नान के दौरान जब अयान नही दिखा तो परिजनों ने खोजबीन शुरू किया। और फिर गहरे पानी में अयान का शव मिला। दो भाईयों में बड़ा अयान कक्षा 9 का छात्र था और छोटा भाई अदनान है। पिता नसीम दुबई में रहकर काम करते है। अयान के असमय मौत से परिजन व मोहल्ले में मातम का माहौल है।

### पूरा पैसा दे दो नहीं तो जाओगे जेल

मड़िहान। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से वंचित किसानों की सुविधा के लिए गांव गांव कैम्प किया जा रहा है। आरोप है कि कैम्प कर्मचारी द्वारा लाभार्थी किसान का अभिलेख अपने पास रख लिया। धमकी दिया गया कि पैसा वापस कर दो नही तो जाओगे जेल। यह मामला मड़िहान तहसील क्षेत्र के कलवारी गांव में 29 मई का है। लाभार्थी द्वारा पुलिस को दिए गए। शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि तहसील का एक संविदा कर्मचारी कम्प्यूटर ऑपरेटर पैसे की मांग करते हुए आधार कार्ड व बैंक पास बुक अपने पास रख लिया। अभिलेख मांग करने पर धमकी दी जा रही है।

### हत्या का प्रयास करने का आरोपी गिरफ्तार

मीरजापुर। बीते 29 मार्च को थाना विन्ध्याचल क्षेत्रान्तर्गत अकोढ़ी गाँव निवासी जय प्रकाश सरोज पुत्र रामनाथ पासी द्वारा नामजद आरोपियों के विरुद्ध लिखित तहरीर दी गई थी। पुलिस अधीक्षक द्वारा उक्त घटना को गंभीरता से लेते हुए आरोपियों की यथाशीघ्र गिरफ्तारी करते हुए अग्रिम विधिक कार्यवाही करने हेतु क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक विन्ध्याचल को निर्देश दिए गए। जिसके क्रम में शुक्रवार को प्रभारी निरीक्षक थाना विन्ध्याचल अतुल कुमार राय मय पुलिस बल द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना विन्ध्याचल क्षेत्र से आरोपी धनन्जय उर्फ बंटी पुत्र सुधाकर निवासी अकोढ़ी थाना विन्ध्याचल को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

### एक वारंटी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा न्यायालय

हलिया। ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के चंद्रगढ़ मुड़ेल गांव से एक वारंटी को शुक्रवार सुबह पुलिस ने उसके घर से गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। चंद्रगढ़ मुड़ेल गांव निवासी नागेन्द्र सिंह किसी मुकदमे में न्यायालय द्वारा सूचना दिए जाने के बाद भी हाजिर नहीं हो रहे थे न्यायालय ने उसके खिलाफ वारंट जारी किया था। जिस पर शुक्रवार को एसआई प्रभुनाथ शर्मा हेड कांस्टेबल मान सिंह,श्यामजी ने वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। थानाध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह ने बताया कि किसी मुकदमे में सूचना के बाद भी न्यायालय में पेश नहीं होने पर न्यायालय के आदेश पर वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया है।

### ब्रेक फेल होने से गड्ढे में धंसा अनियंत्रित ट्रक का पहिया

हलिया। ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के मीरजापुर रीवां राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित ड्रमंडगंज घाटी के बड़का मोड़ घुमान पर शुक्रवार सुबह 11 बजे के करीब मध्य प्रदेश के सीधी जिले से गिट्टी लादकर वाराणसी जा रहे ट्रक का अचानक ब्रेक फेल हो गया संयोग ठीक था कि ट्रक अनियंत्रित होकर गड्ढे में जाकर धंस गया और सैकड़ों फीट नीचे जाकर पलटने से बच गया। सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह एसआई अवधेश कुमार सिंह ने मौके पर पहुंचकर घटना की जांच पड़ताल की। ड्रमंडगंज घाटी के बड़का मोड़ घुमान पर आए दिन हो रही दुर्घटना में वाहनों को पलटने से बचाव हेतु पुलिस ने गड्ढा खुदवा दिया है जिससे ब्रेक फेल होने वाले वाहनों के पहिए गड्ढे में धंसकर आगे नहीं बढ़ पाते जिससे वाहन दुर्घटना में कमी आई है।

### पंजाब नेशनल बैंक के स्टेबलाइजर में शॉर्ट सर्किट से लगी आग

हलिया। क्षेत्र के हलिया कस्बा के सोनकर बस्ती स्थित पंजाब नेशनल बैंक की शाखा परिसर में लगा स्टेबलाइजर में शुक्रवार को 11 बजे दिन में विद्युत शॉर्ट सर्किट होने से आग लग गई। स्टेबलाइजर में आग लगते ही शाखा परिसर में धुआं धुआं हो गया। आग लगते ही बैंक में अफरा-तफरी मच गई। बैंक में ड्यूटी कर रहे पुलिसकर्मियों की सक्रियता से तत्काल स्टेबलाइजर में लगी आग को बैंक में मौजूद अग्निशमन यंत्र से आग पर काबू पाया तब जाकर ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। हालांकि आगजनी की घटना से बैंक में किसी प्रकार का कोई हताहत नहीं हुआ है। स्टेबलाइजर में शॉर्ट सर्किट से आग लगने की सूचना पर सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जुट गई।

### शातिर वाहन चोर गिरफ्तार

अहरौरा। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान तथा वाहनों की चोरी एवं उनकी बिक्री करने वालों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करने का निर्देश दिये गये है। उक्त निर्देश के अनुक्रम में गुरूवार को उ0नि0 सदानन्द यादव व उ0नि0 मोती सिंह मय पुलिस बल द्वारा मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर थाना अहरौरा क्षेत्र से शातिर वाहन चोर राम सकल पुत्र सुरश्याम निवासी सोनपुर थाना अहरौरा को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से चोरी की एक मोटरसाइकिल बरामद किया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना अहरौरा पर धारा 411,414 भादवि पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार अभियुक्त को जेल भेजा गया।

### किशोरियों एवं महिलाओं को किया गया जागरूक

जमालपुर। शुक्रवार को व्लाक सभागार में हीलिंग फील्ड फाउंडेशन द्वारा मासिक धर्म स्वच्छता दिवस के अवसर पर किशोरियों एवं महिलाओं को जागरुक किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ राजन सिंह ने किया। उन्होंने गांव की महिलाओं और किशोरियों को मासिक धर्म, स्वास्थ्य संबंधित, साफ सफाई एवं सावधानियों के बारे में बताया। कार्यक्रम में महिला चिकित्सक डाक्टर स्नेहलता गुप्ता ने किशोरियों को खानपान संबंधी पौष्टिक आहार, गर्भवती महिलाओं को टीके का इंजेक्शन तथा लगातार स्वास्थ्य जांच करने पर बल दिया। हीलिंग फील्ड फाउंडेशन की असिस्टेंट प्रोग्राम मैनेजर चंद्रकला सिंह ने संस्था के उद्देश्य के बारे में बताया। कार्यक्रम में फील्ड कोऑर्डिनेटर सरिता सिंह, शशि बाला, आशा कार्यकत्री सहित तमाम महिलाएं मौजूद रही।

### संदिध परिस्थिति में अधेड़ की मौत

लालगंज। स्थानीय थाना क्षेत्र के लहंगपुर चौकी अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग 135 के सर्विस रोड के किनारे क्षेत्र में घूमकर सिलाई मशीन बनाने वाले व्यक्ति की लहंगपुर बाजार के सर्विस रोड पर अज्ञात कारणों से शुक्रवार को अपरान्ह बाद साढ़े चार बजे रोड पर चलते समय अचानक गिरने से मौत हो गई। मौत की जानकारी मिलते ही लहंगपुर चौकी प्रभारी सदानंद सिंह मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल करने में जुट गए?। बाजारवासियों ने बताया कि 50 वर्षीय खालिद पुत्र हलीम निवासी सिंधुरिया थाना विंध्याचल लहंगपुर क्षेत्र में घूमकर सिलाई मशीन बनाने का कार्य करता था कि लहंगपुर बाजार के सर्विस रोड पर चलते समय अचानक गिर जाने से उसकी मौत हो गई है। मौत की जानकारी मिलते ही बाजारवासियों के साथ चौकी प्रभारी मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल करने में जुट गए। मौत की खबर की जानकारी चौकी प्रभारी ने मृतक के परिजनों को दे दिए थे।

### नाबालिग को भगाने का आरोपी गिरफ्तार

मीरजापुर। थाना कोतवाली कटरा पर बीते 9 अगस्त को एक व्यक्ति द्वारा नामजद आरोपियों के विरूद्ध अपनी नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर भगाने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई थी। जिसके आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा उपरोक्त घटना को गंभीरता से लेते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी व अपहृता की बरामदगी करने हेतु प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कटरा को निर्देशित किया गया था। जिसके क्रम में शुक्रवार को उ0नि0 अखिलेश मिश्रा मय टीम द्वारा थाना को0कटरा पर पंजीकृत पॉक्सो से सम्बंधित अभियुक्त मुन्तजीर उर्फ सोनीरूल इस्लाम पुत्र हाफिजुल शेख निवासी शिवनगर थाना रानीताला जनपद मुर्शिदाबाद पश्चिम बंगाल को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

### अधेड़ ने फांसी लगाकर दी जान

जिगना। स्थानीय थाना के क्षेत्र के कोठरा कतिंत बलुवा गांव में शुक्रवार को दोपहर दो बजे सरजू प्रसाद सिंह पुत्र स्वर्गीय राम राज सिंह उम्र 45 वर्ष अपने कमरे में पंखे से साड़ी के सहारे फांसी पर झूल गया। जिसके कारण उनकी मृत्यु हो गई। घरवाले आनन–फानन में घर का दरवाजा तोड़ कर उपचार के लिए एक निजी अस्पताल में ले गए। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी पुलिस को दे दी गई है। घटना की जानकारी पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

### केन्द्रीय सहकारी उपभोक्ता भण्डार का चुनाव सम्पन्न

**मीरजापुर।** राजपुर स्थित सहकारी संघ लि0 राजपुर के प्रांगण में केन्द्रीय सहकारी उपभोक्ता भण्डार मीरजापुर 2023 का निर्वाचन सम्पन्न हुआ। जिसमें भारतीय जनता पार्टी ने सभापति व उपसभापति सहित 12 डायरेक्टर एवं अन्य समितियों में भेजे जाने वाले प्रतिनिधियों के पद पर निर्विरोध कब्जा किया। सभापति नागेश्वर नाथ तिवारी एवं उपसभापति अखिलेश कुमार सिंह निर्विरोध निर्वाचित हुए। डायरेक्टर पद हेतु मार्तण्ड प्रताप सिंह, अश्विनी सिंह, ओम प्रकाश सिंह, राजेश कुमार, गीता देवी, पिंकी श्रीवास्तव, शिवम सिंह, उमाशंकर मिश्रा, अरविंद कुमार दूबे एवं राजेश कुमार सिंह का निर्विरोध निर्वाचन हुआ। उक्त पदाधिकारियों के निर्विरोध निर्वाचन पर जिलाध्यक्ष भाजपा बृजभूषण सिंह ने पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दिया। शुभकामनाएं देने वालों में दिनेश प्रताप सिंह, जगदीश सिंह पटेल, हरिशंकर सिंह पटेल, कौशल श्रीवास्तव, शिव शरण राय, विजय वर्मा पूर्व चेयरमैन चुनार, दिनेश सिंह जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा, ज्ञान प्रकाश दूबे आदि रहे।

# मृत्यु भोज का लोगों ने किया बहिष्कार

## विरोध

### जंगीपुर कला में आयोजित हुआ श्रद्धांजलि समारोह

**करंजाकला।** मृत्यु भोज समाज में फैली हुई कुरीति समाज के लिए अभिशाप है। इसका बहिष्कार होना चाहिए। ब्लाक के जंगीपुर कला ग्राम प्रधान बृजनाथ यादव ने अपने भाई की मृत्यु के बाद श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया।

उन्होंने कहाकि मृत्यु भोज फिजूल खर्ची का जरिया है इससे लोगों को बचना चाहिए। बचे पैसे से समाज में लोगों की मदद करें। दूधनाथ यादव कहा कि रूढ़ीवादी को समूल नष्ट करने के लिए समाज संगठन को संकल्प लेना जरूरी है। मृत्यु भोज उन्मूलन एवं समाज हित है। जंग बहादुर यादव ने कहा कि पहले गंगा के पवित्र जल को घर में पवित्र किया जाता है। अगले दिन त्रयोदशी पर 13 ब्राह्मणों पूज्यजनों, रिश्तेदारों और समाज के लोगों को सामूहिक रूप से भोजन कराना गलत है। पंकज ने बताया कि इतना खर्चीला हो गया कि कई गरीब परिवारों को इसके कारण कमर टूट जाती है। वह कर्ज के तले दब जाते हैं। अध्यापक नागेश्वर यादव ने बताया कि गीता में श्रीकृष्ण भगवान ने कहा है कि आत्मा अजर अमर है। आत्मा का नाश नहीं हो सकता। केवल युगों युगों तक शरीर बदलती है। दिवाकर ने कहा मृत्यु भोज नहीं खाना चाहिए। श्रद्धांजलि सभा में विजयी यादव, अजय कुमार, नन्हे यादव, मुनि लाल यादव अध्यापक, मकरू यादव, उमाशंकर यादव, बीरेंद्र यादव, धीरज, राहुल, नीरज, अजीत यादव, शरद यादव, शैलेंद्र आदि मौजूद रहे। इस दौरान लोगों को मृतक भोज न करने की शपथ भी दिलाई गई।

# साक्षी के हत्यारे को दी जाय फांसी : अजय पाण्डेय

## मांग

### दिल्ली हत्याकाण्ड को लेकर सड़क पर उतरा हिन्दू संगठन

### अहिप कार्यकर्ताओं ने डीएम के माध्यम से राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

**जौनपुर।** भारत में महिला राष्ट्रपति होने के बाद भी दिल्ली में एक हिन्दू बेटी की खुलेआम हत्या हो जाना यह प्रदर्शित करता है कि भारत में हिन्दू खतरे में है। प्यार के नाम पर मासूम हिंदू बहन–बेटियों की हो रही नृशंस हत्या के विरुद्ध केंद्रीय कानून बनाया जाय। इसी को लेकर अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद सहित उससे जुड़े संगठनों के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति को भेजा गया जो जिलाधिकारी के प्रतिनिधि के रूप में मौजूद प्रशासनिक अधिकारी को दिया गया।

ज्ञापन के माध्यम से परिषद के जिलाध्यक्ष अजय पाण्डेय ने कहाकि भारत के अंदर आये दिन कट्टरवादी इस्लामिक मानसिकता रखने वाले लोग अपना नाम बदलकर एवं धर्म छिपाकर मासूम हिंदू बहन–बेटियों को लव जिहाद के नाम पर बहलाते–फुसलाते हैं और उसके बाद उनका धर्मांतरण करवाकर नारकीय जिंदगी जीने के लिए विवश करते हैं। हिंदू लड़की द्वारा इस्लाम स्वीकार न करने पर उसको बर्बरतापूर्ण मौत के घाट उतार दिया जाता है। विदित हो कि दिल्ली में साहिल नामक इस्लामिक कट्टरपंथी व्यक्ति ने नाबालिग हिंदू बेटी साक्षी को सिर्फ इसलिए मौत के घाट उतार दिया, क्योंकि उसने साहिल के जिहादपूर्ण प्रेम प्रस्ताव और उसके साथ शादी करने से मना कर दिया। साक्षी के शरीर पर 40 से भी अधिक बार चाकू से किया गया और फिर पत्थर से पीट–पीट कर उसे मौत के घाट उतार दिया गया। श्री पाण्डेय ने कहा कि जब साहिल की गिरफ्तारी हुई, उस समय उसके हाथ में कलावा और गले में रुद्राक्ष की माला थी। इससे सिद्ध होता है कि आज भारत में बड़े स्तर पर हिंदू लड़कियों को लव जिहादी षड्यंत्र में फंसाकर धर्मांतरण करके उन्हें मौत के मुंह में धकेला जा रहा है।

उन्होंने बताया कि अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद जौनपुर (काशी प्रांत) की मांग है कि अपनी असली पहचान व धर्म छिपाकर हिंदू लड़कियों को लव जिहाद के तहत प्रेमजाल में फंसाने वाले कट्टरपंथी लोगों के खिलाफ संसद में कानून बने जिसके तहत अपराध सिद्ध होने पर ऐसे दरिंदों को फांसी की सजा मिले। नाबालिग हिंदू बेटी साक्षी को बर्बरतापूर्ण मौत के घाट उतारने वाले साहिल के खिलाफ फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई कर फांसी की सजा दी जाय। जिहाद की शिक्षा देने वाले केंद्रों व व्यक्तियों की जांच उपरांत पूर्णतः प्रतिबंध लगे। भारत में जेहाद जैसे शब्दों को ही खत्म किया जाय और लव जिहाद करने वालों के लिए कानून बनाकर उसमें मृत्यु दण्ड का विधान बनाया जाय। जिलाध्यक्ष अजय पाण्डेय के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपने के दौरान विवेक उपाध्याय जिला उपाध्यक्ष अहिप, पवन राय जिला महामंत्री, आजाद शुक्ला जिला मंत्री, रमेश मिश्रा विभाग उपाध्यक्ष, विवेक कुमार, राकेश श्रीवास्तव विभागाध्यक्ष, सचिन श्रीवास्तव जिला उपाध्यक्ष, चंद्र प्रकाश तिवारी विभाग महामंत्री, डॉ. वीरेंद्र सिंह, सुधांशु गौड़ जिला उपाध्यक्ष, अजय श्रीवास्तव जिला उपाध्यक्ष राष्ट्रीय बजरंग दल सहित विभाग, जिला, तहसील स्तर के तमाम पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन सौंपता प्रतिनिधिमण्डल

# जेब में रखा मोबाइल हुआ ब्लॉस्ट, जख्मी

## विद्युत लाइनमैन की उंगली और जांघ में आयी गंभीर चोट

जनसंदेश न्यूज

**मुंगराबादशाहपुर।** स्थानीय विद्युत उपकेंद्र पर तैनात लाइनमैन की जेब में रखे मोबाइल के ब्लास्ट होने से उसे गंभीर चोटें आई हैं। उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मड़ियाहू में भर्ती कराया गया है। इस घटना से लोग हैरत में पड़ गये हैं।

बताते हैं कि मड़ियाहूं के मिरदहा मोहल्ला निवासी मोहम्मद अरशद मुंगराबादशाहपुर विद्युत उपकेंद्र पर पिछले अनेक वर्षों से सरकारी लाईन मैन के रूप में तैनात हैं। शुक्रवार की सुबह वह विभाग के काम से जलालपुर मोटरसाइकिल से गए थे। काम को निपटाने के बाद वह दोपहर को वापस मुंगरा आ रहे थे। जुमा की नमाज पढ़ने के लिए वह पुनः मड़ियाहूं जाने लगे। मड़ियाहूं के निकट कादीपुर के पास पहुंचे ही थे कि जेब में रखा उनका मोबाइल अचानक ब्लास्ट हो गया जिसके चलते उनके जांघ में गंभीर चोटें आई हैं। इसी के साथ ही उनकी उंगली में भी गंभीर चोट आई है। स्थानीय लोगों की मदद से उनके घर मिरदहा मुहल्ले में वाहन से पहुंचाया। जहां पर स्थानीय चिकित्सकों ने उनका इलाज किया। उनकी हालत खतरे के बाहर बताई जा रही है।



मोबाइल ब्लास्ट होने से घायल विद्युतकर्मी

# शासन की योजनाओं का पात्र व्यक्तियों तक पहुंचे लाभ

## बोले अनुज झा

### मड़ियाहूं में जनचौपाल का किया गया आयोजन, अधिकारियों को डीएम ने दिये कड़े निर्देश

**जौनपुर।** शासन की मंशा के अनुरुप जिलाधिकारी अनुज कुमार झा की अध्यक्षता में विकासखंड मड़ियाहूं ग्राम पंचायत राजापुर प्रथम में जन चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में ग्राम सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि ग्राम पंचायत में 312 परिवारों को आयुष्मान कार्ड तथा किसान सम्मान निधि के 377 लाभार्थियों को लाभ दिया जा रहा है और वृद्धावस्था, विधवा व दिव्यांग पेंशन भी दिया जा रहा है। सभी राशन कार्ड धारकों को राशन का लाभ प्राप्त हो रहा है।

जिलाधिकारी ने चौपाल में उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन पात्र लोगों का नाम अभी भी छूट गया है उनका नाम दर्ज कराते हुए शासन के द्वारा चलाई जा रही सम्पूर्ण जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जागरुक करते हुए पात्र व्यक्तियों को लाभ दिलायें। जिलाधिकारी ने ग्राम वासियों से पूछा कि गांव में कितने घंटे बिजली प्राप्त होती है जिस पर उनके द्वारा बताया गया कि बिजली मिलती है परंतु एक ट्रांसफार्मर कुछ दिनों से खराब पड़ा है जिस पर जिलाधिकारी ने एक्सईएन विद्युत को निर्देशित किया कि इसे जल्द से जल्द ठीक करा दिया जाए। जिलाधिकारी ने लेखपाल को निर्देशित किया कि गांव में वरासत की कोई पेंडेंसी न रहे साथ में गांव के सभी भूमि सम्बन्धी विवाद को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित किया जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि खराब हैंडपंपों को जल्द से जल्द रिबोर करा लिया जाय। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरुप जन चौपाल का आयोजन किया जाये और अधिक से अधिक आमजनमानस की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए शासन द्वारा चलाई गयी योजनाओं के बारे में लोगों को जागरुक किया जाये। एडीपीआरओ द्वारा अवगत कराया गया कि गांव में 211 नए शौचालय के लिए आवेदन प्राप्त हुए हैं जिसको सोमवार तक स्वीकृत करते हुए पैसा लाभार्थियों के खाते में भेज दिया जाएगा। गांव में प्रधानमंत्री आवास का लाभ 15 लाभार्थियों को प्राप्त हुए थे जिसमें चार लाभार्थियों द्वारा कार्य शुरू कराया जा रहा है और दो लाभार्थियों द्वारा कार्य शुरू न कराए जाने पर जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि 1 सप्ताह के अंदर कार्य चालू कराएं नहीं तो इनसे पैसे की वापसी कर ली जाए। जिलाधिकारी द्वारा स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से वार्ता किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने लेखपाल और पंचायत सहायक को निर्देशित किया कि आय प्रमाण पत्र जारी करने हेतु आज ही कैंप के माध्यम से जो भी छूटे हुए पात्र लाभार्थी हैं उनका यहीं फार्म भराया जाए। अर्चना पति लोलरक द्वारा रास्ते के संबंध में प्रार्थना पत्र दिया गया जिस पर जिलाधिकारी ने लेखपाल को निर्देशित किया कि गांव में जाकर निरीक्षण करें और आवश्यक कार्य कराएं। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी बृजभान सिंह, पीडी जयकेस त्रिपाठी, जिला पूर्ति अधिकारी संतोष विक्रम शाही, बेसिक शिक्षा अधिकारी डा. गोरखनाथ पटेल, डिप्टी पीडी आत्मा (कृषि) डॉ० रमेश चंद्र यादव व अन्य जिला स्तरीय अधिकारीगण, कर्मचारीगण एवं ग्रामीणवासी उपस्थित रहे।



मड़ियाहूं में आयोजित जनचौपाल में मौजूद जिलाधिकारी, सीडीओ व अन्य

## पिकअप की टक्कर से छात्र की मौत

**शाहगंज।** नगर के पुराना चौक मोहल्ला निवासी सुरेंद्र मोदनवाल का 20 वर्षीय पुत्र विवेक कलान स्थित श्री विश्वनाथ पालिटेक्निक कालेज में इलेक्ट्रिक द्वितीय वर्ष का छात्र था। विवेक प्रतिदिन की भांति शुक्रवार को भी बाइक से कालेज जा रहा था। बताते हैं कि पुल सराय गांव के समीप पीछे से आ रही तेज रफ्तार पिकअप ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि विवेक गम्भीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोग उसे पवई स्थित सीएचसी ले गये जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जवान लड़के की मौत से परिजनों शुभचिंतकों में शोक का माहौल है। पिता सुरेंद्र एक वैवाहिक कार्यक्रम में भाग लेने मुम्बई जा रहे थे। अभी रास्ते में ही थे कि मनहूस खबर मिल गयी। रास्ते से ही लौट रहे हैं। पिता कोतवाली चौक पर चाट पकौड़ी बेच किसी तरह परिवार का भरण–पोषण करते हैं। दो पुत्रों में व एक पुत्री में वो सबसे बड़ा था। फिलहाल पिकअप चालक वाहन सहित फरार हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के मृदुभाषी व व्यवहार कुशल होने के चलते नगर के लोगों में शोक व्याप्त है।

## नगर पालिका बोर्ड की प्रथम बैठक सम्पन्न

**शाहगंज।** नगर पालिका परिषद चुनाव के बाद प्रथम बोर्ड की बैठक आयोजित हुई। बैठक नपा की नव निर्वाचित अध्यक्ष रचना सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जहां अनुमानित उन्नीस करोड़ का बजट पारित हुआ वहीं कई महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर चर्चा हुई।

**बैठक में लगभग 20 करोड़ का अनुमानित बजट पास हुआ**

बैठक में मौजूद अध्यक्ष एवं अधिशाषी अधिकारी प्रदीप गिरी की मौजूदगी में सात सूत्रीय प्रस्ताव पास हुआ। जिसमें वित्तीय वर्ष 2023-24 का अनुमानित बजट समेत नाला सफाई, प्रमुख स्थानों पर वाटर कूलर लगाने, प्रमुख मार्गों पर नाला नालियों के अनुरक्षण एवं निर्माण, नगर के प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कैमरा लगाने, कोतवाली रोड़ पर लगायें गये डिवाइडर को हटाने व विद्युत पोल को किनारे स्थापित करने, नपा कार्यालय भवन एवं सभागार के मरम्मत एवं सभासद कक्ष के नव निर्माण पर प्रस्ताव रखा गया जिसे सर्व सम्मति से पारित किया गया। वहीं उन्नीस करोड़ इक्कानवें लाख सैतालीस हजार बहत्तर रुपये का अनुमानित बजट पास किया गया। इस दौरान सभी सभासद मौजूद रहे।

## दबंगों ने डीजे पर गाना बजाने को लेकर बारातियों को पीटा, छीना मोबाइल

जनसंदेश न्यूज

**जफराबाद।** जलालपुर क्षेत्र के सादीपुर गांव में गुरुवार की रात दबंगो ने डीजे पर गाना बजने को लेकर जमकर बारातियों को मारा पीटा। एक युवक का मोबाइल भी छीन लिया। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई।

उक्त गांव निवासी अशोक कुमार गिरी की पुत्री पूर्णिमा गिरी की शादी जलालपुर के लोहगाजर गांव निवासी प्रदीप गिरी पुत्र दिनेश गिरी से तय थी। गुरुवार की रात को बारात गांव में पहुंची। द्वारपूजा लगाने के लिए जब बाराती डीजे पर नाचते हुए चलने लगे तभी गांव के कुछ मनबढ़ व दबंग युवक डीजे पर फरमाइशी गाना बजवाने लगे। जब बारातियों ने कहा कि डीजे वे लाये हैं उनके मन से गाना बजेगा। इस पर लगभग आधा दर्जन युवक बारातियों को मारने पीटने लगे। कई बाराती व दूल्हे के बड़े भाई को भी चोटें आयी। लगातार वे युवक मारपीट कर रहे थे। घटना की सूचना पर 112 नम्बर पुलिस पहुंच गयी। पुलिस के पहुंचने के बाद मनबढ़ युवक वहां से भाग निकले। बारात में आये वीरेंद्र कुमार पटेल पुत्र श्याम बिहारी पटेल ने पुलिस को तहरीर देकर उक्त युवकों द्वारा मोबाइल छीन लेने की तहरीर दिया है।

उक्त युवकों में एक का बारातियों ने फोटो खींचकर पुलिस को दिया है। देर रात तक गहमा गहमी चलने के बाद शादी का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

## अपहरण व बलात्कार का अभियुक्त गिरफ्तार

**पवांरा।** पुलिस अधीक्षक डॉ. अजय पाल शर्मा के आदेश के अनुपालन में चलाये जा रहे अपराध की रोकथाम अपराधियों की धरपकड़ अभियान के तहत मु.अ.सं. 57/2023 धारा 363, 366 आईपीसी एक्ट व बढ़ोत्तरी धारा 376 व 3/4 पॉक्सो एक्ट से संबंधित वांछित अभियुक्त पवन कुमार यादव उर्फ बन्टी पुत्र राजकिशोर यादव निवासी परवेजाबाद थाना उतरांव, प्रयागराज को पुलिस ने शुक्रवार की सुबह बरना बाजार प्रयागराज से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## माशूका से मिलने आया प्रेमी चढ़ा परिजनों के हत्थे

**सुइथाकला।** विकास खण्ड के अरसियां क्षेत्र में गुरुवार की रात अपनी माशूका से मिलने आया प्रेमी परिजनों के हत्थे चढ़ गया। परिजनों द्वारा उसे बंधक बना लिया गया। बताया जाता है कि क्षेत्र के बासगांव निवासी उक्त प्रेमी गुरुवार देर शाम अपनी प्रेमिका से मिलने उसके घर धमक पड़ा। इसकी जानकारी होते ही परिजनों ने उसे बंधक बना लिया। इस बात की सूचना मिलने पर प्रेमी के घर वाले भी मौके पर पहुंच गए। प्रेमिका के परिजन शादी का दबाव बनाने लगे। मामले में दोनों गांव के प्रधान और संभ्रांत लोगों की उपस्थिति में शुक्रवार को पंचायत हुई। पंचायत में प्रेमिका के परिजनों को समझाने का प्रयास किया गया लेकिन प्रेमिका के परिजनों द्वारा दोनों के विवाह करने के फैसले के आगे लोगों को झुकना पड़ा। परंतु प्रेमी के नाबालिग होने की वजह से मामले में पेंच फंस गया। लेकिन प्रेमी के बालिग होते ही दोनों की शादी कराने की लिखित सहमति पर दोनों पक्ष राजी हुए और प्रेमी बंधन से आजाद हुआ।

**बनाया बंधक पंचायत में विवाह को हुआ राजी**

## महिला के जेवर और जमीन हथियाने वाले बदमाश पुलिस के हत्थे चढ़े

जनसंदेश न्यूज

**मछलीशहर।** कस्बे के मोती नगर मोहल्ला निवासी एक महिला को कुछ लोगों ने उसके पति से दुबारा मिलवाने का झांसा देकर उसको बहला-फुसलाकर उसके जेवरात हथिया लिये और उसकी कीमती जमीन को हड़पने की नियत से अपने नाम मुख्तार-ए-आम कराने वाले तीन शातिर अभियुक्तों को पुलिस ने घटना के दूसरे दिन ही गिरफ्तार कर लिया।

कोतवाल किशोर कुमार चौबे ने बताया कि मोती नगर मोहल्ला निवासी मदीना पत्नी सलीम का पति दूसरी शादी करके दिल्ली में रह रहा है जिससे महिला काफी सदमे में है। इसी का फायदा उठाकर महिला के संपर्क में रहे 3 लोगों ने उसके पति को झाड़-फूंक कर और ताबीज आदि से अपने वश में करके पुनः महिला के पास वापस लाने का झांसा देते हुए महिला को बरगला कर उसके जेवरात हड़प लिए और उसकी कीमती जमीन का बैनामा भी अपने नाम करा लिया। महिला के पुत्र अमन की तहरीर पर पुलिस ने अभियुक्तगण के खिलाफ धारा 342, 343, 365, 305, 419, 420, 467, 468 471, 506, 34, 412 भारतीय दंड संहिता के तहत मुकदमा दर्ज किया था।

कोतवाल ने बताया कि मुखबिर से प्राप्त सूचना पर आज तड़के भोर में नगर के मीरपुर चौराहे से घटना में शामिल सेबू उर्फ सरफराज राइन पुत्र निजामुद्दीन और जलालुद्दीन पुत्र शेर मोहम्मद निवासीगण ग्राम कोइरीपुर थाना चांदा जनपद सुल्तानपुर और साहबजादे पुत्र स्वर्गीय पीर मोहम्मद सिरवाड़ा रोड थाना कोतवाली नगर सुल्तानपुर को उस समय गिरफ्तार कर लिया जब वे स्विफ्ट डिजायर कार से भागने की फिराक में थे। उनकी तलाशी लेने पर पीड़ित महिला की 2 अदद सोने की अंगूठी और एक चेन, 9 अदद मूल रजिस्ट्री बैनामा दस्तावेज, एक अदद एग्रीमेंट, एक बेचीनामा, 2 किसान बही और एक चेक बुक और 3 मोबाइल बरामद हुआ। पुलिस ने गिरफ्तार सभी अभियुक्तों को जेल भेज दिया। गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक हरि नारायण पटेल, अरविंद कुमार चौहान और ओम प्रकाश प्रजापति शामिल रहे।

## संक्षेप

### नवागत तहसीलदार ने पदभार संभाला

**शाहगंज।** तहसील मुख्यालय पर नवागत तहसीलदार अमित मिश्रा ने पदभार ग्रहण कर लिया। उपजिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार ने पदभार ग्रहण कराया। वे केराकत तहसील से तबादले के बाद शाहगंज आये हैं। उन्होंने कहाकि शासन की लोक कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर लाकर आम जनमानस को सम्पूर्ण लाभ देना उनकी प्राथमिकता है। निष्पक्ष एवं समयबद्ध समाधान कर लोगों को न्याय प्रदान किया जायेगा। मालूम हो कि पिछले दिनों तहसीलदार महेंद्र बहादुर सिंह का तबादला केराकत हो गया था। वहीं अमित त्रिपाठी को शाहगंज का नया तहसीलदार बनाया गया।

### सड़क दुघर्टना में महिला घायल

**शाहगंज।** कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत सड़क दुघर्टना में अतरडीह गांव के समीप बाइक से गिरकर एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। मौके पर मौजूद परिजनों ने घायल को इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया। सरपतहां थाना क्षेत्र के घुघरी सुल्तानपुर गांव निवासी 40 वर्षीया रीता पत्नी मनोज कुमार शुक्रवार को बाइक से अपनी पत्नी को लेकर कही जा रहे थे कि अतरडीह गांव के समीप तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर गिर गयी जिसमें रीता गंभीर रूप से घायल हो गई। मौके पर मौजूद परिजनों ने आनन फानन में इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उक्त महिला की हालत गंभीर देख उसे बेहतर इलाज हेतु जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया।

### परिवहन विभाग ने तीन वाहनों को किया सीज

**खेतासराय।** क्षेत्र में अवैध रूप से सड़कों पर चल रहे वाहनों के विरुद्ध परिवहन विभाग ने शुक्रवार को अभियान चलाया। अभियान के दौरान आवश्यक कागजात न मिलने पर आरटीओ (प्रवर्तन दल) ने तीन वाहनों को सीज कर दिया। चेकिंग के दौरान अवैध रूप से चलने वाले वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। आरटीओ प्रवर्तन स्मिता वर्मा ने चौराहे से खुटहन रोड पर सोंधी के पास सड़क पर आने जाने वाले वाहनों की चेकिंग की। इस दौरान तीन पिकअप जीप के चालक पर्याप्त कागजात नहीं दिखा पाए। किसी का फिटनेस सही नहीं मिला तो किसी का इंश्योरेंस फेल मिला। परिवहन विभाग की अधिकारी ने तीनों पिकअप को सीज कर दिया। प्रवर्तन दल की जांच की सूचना पर डग्गामार वाहन सड़क से नदारद हो गए। अधिकारियों के जाने के बाद सड़क पर वाहनों का चलना शुरू हुआ।

### नेपाल में गोल्ड मेडल जीतने पर हुआ सम्मान



**थानागद्दी।** ग्राम के तिसिया पूर्वे के ईशान शुक्ला ने नेपाल में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय स्तर की कराटे की प्रतियोगिता में भाग लेकर गोल्ड मेडल जीता है। बता दें कि ईशान 12वीं का छात्र है। 26 मई को नेपाल में दो दिवसीय नौवीं माउंट एवरेस्ट अंतर्राष्ट्रीय कराटे चैपियनशिप के फाइनल राउंड में श्रीलंका के खिलाड़ी को हराकर उसने गोल्ड मेडल अपने नाम किया। ईशान के गाँव में पहुँचने पर भारी संख्या में ग्रामीण ने फूल माला व ढोल नगाड़े बजवाकर उसका भव्य स्वागत किया। ईशान ने बताया की एक अंतरराष्ट्रीय गोल्ड मेडल के अलावा दो राष्ट्रीय स्वर्ण पदक भी जीत चुका है।

### शुभम सिंह को मिली एमबीबीएस की उपाधि

**जौनपुर।** जलालपुर थाना क्षेत्र के नहोरा गांव निवासी शुभम सिंह को एमबीबीएस की उपाधि से विभूषित किया गया। डॉ. शुभम को बीते मंगलवार को महाराष्ट्र के गवर्नमेंट मेडिकल कालेज अकोला से उपाधि मिलने की खबर पर गांव व घर में मिष्ठान वितरित किया गया। डॉ. शुभम ने अपनी इस सफलता का श्रेय पिता सुधीर सिंह माता सुषमा सिंह सहित शुभचिंतकों को दी है।

### लालजी वर्मा का आगमन आज

**जौनपुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव लालजी वर्मा 3 जून शनिवार को जनपद में आ रहे हैं। 12:30 बजे समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर होने वाली मासिक बैठक में सम्मिलित होगें। यह जानकारी निवर्तमान जिला प्रवक्ता राहुल त्रिपाठी ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी है।



लालजी वर्मा

# महायोजना को लेकर हुआ विचार विमर्श

**जौनपुर।** जिलाधिकारी अनुज कुमार झा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में भारत सरकार की अमृत योजना के अन्तर्गत तैयार की जा रही जौनपुर महायोजना 2031 (प्रारूप) पर पूर्व में जन सामान्य से प्राप्त आपत्ति/सुझाव के निस्तारण के सम्बन्ध में विचार विमर्श हुआ। शहर की अधिकतम आबादी को सुविधाएँ प्रदान करने के साथ ही नगर के स्वरूप को और अच्छा बनाने पर बल दिया गया। बैठक में सरकार की भावी योजनाओं को समायोजित करने पर भी निर्णय लिया गया ताकि नगर का विकास एक सुनियोजित तरीके से हो सके। बैठक में डा. आरके उद्?यन (सहयुक्त नियोजक, सम्भागीय नियोजन खण्ड वाराणसी), देवेन्द्र सिंह, नियत अधिकारी/नगर मजिस्ट्रेट, अधिशासी अभियन्ता जल निगम, अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड लोक निर्माण विभाग, मिथिलेश कुमार अवर अभियन्ता उपस्थित रहे।



बैठक में विचार विमर्श करते अधिकारीगण

# कड़ी सुरक्षा के बीच पहुंचे एंटी टेररिस्ट फ्रंट के चेयरमैन

**बरसठी।** आल इंडिया एंटी टेररिस्ट फ्रंट के चेयरमैन (आतंकवाद विरोधी मोर्चा के अध्यक्ष) एमएस बिट्टा ने कहाकि आज भारत से आतंकवाद लगभग खत्म हो गया है। पहले जगह जगह ब्लास्ट होते थे, दिल्ली में ब्लास्ट, 26/11 का ब्लास्ट, पार्लियामेंट की घटना, दिवाली के दिनों में ब्लास्ट की घटनाएं होती थी लेकिन जबसे देश में नरेन्द्र मोदी की सरकार बनी है तबसे आतंकवाद समाप्त हो गया। उक्त बातें उन्होंने क्षेत्र के पटखौली गांव में पूर्व आईएएस राजेश्वर तिवारी के आवास पर पत्रकारों से बातचीत में कही। वह एक निजी कार्यक्रम में भाग लेने आये थे।


उन्होंने उत्तर प्रदेश के बारे में कहा कि यूपी में क्राइम खत्म हुआ है। पुलिस फोर्स को आजाद विचारधारा में काम करने का पहली बार मौका मिला है। बिट्टा ने कहा कि कभी 10-15 साल पहले यूपी की क्राइम को देखते हुए कहा करता था कि यहां राष्ट्रपति शासन व केपीएस गेल जैसा गवर्नर होना चाहिए जो पंजाब की तरह आतंकवाद व क्राइम को पूरी तरह से समाप्त कर सके। पहले यहां किसी बहन बेटी को यह पता नहीं होता था कि उसका पति या बेटा घर से बाहर गया है वह शाम को वापस घर आएगा या नहीं। आज यूपी के अंदर हमें ऐसा सन्त व राजनैतिक मुख्यमंत्री मिला जिसका नाम योगी आदित्यनाथ है, उन्होंने यूपी से क्राइम को खत्म कर दिया है।

उन्होंने कहाकि यूपी में पुलिस को काम करने का मौका मिला। सबसे पहले मकसद होना चाहिए बहनों की सुहाग की रक्षा करना, हर व्यक्ति शिक्षित हो तरक्की करें। यूपी को सोने की चिड़िया कहा जाता था आज सोने की चिड़िया की तरफ यूपी जा रहा है। उन्होंने कहा कि पहले तिरंगे झंडे का अपमान होता था। जवानों के ऊपर पत्थर फेंके जाते थे, रोज जवानों के शव तिरंगे में लपेट कर आते थे आज कहीं नहीं हो रहा है, आज हमारा राष्ट्र सुरक्षित है और यूपी सुरक्षित हुआ यह भगवान की बड़ी कृपा है। अपने ऊपर हुए आतंकवादी हमले के बारे में बताते हुए कहा कि अब हमारी जिंदगी बोनस में है। हमारे ऊपर 14 बार आतंकवाद हमले हुए, 70 से ज्यादा लोग मारे गए, 15 जवान शहीद हुए। हमने उनके शरीरों को उड़ते देखा है, उनके मृत शरीरों को तारों पर लटकते हुए देखा है ऐसे हमारी जिंदगी देखा जाय तो खत्म हो चुकी है। वह निर्धारित समय से करीब साढ़े चार घण्टे देर से पहुँचे थे। सबसे पहले उन्होंने मंदिर पर हो रहे रामायण में पहुँच कर भगवान का आशीर्वाद लिया। जेड श्रेणी की सुरक्षा प्राप्त बिट्टा की सुरक्षा में सीओ मड़ियाहूं चोब सिंह, थानाध्यक्ष गोविन्द देव मिश्रा, रामपुर, मीरगंज थानाध्यक्ष व मड़ियाहूं थाने आदि की भारी पुलिस फोर्स तैनात रही।



## सडक हादसे में मां–बेटे की मौत

**मुफ्तीगंज।** केराकत कोतवाली के मुफ्तीगंज बाजार में शाम सात बजे दर्दनाक हादसे में माँ को दवा दिलाने ले जाते समय ट्रक के नीचे आने से मां बेटे ने मौके पर तोड़ दिया। सूचना पाकर केराकत कोतवाली व मुफ्तीगंज चौकी की पुलिस मौके पर पहुंच कर दोनों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। ड्राइवर ट्रक छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया।




प्राप्त जानकारी के अनुसार जनपद गाजीपुर के थाना खानपुर सौवना निवासिनी कुसुम 48 वर्ष केराकत कोतवाली के बेलांव गांव में शादी में शामिल होने आयी थी अपने बेटे अमन 17 वर्ष के साथ मुफ्तीगंज बाजार में दवा लेकर बेलांव जा रही थी कि केराकत के तरफ से आ रही ट्रक की चपेट में आने से दोनो की मौके पर मौत हो गयी। घटना की जानकारी होने पर घर वालों का रो -रो कर बुरा हाल हो गया है ।

# अमरनाथ यात्रा में खलल डालने की साजिश रच रहे आतंकी

## राजोरी में सुरक्षाबलों की आतंकियों से मुठभेड़, एक दहशतगर्द मार गिराया, सर्च ऑपरेशन जारी, बड़े आंतकी हमले का इनपुट सुरक्षा बलों मिला, पैनी निगाह गड़ाये है सेना



**श्रीनगर।** जम्मू संभाग के जिला राजोरी के दस्सल इलाके के साथ लगते जंगलों में आतंकियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ हुई है। बताया जा रहा है कि सुरक्षाबलों ने इस मुठभेड़ में एक आतंकी को मार गिराया है। उसके पास से सुरक्षाबलों को हथियार व अन्य सामान बरामद हुआ है। आतंकी की पहचान के लिए कार्रवाई की जा रही है। राजोरी के साथ लगते गांव दस्सल में आतंकियों के होने की सूचना के बाद भारतीय सेना और सुरक्षा एजेंसियों ने बीती रात से ही जवाबी कार्रवाई के लिए ऑपरेशन चला रही है।

आज सुबह होते ही भारतीय सेना, जम्मू कश्मीर पुलिस और पैरा मिलिट्री फोर्स के जवानों की आतंकियों के साथ मुठभेड़ शुरू हो गई। आतंकी दस्सल गांव के साथ लगते जंगलों में मौजूद हैं। बताया जा रहा है कि जंगलों में दो से तीन आतंकी मौजूद हो सकते हैं।

गौरतलब है कि कुछ दिन पहले ही सुरक्षा एजेंसियों ने राजोरी और उसके आसपास लगते जंगलों में एक दर्जन आतंकियों के घूमने का अनुमान लगाया था। माना जा रहा है कि यह उन्हीं आतंकियों में से कुछ हो सकते हैं।

एहतियात के तौर पर राजोरी से लेकर दस्सल गांव एवं इसके आसपास के क्षेत्रों में भारतीय सेना एवं सुरक्षा एजेंसियों द्वारा सारे रास्ते सील कर दिए हैं। इस क्षेत्र में पड़ने वाले सभी स्कूलों को सुरक्षा की दृष्टि से आज बंद रखा गया है। इसके साथ-साथ गांव के आसपास रहने वाले लोगों को अपने घरों के भीतर ही रहने के लिए कहा गया है। किसी प्रकार की मूवमेंट सड़क एवं रास्तों के माध्यम से रोकी गई है। अभी केवल पैरामिलिट्री फोर्सेस भारतीय सेना एवं सुरक्षा एजेंसियों के लोग ही दस्सल गांव एवं आसपास के रास्तों पर आवाजाही कर रहे हैं।

वहीं दूसरी ओर कल ही अमरनाथ यात्रा से पहले बड़े आंतकी हमले का इनपुट सुरक्षा बलों मिला था। जिसके बाद जवान हर गतिविधि पर पैनी नजर बनाए रखे हुए हैं। पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई की मदद से सीमा पर बैठे आतंकी संगठनों ने आगामी श्री अमरनाथ यात्रा में खलल डालने के लिए साजिश रचनी शुरू कर दी है। आईएसआई के कहने पर पाकिस्तानी रेंजरों और पाकिस्तानी सैनिकों के बंकरों में लश्कर और जैश-ए-मोहम्मद के प्रशिक्षित आतंकियों को पनाह दी गई है। इन्हें हर हाल में अगले एक महीने में घुसपैठ करने और अमरनाथ यात्रा शुरू होने से ठीक दो-तीन दिन पहले बड़ा हमला करने के निर्देश दिए गए हैं। सूत्रों का कहना है कि सियालकोट के नजदीक शकरगढ़, पुंछ में बिंबर, मीरपुर और कोटली आदि में 30 से 40 प्रशिक्षित आतंकियों को तैयार किया गया है।

यह आतंकी अगले 15 से 20 दिनों में कभी भी कहीं से घुसपैठ करने का प्रयास कर सकते हैं। कठुआ के हीरानगर, सांबा के रामगढ़, राजोरी के नौशेरा और पुंछ के कृष्णा घाटी सेक्टर से आतंकी घुसपैठ कर सकते हैं। इनको घुसपैठ के लिए तैयार किया गया है, जबकि गोला बारूद, हथियार और नकदी ड्रोन के जरिए भेजने की साजिश रची जा रही है। *एजेंसी*

### हरीश रावत ने किया खिलाड़ियों का समर्थन, बोले मैं ही नहीं पूरा देश पहलवानों के साथ

**देहरादून।** पूर्व सीएम हरीश रावत ने कहा कि पिछले दिनों गंगा में अपने मेडल विसर्जित करने के लिए आए पहलवानों के साथ मैं ही नहीं पूरा देश खड़ा है। कहा कि पहलवान देश की शान हैं। हरीश रावत बृहस्पतिवार शाम वीआईपी घाट पर कुश्ती पहलवानों को न्याय दिलाने के लिए मां गंगा से प्रार्थना के लिए पहुंचे। उन्होंने कहा कि पहलवानों के मन के दर्द और पीड़ा है। कहा कि जब पहलवान अपनी बात पीएम नरेंद्र मोदी के सामने रखना चाहते थे तब उन्हें सड़कों पर घसीटा गया। उस दिन नए संसद का उद्घाटन हो रहा था। वहां से हटाने के बाद वह गंगा की शरण में आए थे। लेकिन उन्हें कुछ लोगों ने समझाकर मेडल गंगा में बहाने से रोक दिया। हरीश रावत ने कहा कि वह प्रारंभ से ही पहलवानों के साथ हैं। कहा कि पहलवानों ने तिरंगे झंडे को विश्व में ऊंचा उठाने का काम किया है। उनके साथ यह बर्ताव उचित नहीं है। पूर्व सीएम ने कहा कि सरकार को पहलवानों की बात सुननी चाहिए। उनकी व्यथा सुनकर समाधान करना चाहिए।

## इलियाना डिक्रूज ने दिखाई बच्चे के पिता की पहली झलक, इंगेजमेंट रिंग को भी किया फ्लॉन्ट

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस इलियाना डिक्रूज ने बीते दिन अपनी प्रेग्नेंसी का खुलासा कर हर किसी को हैरान कर दिया। इलियाना बिन ब्याही मां बनने जा रही हैं। एक्ट्रेस के एलान के बाद से ही फैंस यह जानना चाहते हैं कि आखिर बच्चे का बाप कौन है। ऐसे में अब इलियाना ने बच्चे के पिता की झलक दिखा दी है। इतना ही नहीं उनके साथ डिनर डेट भी एन्जॉय करती नजर आई हैं। इलियाना डिक्रूज इन दिनों बेबीमून का लुत्फ उठा रही हैं। हालांकि, इस दौरान वह अकेली नहीं हैं। एक्ट्रेस के ताजा पोस्ट को देखकर कयास लगाया जा रहा है कि वह बॉयफ्रेंड के साथ छुट्टियां मना रही हैं। शुक्रवार को डीवा ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर कई तस्वीरें साझा कीं, जिसने लोगों का खूब ध्यान खींचा।



वहीं, इसमें एक फोटो ऐसा था जिसमें इलियाना एक मिस्ट्री मैन के साथ नजर आईं। फोटो में इलियाना डिक्रूज को अपने बॉयफ्रेंड का हाथ थामे देखा जा रहा है। पिक्चर को साझा करने के साथ ही एक्ट्रेस ने एक प्यारा सा नोट भी लिखा है, 'रोमांस को लेकर मेरा विचार स्पष्ट रूप से उन्हें शांति से खाने नहीं दे सकता।' तस्वीर से साफ हो रहा है कि वह बॉयफ्रेंड के साथ रोमांटिक डिनर डेट पर पहुंची थीं।

## खास खबर

### स्टेज पर गाना गा रही थी यह फेमस भोजपुरी सिंगर, अचानक लगी गोली; फिर हुआ ऐसा

शासन और प्रशासन के द्वारा लगातार हर्ष फायरिंग पर नियंत्रण लगाने की बात कही जा रही है लेकिन इस ओर कोई ठोस कादम नहीं उठाये जा रहे हैं। नतीजतन आए दिन हर्ष फायरिंग में मौत और घायल होने की घटनाएं लगातार हो रही हैं। इस बीच इसका शिकार भोजपुरी की प्रसिद्ध लोक गायिका निशा उपाध्याय भी हुई जिन्हें एक प्रोग्राम के दौरान गोली लग गई। आननफानन में उन्हें उपचार के लिए पहले निजी अस्पताल और फिर वहां से पटना के मैक्स हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया जहां उनका इलाज चल रहा है। घटना जनता बाजार की है जहां निशा प्रोग्राम कर रही थी। वह सारण जिले के गरखा प्रखंड अंतर्गत गौहर बसंत की रहने वाली है। फेमस भोजपुरी गायिका निशा उपाध्याय ने काफी कम समय में काफी शोहरत और नाम कमाया है उनके भोजपुरी गीतों के काफी लोग दीवाने हैं।

### पीएम मोदी अगस्त में आएंगे छत्तीसगढ़: फ्लाई ओवर और सोलर प्लांट भी करेंगे समर्पित

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी छत्तीसगढ़ के दौरे पर आने वाले हैं। वह अगस्त के पहले सप्ताह में यहां पहुंचेंगे। इस दौरान भिलाई के कुटेलाभाठा में नव निर्मित आईआईटी का लोकार्पण करने के साथ ही फ्लाई ओवर और रेलवे के सोलर प्लांट को भी जनता को समर्पित करेंगे। प्रधानमंत्री के दौरे की सूचना आईआईटी प्रबंधन को भेज दी गई है। हालांकि अभी कार्यक्रम की जानकारी जानकारी नहीं दी गई है। करीब एक सप्ताह बाद इसे अंतिम रूप दिया जा सकता है। जिला प्रशासन की ओर से सोमवार से तैयारी शुरु कर दी जाएगी। जानकारी के मुताबिक, प्रधानमंत्री मोदी हवाई मार्ग से सीधे कुटेलाभाठा भिलाई आईआईटी कैंपस पहुंचेंगे। इसके लिए कैंपस में ही चार हेलीपैड बनाये जाएंगे। वहां करीब दो घंटे रुकने का कार्यक्रम हो सकता है।

## शाह की अपील का असर

### गृह मंत्री की अपील पर लोगों ने 140 हथियार पुलिस को सौंपे



**इंफाल।** मणिपुर में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के चार दिनों के दौरे का असर देखने को मिला है। शाह ने मणिपुर में कई बैठकें करने के बाद शांति का मार्ग निकालने की पुरजोर कोशिश की थी। इसी के मद्देनजर उन्होंने लोगों से भी शांति बनाने की अपील की थी, जिसका परिणाम अब मिलने लगा है।

पुलिस को सौंपे गई राइफल और ग्रेनेड दरअसल, शाह की अपील के बाद मणिपुर में अलग-अलग जगहों पर 140 हथियार पुलिस को सौंपे गए हैं। सरेंडर किए गए 140 हथियारों में एसएलआर 29, कार्बाइन, एके 47, इंसास राइफल, इंसास एलएमजी, प्वाइंट 303 राइफल, 9 एमएम पिस्टल, प्वाइंट 32 पिस्टल, एम16 राइफल, स्मोक गन और आंसू गैस, स्थानीय निर्मित पिस्तौल, स्टेन गन, राइफल, ग्रेनेड लांचर और जेवीपी शामिल हैं। गृह मंत्री ने राज्य के चार दिवसीय दौरे के अंतिम दिन इंफाल में एक संवाददाता सम्मेलन में हिंसा प्रभावित मणिपुर में सभी वर्गों से शांति बनाए रखने और सद्भाव को बढ़ावा देने के साथ-साथ आत्मसमर्पण करने की अपील की थी। शाह ने इसके साथ चेतावनी दी थी कि पुलिस द्वारा तलाशी अभियान के दौरान अगर किसी के पास हथियार मिलते हैं तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

***अफवाहों पर ध्यान न देने को कहा***

शाह ने इसी के साथ मणिपुर के लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और शांति बनाए रखने की भी अपील की थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सरकार की ओर से गृह मंत्री ने मणिपुर हिंसा में मारे गए लोगों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना भी व्यक्त की थी।

### इंतजार खत्म : माफिया अतीक से खाली कराई गई भूमि पर आवास बनकर तैयार

**लखनऊ।** लूकरगंज में माफिया अतीक अहमद के कब्जे से खाली कराई गई जमीन पर बने प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए लॉटरी छह जून को निकाली जाएगी। इसकी तैयारियां पूरी कर ली गई है। शनिवार को लॉटरी निकालने से संबंधित विज्ञापन भी जारी कर दिया जाएगा। आवास का निर्माण लगभग पूरा हो गया है। इसको भगवा रंग में रंगवाया गया है। लूकरगंज में माफिया अतीक अहमद के कब्जे से खाली कराई गई जमीन पर प्रयागराज विकास प्राधिकरण (पीडीए) द्वारा बनाए जा रहे प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी पीएम आवास योजना के फ्लैट भगवा दिखेंगे। इन फ्लैटों के निर्माण का कार्य तेजी से पूरा किया जा रहा है। साथ ही इन्हें भगवा रंग में रंगवाया जा रहा है। जल्द ही इन फ्लैटों के आवंटन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिसंबर 2021 में फ्लैटों के निर्माण के लिए भूमि पूजन किया था।प्रयागराज विकास प्राधिकरण की तरफ से 1731 वर्गमीटर में तैयार कराए जा रहे 76 फ्लैटों के लिए कुल 6071 लोगों ने आवेदन किया है। फ्लैट के निर्माण का कार्य पूरा हो चुका है।

## बृजभूषण के खिलाफ एफआईआर में आरोप: महिला पहलवानों के सीने पर हाथ फेरा

### संबंध बनाने को कहा, कमरे में भी बुलाया था

**नई दिल्ली।** भाजपा सांसद और भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ दर्ज दो एफआईआर का ब्योरा सामने आया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक दोनों एफआईआर में यौन शोषण के आरोप हैं। दिल्ली के कनॉट प्लेस थाने में 28 अप्रैल को ये दोनों एफआईआर दर्ज हुई थीं। जिसमें पहलवानों ने गलत तरीके से छूना, बहाने से सीने पर हाथ फेरने के अलावा और भी कई गंभीर आरोप लगाए गए हैं।



जानकारी के मुताबिक, पहली एफआईआर में छह बालिग रेसलर्स ने आरोप लगाया है कि सांसद बृजभूषण ने उन्हें गलत तरीके से छुआ। बहाने से सीने पर हाथ रखने की कोशिश की। यहां तक कि सांस को चेक करने के बहाने से उनकी टी-शर्ट भी उतारी। एक जख्मी महिला खिलाड़ी का खर्च कुश्ती संघ द्वारा उठाने को लेकर संबंध बनाने की डिमांड भी की। आरोप है कि जब खिलाड़ी ने इससे इनकार कर दिया तो उनके साथ ट्रायल में भेदभाव किया गया। वहीं दूसरी एफआईआर में एक नाबालिग रेसलर ने बहाने से कमरे में बुलाकर अश्लील हरकत करने का आरोप लगाया है, लेकिन अपनी सूझ-बूझ वह बच निकली। बृजभूषण के खिलाफ धारा 354, 354 ए, 354 डी, और धारा 34 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

***कल ही पहलवानों के आरोपों को लेकर सांसद बृजभूषण ने कही थी ये बात***

पहलवानों के आरोपों को लेकर गुरुवार को ही सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने कहा था कि दिल्ली पुलिस मामले की जांच कर रही है। एक भी आरोप साबित हुआ तो फांसी पर लटक जाऊंगा। पहलवानों की पहले कुछ मांग थी, अब कुछ और हो गई। कौन क्या कह रहा है उससे मतलब नहीं है। इनकी शर्तें, भाषा लगातार बदल रही हैं। वहीं हरियाणा के पहलवानों के सम्मान की लड़ाई अब पश्चिमी यूपी तक आ गई है। जिसको लेकर किसान नेताओं के अलावा तमाम संगठन आए हैं।

***प्रियंका गांधी ने बृजभूषण मामले को लेकर पीएम से पूछा सवाल***

कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने शुक्रवार को भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह पर महिला पहलवानों के यौन शोषण के आरोप को लेकर सरकार की निष्क्रियता पर पीएम मोदी से सवाल किया। प्रियंका ने बृजभूषण के खिलाफ दर्ज एफआईआर में लगे आरोपों का विवरण देते हुए एक रिपोर्ट साझा की और लिखा 'नरेंद्र मोदी जी, इन गंभीर आरोपों को पढ़ें और देश को बताएं कि आरोपियों के खिलाफ कोई कार्रवाई क्यों नहीं हुई है'।

## कर्नाटक में एक जुलाई से मिलेगी 200 यूनिट फ्री बिजली

### सीएम ने बताया कब लागू होंगी बाकी गारंटी



**बेंगलुरु।** कर्नाटक में आज सिद्दरमैया सरकार की दूसरी कैबिनेट बैठक हुई। बैठक के बाद मुख्यमंत्री सिद्दरमैया ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस भी की और कहा कि चुनाव के समय कांग्रेस ने जिन 5 गारंटी का एलान किया था, उसे इसी वित्त वर्ष में लागू कर दिया जाएगा। सिद्दरमैया ने बैठक के बाद एलान किया कि 200 यूनिट मुफ्त बिजली की गारंटी 1 जुलाई से मिलनी शुरू होगी। हालांकि, उन्होंने कहा कि जिन उपभोक्ताओं ने जुलाई तक बिल का भुगतान नहीं किया है, उन्हें देना होगा। मुख्यमंत्री सिद्दरमैया ने कहा कि गृह लक्ष्मी योजना के तहत परिवार की महिला मुखिया के लिए 2,000 रुपये मासिक सहायता राशि देने की शुरूआत 15 अगस्त से हो जाएगी। 'अन्न भाग्य' के तहत एक जुलाई से बीपीएल परिवारों, अंत्योदय कार्ड धारकों को 10 किलो अनाज मुफ्त दिया जाएगा। सीएम ने कहा कि 'शक्ति' योजना के तहत एक जून से महिलाएं कर्नाटक में एसी, लग्जरी बसों के अलावा सार्वजनिक परिवहन की बसों में मुफ्त यात्रा कर सकेंगी। युवा निधि योजना के तहत सरकार जल्द ही बेरोजगार स्नातकों को 3,000 रुपये और 2022-23 में उत्तीर्ण बेरोजगार डिप्लोमा धारकों को 24 महीने के लिए 1,500 रुपये देगी।

## पत्नी की सलामती के लिए महाकाल के दर पर पीएम प्रचंड


### 100 रुद्राक्ष और 51 हजार किए दान

नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल आज बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन के दौरे पर हैं। वह ई-कार्ट से महाकाल लोक का भ्रमण करने के बाद महाकाल मंदिर पहुंचे हैं, जहां पत्नी के स्वास्थ्य लाभ की कामना के लिए उन्होंने पूजा कराई।

कचरे के पहाड़ की जगह बने गार्डन में नेपाल के पीएम के लिए हाई टी की तैयारी की गई थी, लेकिन पीएम प्रचंड बिना हाई टी लिए ही निकल गए। जाते-जाते उन्होंने यहां के स्वच्छता मॉडल को काठमाण्डू और ललितपुर में अपनाने की बात कही।

ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचे नेपाल के पीएम प्रचंड। कचरे को प्रोसेस होते हुए देखा। कचरे के पहाड़ की जगह बने गार्डन में नेपाल के पीएम के लिए की गई है जलपान की तैयारी।

नेपाल के पीएम प्रचंड महाकाल महालोक की सैर के बाद इंदौर पहुंच चुके हैं। जल्द ही वो यहां के ट्रेंचिंग ग्राउंड में पहुंचेंगे। पीएम प्रचंड के आने से पहले ट्रेंचिंग ग्राउंड में साफ-सफाई व स्प्रे कर फूलों से सजाया गया है।



नेपाल के पीएम प्रचंड महाकाल महालोक की सैर करने के बाद बाबा महाकाल की शरण में पहुंचे हैं। यहां उन्होंने अपनी बीमार पत्नी के लिए गर्भगृह में बाबा महाकाल की विशेष पूजा कराई है। उनके साथ उनकी बेटी गंगा दहल भी मंदिर के गर्भगृह में मौजूद हैं। बाबा के पूजन के समय मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगूभाई पटेल भी पीएम प्रचंड के साथ दिखाई दिए। शासकीय पुजारी पंडित घनश्याम शर्मा ने नेपाल के पीएम से पूजन करवाया। नेपाल के प्रधानमंत्री ने भगवान महाकालेश्वर के दर्शन कर नेपाल से लाए 100 रुद्राक्ष एवं 51 हजार रुपये नगद भेंट स्वरूप चढ़ाएं। नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड धार्मिक नगरी उज्जैन पहुंचे, जहां राज्यपाल मंगूभाई पटेल, उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव और प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा, सांसद अनिल फिरोजिया, विधायक पारस जैन, कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम और पुलिस अधीक्षक सचिन शर्मा ने उनका स्वागत किया।

## राममंदिर में फर्श का काम शुरू

### राममंदिर की फर्श पर मकराना का संगमरमर बिछाने की तैयारी, परिसर पहुंचे पत्थर



**अयोध्या।** रामजन्मभूमि परिसर में निमार्णाणीन राममंदिर के भूतल की फर्श का काम शुरू करने की तैयारी तेज हो गई है। राममंदिर की फर्श मकराना के संगमरमर से सजेगी। ये पत्थर रामजन्मभूमि परिसर पहुंच चुके हैं। मकराना के पत्थरों की मैपिंग कर इनकी कटाई कर साफ-सफाई भी शुरू कर दी गई है। फर्श पर बिछाए जाने वाले पत्थरों के आकार की मैपिंग के बाद उन्हें काटा जा रहा है। ट्रस्ट सूत्रों ने बताया कि फर्श का काम शुरू होने में अभी कुछ दिन और लगेंगे, क्योंकि अभी भूतल की छत का काम चल रहा है। बीम की शटरिंग खुलने के बाद ही फर्श का काम प्रारंभ होगा।

श्रीरामजन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की बुधवार को मणिराम दास की छावनी में हुई बैठक में महासचिव चंपत राय ने बताया कि राममंदिर के भूतल का काम 15 दिसंबर तक पूरा कर लिया जाएगा। इसके बाद प्राण प्रतिष्ठा की तैयारियां शुरू होंगी। प्राण प्रतिष्ठा में मुख्य अतिथि के रूप में पीएम नरेंद्र मोदी को आमंत्रण भेजने की तैयारी हो रही है। बताया गया कि देशभर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का सात दिवसीय उत्सव मनाने पर सहमति बनी है। चंपत राय ने बताया कि रामजन्म भूमि पथ पर गर्मी से बचाने के लिए जगह-जगह शेड बनाने का निर्णय हुआ है। चूंकि यह राममंदिर का प्रमुख प्रवेश मार्ग है, यह दिखाने, समझाने के लिए प्रतीक चिह्न लगाए जाएं, इसको लेकर चर्चा हुई है। प्रतीक चिह्न कैसा हो, इसकी डिजाइन बनाएंगे, ट्रायल करेंगे। इसको लेकर सड़क बना रही कार्यदायी संस्था के अधिकारियों का भी सुझाव लिया जाएगा।

## स्टालिन के बाद सीएम सोरेन से मिले केजरीवाल

### अध्यादेश के खिलाफ मांगा समर्थन

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने शुक्रवार को झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की। इससे पहले केजरीवाल और मान गुरुवार को रांची पहुंच गए। केजरीवाल ने राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में प्रशासनिक सेवाओं पर नियंत्रण को लेकर केंद्र द्वारा लाए गए अध्यादेश के खिलाफ अपनी पार्टी आम आदमी पार्टी (आप) के लिए सीएम सोरेन की पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) का समर्थन मांगा।

दिल्ली की सेवाओं के नियंत्रण पर केंद्र सरकार के अध्यादेश पर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आज हेमंत सोरेन से लंबी चर्चा हुई। उन्होंने हमें संसद के अंदर और संसद के बाहर पूरा समर्थन देने का आश्वासन दिया है। मैं सभी पार्टियों से अनुरोध करता हूं कि जब संसद में ये अध्यादेश आए तब इसका विरोध करें। केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली में सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ अध्यादेश लाकर केंद्र सरकार ने जनता के साथ धोखा किया है। इसलिए मैं यहा आया हूं और सोरेन सरकार का समर्थन मांगा है। उन्होंने मुझे आश्वासन दिया है कि वे और उनकी पार्टी हमारा साथ देगी।



अध्यादेश पर झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि देश की ताकत पर ये बड़ा प्रहार है। संघीय ढ़ाचे की बात केंद्र सरकार करती है, लेकिन कार्य बिल्कुल उसके विपरीत होता है। आज स्पष्ट रूप से देखने को मिलेगा कि जो केंद्र सरकार की सहयोगी सरकारें (राज्य सरकार) नहीं हैं उन सभी सरकारों की एक समान स्थिति है जो चिंता का विषय है।

***स्टालिन ने समर्थन का भरोसा***

इससे पहले केजरीवाल और मान ने चेन्नई में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन से मुलाकात की थी। स्टालिन ने केंद्र पर गैर-भाजपा शासित राज्यों में संकट उत्पन्न करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि द्रमुक केंद्रीय अध्यादेश का कड़ा विरोध करेगी। स्टालिन ने कहा कि केंद्र आम आदमी पार्टी के लिए संकट उत्पन्न कर रहा है और विधिवत चुनी हुई सरकार को स्वतंत्र रूप से काम करने से रोक रहा है। आप सरकार के पक्ष में उच्चतम न्यायालय के फैसले के बावजूद केंद्र अध्यादेश लाया। स्टालिन ने केजरीवाल को अपना अच्छा दोस्त बताया।

### सूरीनाम और सर्बिया की यात्रा पर जाएंगी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, जर्मनी से भारत जल्द लौटेगी बच्ची अरिहा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सूरीनाम के राष्ट्रपति चंद्रिकाप्रसाद संतोखी के निमंत्रण पर 4 से 6 जून तक सूरीनाम की यात्रा करेंगी। विदेश मंत्रालय के सचिव (पूर्व) सौरभ कुमार ने बताया कि सूरीनाम की यात्रा के दौरान राष्ट्रपति मुर्मू राष्ट्रपति संतोखी के साथ विशेष बातचीत करेंगी और साथ ही कई गतिविधियों में भी भाग लेंगी। विदेश मंत्रालय के सचिव (पश्चिम) संजय वर्मा ने बताया कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सात जून 2023 को सर्बिया के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर वुसिक के निमंत्रण पर सर्बिया की यात्रा पर जाएंगी। जुलाई 2022 में कार्यभार संभालने के बाद यह उनकी पहली राजकीय यात्रा होगी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि जैसा कि सभी जानते हैं कि पिछले कुछ वर्षों में, कई आयोजन वर्चुअल रूप से हुए हैं तो हमने फैसला किया है कि एससीओ शिखर सम्मेलन 4 जुलाई को एक वर्चुअल प्रारूप में आयोजित किया जाएगा।



केदारनाथ मंदिर को भक्तों के लिए 24 घंटे में से 22 घंटे तक खुला रखा जा रहा है। इस दौरान रात 11 बजे से सुबह 7 बजे तक भक्तों को गर्भगृह के दर्शन कराए जा रहे हैं। साथ ही भक्तों द्वारा बुक की गई ऑनलाइन व ऑफलाइन पूजाएं भी की जा रही हैं।

# शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद, सेंसेक्स 119 अंक, निफ्टी 36 अंक उछला

## सेंसेक्स 118.57 अंक करीब 0.19 फीसदी बढ़कर 62,547.11 अंक पर




**मुम्बइे।** शेयर बाजार शुक्रवार को बढ़त के साथ ही बंद हुआ। सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन बाजार में ये उछाल दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीददारी हावी रहने से आया है। इससे बाजार लाभ के साथ ही हरे निशान पर बंद हुआ। आज के कारोबार के दौरान तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 118.57 अंक करीब 0.19 फीसदी बढ़कर 62,547.11 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय सेंसेक्स 62,719.84 तक ऊपर जाने के बाद नीचे आकर 62,379.86 तक फिसल गया। वहीं इसी प्रकार पचास शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 36.15 अंक तकरीबन 0.2 फीसदी बढ़ा। दिन के अंत में निफ्टी 18,523.90 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान ये 18,573.70 की उंचाई तक जाने के बाद 18,478.40 तक फिसला।

वहीं गत कारोबारी सत्र में बाजार गिरावट पर बंद हुआ था। आज के कारोबार में सेंसेक्स के शेयरों में से 16 शेयर लाभ के साथ ही हरे निशान पर बंद हुए। टाटा स्टील के शेयर सबसे अधिक 2.12 फीसदी तक ऊपर आये। वहीं मारुति, महिंद्रा एंड महिंद्रा, सन फार्मा और लार्सन एंड टूब्रो के शेयर भी उछले हैं। दूसरी ओर सेंसेक्स के शेयरों में 14 शेयर नुकसान के साथ ही लाल निशान पर बंद हुए। इंफोसिस के शेयर सबसे अधिक , करीब 1.51 फीसदी तक गिरे। इसके अलावा विप्रो, एचसीएल टेक, टीसीएस और इंडसइंड बैंक के शेयरों को भी नुकसान हुआ।

इससे पहले आज सुबह वैश्विक बाजार से मिल रहे अच्छे संकेतों से बाजार में बढ़त देखने को मिली। सेंसेक्स 216.55 अंक की बढ़त के साथ 62,645.09 के स्तर पर कारोबार कर रहा था। वहीं निफ्टी 68.10 अंक की बढ़त के साथ 18555.30 के स्तर पर कारोबार कर रहा था। प्री-ओपनिंग में बाजार में बढ़त देखने को ?मिली है। सेंसेक्स 154.32 अंक की बढ़त के साथ 62,582.86 के स्तर पर कारोबार कर रहा था। वहीं निफ्टी 59.55 अंक की बढ़त के साथ 18547.30 के स्तर पर कारोबार कर रहा था। अमेरिका में रातों-रात डाओ जोंस 0.5 फीसदी की तेजी के साथ बंद हुआ। वहीं एशियाई बाजार भी मजबूत कारोबार करते नजर आये। वैश्विक बाजार से मिल रहे अच्छे संकेतों के बीच शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजार में बढ़त देखने को मिल रही है। सेंसेक्स 216.55 अंक की बढ़त के साथ 62,645.09 के स्तर पर कारोबार कर रहा था। वहीं निफ्टी 68.10 अंक की बढ़त के साथ 18555.30 के स्तर पर कारोबार कर रहा था। प्री-ओपनिंग में बाजार में बढ़त देखने को मिली है। सेंसेक्स 154.32 अंक की बढ़त के साथ 62,582.86 के स्तर पर कारोबार कर रहा था। वहीं निफ्टी 59.55 अंक की बढ़त के साथ 18547.30 के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

## आईटी शुल्क पर भारत और यूरोपीय संघ करेगा चर्चा



**नई दिल्ली।** भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में चल रहे सूचना तकनीक (आईटी) शुल्क विवाद के समाधान पर विचार कर रहे हैं। इस मामले से जुड़े लोगों ने कहा कि भारत द्वारा लगाए गए आईटी शुल्क के विवाद पर आपसी सहमति योग्य समाधान निकालने पर बातचीत के लिए भारत और यूरोप के अधिकारी बैठक करेंगे। अप्रैल में डब्ल्यूटीओ के विवाद निपटान निकाय ने कहा था कि भारत ने बहुपक्षीय व्यापार निकाय के सूचना तकनीक समझौते (आईटीए) के तहत शून्य शुल्क प्रतिबद्धता का उल्लंघन किया है। इस तरह के तीन अलग अलग मामले यूरोपीय संघ, जापान और चीनी ताइपे ने उठाए थे, जो एकसमान थे। उनकी सुनवाई के बाद डब्ल्यूटीओ ने यह फैसला सुनाया था। उसके बाद भारत ने कहा कि वह फैसले के खिलाफ अपील करेगा, हालांकि कहना सांकेतिक ही था, क्योंकि डब्ल्यूटीओ का शीर्ष अपील प्राधिकरण इस समय काम नहीं कर रहा है।

इसकी वजह से भारत ने यह भी कहा था कि इस फैसले का भारत पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। बताया जा रहा है कि भारत की अपील के पहले ईयू चाहता है कि उसको हुए नुकसान के मुताबिक विशेष प्रकृति की चर्चा की जाए और देखा जाए कि इसका क्या रास्ता निकल सकता है।

## फ्लिपकार्ट ने की बिग एंड ऑफ सीजन सेल की घोषणा

**बेंगलुरू ।** भारत की स्वदेशी ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट ने अपनी बहुप्रतीक्षित बिग एंड ऑफ सीजन सेल शुरू करने की घोषणा की, जिससे करीब 2,00,000 विक्रेताओं और 10,000 से ज्यादा ब्रैंड एक साथ आएंगे, ताकि देश भर के लाखों ग्राहकों को फैशन, ब्यूटी और लाइफस्टाइल से जुड़े उत्पादों की व्यापक श्रृंखला उपलब्ध कराई जा सके। बीते 1 जून से शुरू हुयी यह सेल एक सप्ताह तक चलेगी। इस आयोजन के दौरान ग्राहकों को खरीदारी का अलग तरह का खरीदारी का अनुभव मिलेगा। इसके लिए इमेज सर्च, वीडियो कैटलॉग, वर्चुअल ट्राई-ऑन, वीडियो कॉमर्स और टॉप फिल्टर्स जैसे टैक्नोलॉजी आधारित प्रयासों का इस्तेमाल किया गया।

इसके अलावा, फ्लिपकार्ट को अपने डिजिटल फर्स्ट ब्रैंड्स को लेकर लोगों की बढ़ती दिलचस्पी देखने को मिल रही है। ऑनलाइन फैशन कैटेगरी को पसंद करने वालों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। फ्लिपकार्ट को अकेले समर सीजन सेल के दौरान इस कैटेगरी में लाखों ऑर्डर मिले हैं जिससे फैशन के प्रति लोगों की दिलचस्पी का पता चलता है।

## हवाई यात्रा के बढ़ते किराए पर विमानन कंपनियों से बात करुंगा : सिंधिया

*देश में हवाई यात्रियों की संख्या में भारी बढ़ोत्तरी हुई*




**नई दिल्ली।** हवाई यात्रा के बढ़ते किराए पर मोदी सरकार की नजर है। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि वे इस बारे में विमानन कंपनियों से बात करुंगा। श्री सिंधिया ने कहा कि पिछले 9 वर्षों में एविएशन सेक्टर काफी बदल गया है। सिंधिया ने कहा है कि वे महंगे एयर टिकट्स पर विमानन कंपनियों के साथ बात करुंगा। उन्होंने कहा, दो साल पहले तक सभी विमान ग्राउंड पर थे और कोई पैसेंजर नहीं था। आज सभी विमान सर्विस में हैं, लेकिन फिर भी यात्रियों की डिमांड पूरी नहीं हो रही है। डिमांड और सप्लाई का ऐसा असंतुलन पहले कभी नहीं देखा गया था। विमानन कंपनियां सर्विस देने के लिए और विमान चाहती हैं, लेकिन वैश्विक आपूर्तिकर्ता विमानों की सप्लाई नहीं कर पा रहे हैं। उनकी अपनी समस्याएं हैं। फिर भी जहां तक एयर टिकट प्राइस का सवाल है हम इस बारे में एयरलाइंस से बात करुंगा।

परिवहन सेक्टर में एक तरह से क्रांति आ गई है। पिछले 9 वर्षों में परिवहन सेक्टर काफी बदल गया है। सिंधिया ने कहा, यात्रियों की संख्या इस कदर बढ़ गई है कि डिमांड और सप्लाई में संतुलन लाना एयरलाइंस के लिए एक बड़ी चुनौती बन गया है। इसके कारण हाल के दिनों में एयर टिकट की कीमतों में भारी तेजी आई है। सिंधिया ने कहा, देश में शहरीकरण तेजी से हुआ है। करीब 34 फीसदी आबादी अब शहरों में रह रही है। आने वाले वर्षों में यह संख्या और बढ़ने जा रही है। दूसरा, लोगों की आय बढ़ी है। हवाई यात्रा करने वाला एक नया वर्ग पैदा हुआ है। इस नए वर्ग की अपनी आकांक्षाएं और सपने हैं। आज बड़ी संख्या में लोग विमान से यात्रा करना चाहते हैं। सिंधिया ने कहा कि लोगों की जरूरतों को देखकर हमारी सरकार ने 9 साल में 74 एयरपोर्ट बनाए हैं। उन्होंने कहा कि बीते 2 वर्षों में घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या में रिकॉर्ड वृद्धि हुई है। केंद्रीय मंत्री ने कहा, हम उम्मीद कर रहे हैं कि अगले 3-4 वर्षों में देश में 200 से ज्यादा एयरपोर्ट काम करने लगे। 2014 से पहले देश में 400 विमान पैसेंजर सर्विस दे रहे थे। अभी इनकी संख्या बढ़कर 700 हो गई है। अगले तीन से चार साल में 1200 से 1400 से प्लेन उड़ान भरने वाले हैं।

## बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने 500 करोड़ का क्यूआईपी किया लांच

**मुंबई।** बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने स्टॉक एक्सचेंजों को बताया कि उसके बोर्ड ने 29.98 रुपए प्रति शेयर के न्यूनतम मूल्य वाले शेयरों के क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल प्लेसमेंट (क्यूआईपी) को मंजूरी दे दी है। यह बीएसई पर गुरुवार के बंद भाव 31.34 रुपए से 4.33 फीसदी कम है। हालांकि बैंक ने यह जानकारी नहीं दी कि वह क्यूआईपी के जरिए कितना फंड जुटाने की योजना बना रहा है। इससे पहले एक रिपोर्ट में बताया था कि बैंक ऑफ महाराष्ट्र संस्थागत निवेशकों से 1,000 करोड़ रुपए तक जुटाने की योजना बना रहा है क्योंकि बैंक जल्द ही क्यूआईपी लॉन्च कर सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि बैंक ने फिलहाल 500 करोड़ रुपए का क्यूआईपी लॉन्च किया है। अगर रिस्पॉन्स अच्छा मिलता है तो इसे 1,000 करोड़ रुपये तक बढ़ाया जाएगा। कंपनियों के लिए क्यूआईपी घरेलू बाजार से पूंजी जुटाने की एक प्रक्रिया है। इसके लिए मार्केट रेगुलेटर सेबी की मंजूरी लेने की आवश्यकता नहीं होती है।

## आरबीआई ने शुरू किया 100 दिन 100 पे का अभियान




**नई दिल्ली।** देश के बैंकों में लावारिस पड़े हजारों करोड़ रुपए की जानकारी हासिल करने और उनके निपटारे के लिए रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार से 100 दिन 100 पे अभियान का शुरू किया है। आरबीआई यह अभियान बैंकिंग प्रणाली में लावारिस जमा की मात्रा को कम करने और ऐसी जमा राशि को उनके सही मालिकों को वापस करने के लिए कर रहा है। आरबीआई के इस अभियान के तहत 100 दिनों के अंदर भारत के हर एक जिले में हर एक बैंक में जमा 100 अनक्लेम्ड डिपॉजिट रकम का पता लगाकर उनका निपटारा किया जाएगा। रिजर्व बैंक ने अपने इस अभियान के बारे में कहा कि इस तरह से बैंकिंग सिस्टम में जमा लावारिस रकम की मात्रा को कम किया जा सकेगा और डिपॉजिट को उनके सही मालिकों और दावेदारों तक पहुंचाया जा सकेगा। अनक्लेम्ड डिपॉजिट उन्हें कहा जाता है, जिसे 10 साल या उससे भी अधिक समय से किसी तरह का ट्रांजेक्शन नहीं किया गया हो। बैंकिंग सिस्टम में इसे इनएक्टिव डिपॉजिट माना जाता है। पब्लकि सेक्टर के बैंकों ने फरवरी, 2023 तक बिना दावे वाली करीब 35,000 करोड़ रुपए की राशि रिजर्व बैंक को ट्रांसफर की थी, यह राशि उन खातों में जमा थी जिनमें 10 साल या उससे अधिक समय से कोई लेन-देन नहीं हुआ। ये रकम अलग-अलग बैंकों के 10.24 करोड़ खातों से संबंधित थी। आरबीआई ने कहा कि ऐसे मामले भी सामने आए हैं, जब किसी डिपॉजिटर के मृत्यु के बाद उनके नामिती, कानूनी उत्तराधिकारी संबंधित बैंक (बैंकों) पर दावा करने के लिए आगे नहीं आते हैं।

## अदाणी पोर्ट्स का कार्गो वॉल्यूम मई में रिकॉर्ड स्तर पर

**नई दिल्ली।** अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड का मासिक कार्गो वॉल्यूम साल-दर-साल 19 फीसदी बढ़कर मई में रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गया है। एक्सचेंज फाइलिंग के अनुसार अदाणी समूह की कंपनी ने मई में अपने बंदरगाहों पर 36 मिलियन मीट्रिक टन कार्गो का प्रबंधन किया है। इस वर्ष अभी तक कुल कार्गो वॉल्यूम साल-दर-साल 16 फीसदी बढ़कर लगभग 68.5 मिलियन मीट्रिक टन हो गया है। अदाणी पोर्ट्स ने कहा कि कार्गो वॉल्यूम में वृद्धि बंदरगाहों और इसके तीनों खंडों में हुई है। कंटेनर कार्गो वॉल्यूम में 24 फीसदी की वृद्धि हुई, ड्राई बल्क वॉल्यूम में 12 फीसदी की वृद्धि हुई और तरल और गैस की मात्रा में साल-दर-साल आधार पर 10 फीसदी की वृद्धि हुई है। पोर्ट ऑपरेटर के लॉजिस्टिक वॉल्यूम भी महत्वपूर्ण उछाल दिखाई दिया है, जिसमें रेल की मात्रा साल-दर-साल 25 फीसदी बढ़कर लगभग 93,000 बीस-फुट समकक्ष यूनिट हो गई।

## सोने और चांदी की कीमतों में तेजी




**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों में कीमती धातुओं में तेजी की वजह से सराफा बाजार में सोने और चांदी की वायदा कीमतों में तेजी लौट आई है। सोने व चांदी के वायदा भाव शुक्रवार को तेजी के साथ खुले। चांदी के वायदा भाव अब 72 हजार रुपए और सोने के वायदा भाव 60 हजार रुपए से ऊपर कारोबार कर रहे हैं। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर शुक्रवार को चांदी का बेंचमार्क जुलाई कॉन्ट्रैक्ट 405 रुपए की तेजी के साथ 72,999 रुपए के भाव पर खुला। सुबह 235 रुपए की तेजी के साथ 72,829 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। पिछले महीने चांदी के वायदा भाव 78 हजार रुपए किलो को पार कर सर्वोच्च स्तर पर पहुंच गए थे। एमसीएक्स पर सोने का बेंचमार्क अगस्त कॉन्ट्रैक्ट 67 रुपए की तेजी के साथ 60,301 रुपए के भाव पर खुला। फिलहाल यह 106 रुपए की तेजी के साथ 60,340 रुपए के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 60,355 रुपए के भाव पर दिन का उच्च स्तर और 60,301 रुपएके भाव पर निचला स्तर छू लिया। पिछले महीने इसने 61,845 रुपए प्रति 10 ग्राम के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया था।

## राजेश गोपीनाथन ने 22 साल बाद छोड़ी टीसीएस कंपनी के नाम ईमेल लिखकर हुए भावुक



**नई दिल्ली।** सीईओ राजेश गोपीनाथन ने 22 साल बाद टीसीएल से रुखसत ले ली है। हालां ?कि 22 साल तक किसी एक कंपनी में काम करने के बाद वो घर जैसा ही लगने लगता है। ऐसा ही कुछ देश की सबसे बड़ी आईटी कंपनी टीसीएस के सीईओ राजेश गोपीनाथन के साथ भी हुआ है। जिस कंपनी मे 22 साल तक नौकरी की, जहां काम करते हुए कंपनी के सीईओ बने उसे छोड़ने पर भावुक होना लाजिमी है। राजेश गोपीनाथन ने 31 मई को टीसीएस छोड़ने से पहले कर्मचारियों के नाम एक इमोशनल ईमेल लिखा है। उन्होंने अपने 22 सालों के सफर से लेकर आने वाले दिनों की कहानी बयां की। 29 मई को उन्होंने ईमेल के जरिए कर्मचारियों के लिए एक पोस्ट लिखा। उन्होंने अपने किए वादे, कंपनी की ग्रोथ और आने वाले दिनों के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने अपने अनुभव को याद करते हुए लिखा कि टाटा के साथ मेरा दो दशक का साथ रहा है। अब ये खत्म होने जा रहा है। मैं 31 मई को सीईओ और एमडी के पद से हट जाऊंगा। जिस कुर्सी पर छह सालों तक बैठकर कंपनी का नेतृत्व किया, मुझे उसपर गर्व है। हमने एक साथ कई बदलाव देखें। नई ऊंचाईयों को हासिल किया। अब 22 साल बाद वो इस कंपनी को छोड़ रहे हैं। उन्होंने लिखा कि मुझे उम्मीद है कि आने वाले समय में कंपनी के लिए सबसे अच्छे दिन आने वाले हैं। मैं कृति को शुभकामनाएं देता हूं क्योंकि अब वो टीसीएस की कमान संभालेंगे। वो इस कंपनी की वैल्यूएशन को 50 अरब डॉलर तक पहुंचाएंगे। उन्होंने कहा कि मुझे पूरा भरोसा है कि कृति के साथ टीसीएस के सबसे अच्छे साल आगे आने वाले हैं। उन्होंने लिखा कि टीसीएस देश की दिग्गज कंपनी है। हमने नई ऊंचाईयों को छुआ है। गौरतलब है कि 1 जून से कृतिवासन टीसीएस के सीईओ का पद संभालेंगे। इसी साल मार्च में गोपीनाथन ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। उनका कार्यकाल साल 2027 में खत्म होने वाला था। गोपीनाथन के इस्तीफे की खबर से सबको हैरान कर दिया था। राजेश गोपीनाथन टीसीएस के बॉस के तौर पर सबसे ज्यादा सैलरी पाने वाले सीईओ की लिस्ट में पांचवे नंबर पर रहे। टीसीएस सीईओ के तौर पर उनकी सैलरी 25.75 करोड़ रुपये थी। साल 2021-22 में उनकी सैलरी में 26.6 फीसदी की बढ़ोतरी हुई। साल 2013 से वो टीसीएस के सीईओ की कमान संभाल रहे थे।

## टीकेएम ने मई 2023 में 20,410 गाड़ियों की अब तक की सबसे अधिक मासिक बिक्री का रिकॉर्ड बनाया



**बैंगलोर।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने मई 2023 में 20,410 गाड़ियों की अधिकत्तम कुल मासिक बिक्री की। यह मई 2022 में 10,216 गाड़ियों की बिकी के मुकाबले 110% की वृद्धि है । कंपनी ने इस महीने 1,9379 गाड़ियों की की देसी बिक्री और अर्बन क्रूजर हाइराइडर की 1031 गाड़ियों का निर्यात दर्ज किया है। टीकेएम ने अप्रैल 2023 में 32% की वृद्धि भी देखी थी जब कंपनी ने 15,510 गाड़ियां बेची थीं। सकारात्मक रुझान जारी है क्योंकि कंपनी ने कैलेंडर वर्ष 2023 (जनवरी-मई) के पहले पांच महीनों में 42 % की वृद्धि के साथ मजबूत प्रदर्शन की सूचना दी है, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में 58,505 इकाइयों की बिक्री की तुलना में 82,763 इकाइयों की बिक्री हुई थी। बिक्री पर टिप्पणी करते हुए टोयोटा किर्लोस्कर मोटर में बिक्री और रणनीतिक विपणन के वाइस प्रेसिडेंट श्री अतुल सूद ने कहा, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने 20,410 इकाइयों के उच्चतम मासिक बिक्री प्रदर्शन की रिपोर्ट करके एक नया उच्च स्तर हासिल किया है। जब हम आगे की ओर देखते हैं तो निरंतर स्थिर गति को देखते हुए, हम ग्राहकों की जरूरतों को प्राथमिकता देकर शेष वर्ष के लिए आशावादी बने रहते हैं। हमारा मानना है लगातार बढ़ती बिक्री का ग्राफ, ग्राहकों के साथ कंपनी का तालमेल और अर्बन क्रूजर हाइराडर, इनोवा हाइक्रॉस और हाईलक्स जैसे नवीनतम लॉन्च के साथ लगातार बढ़ती उत्पाद लोकप्रियता को उजागर करता है जो अपने संबंधित क्षेत्रों में मजबूत बिक्री गति का समर्थन करना जारी रखता है । हाईलक्स की लोकप्रियता, विशेष रूप से, अपनी बहुमुखी प्रतिभा और मजबूत प्रदर्शन की बदौलत पूरे भारत में ग्राहकों का विकास और उत्साह जारी है।₹ ग्राहक-केंद्रित कंपनी के रूप में, हम हमेशा अपने मूल्यवान ग्राहकों की अपेक्षाओं को समझने और उनकी जरूरतों को पूरा करने के लिए विविध उपायों को लागू करने और गुणवत्ता, विश्वसनीयता तथा स्थायित्व में उत्कृष्टता वाले उत्पादों की पेशकश करने का प्रयास करते हैं। इस दृष्टिकोण के अनुरूप, हमने हाल ही में मई 2023 से अपने बिडाडी संयंत्र में तीसरी पाली में काम शुरू करके अपना उत्पादन बढ़ाया है। इससे बाजार की जरूरतों को पूरा करने में बहुत योगदान दिया है। डिलीवरी के लिए प्रतीक्षा अवधि कम करने के अलावा, यह उपाय हमें देश के मेक इन इंडिया मिशन में योगदान करने और क्षेत्र में अतिरिक्त रोजगार के अवसर पैदा करने की भी अनुमति देगा।

## संक्षेप

### उज्जीवन स्मॉल फाईनेंस बैंक ने फिक्स्ड डिपॉज़िट की ब्याज दरों में संशोधन किया

**नई दिल्ली।** एफडी पर ब्याज बढ़ाए जाने के बाद उज्जीवन स्मॉल फाईनेंस बैंक उन बैंकों की सूची में आ गया है, जो सावधि जमा पर सबसे ज्यादा ब्याज दर प्रस्तुत करते हैं। प्लेटिना एफडी में 0.20 प्रतिशत की अतिरिक्त ब्याज दर मिलेगी और यह 15 लाख रु. से ज्यादा एवं 2 करोड़ रु. से कम की जमा पर लागू होगी। प्लेटिना एफडी नॉन-कैलेबल है, यानि इस स्कीम में आंशिक या समय से पहले विदड्रॉअल की अनुमति नहीं है। उज्जीवन स्मॉल फाईनेंस बैंक मासिक, त्रैमासिक और मैच्योरिटी पर ब्याज भुगतान के विकल्प प्रदान करता है। टैक्स सेवर फिक्स्ड डिपॉज़िट पाँच साल की लॉक इन अवधि के साथ आते हैं। उज्जीवन एसएफबी के मैनेजिंग डायरेक्टर एवं चीफ एग्ज़िक्यूटिव ऑफिसर, इत्तिरा डेविस ने कहा, हमें अपनी सावधि जमा पर 12 महीनों की अवधि के लिए ब्याज दर में वृद्धि की घोषणा करने की खुशी है। इस बढ़ी हुई ब्याज दर से कम अवधि के लिए जमा कराने वाले हमारे ग्राहकों को लाभ मिलेगा। यह एक रिटेल मास मार्केट बैंक के रूप में हमारे ग्रेन्युलर डिपॉज़िट बेस का निर्माण करने की हमारी योजना के अनुरूप है। नई ब्याज दरें नियमित, एनआरओ और एनआरई ग्राहकों के लिए 1 जून, 2023 से लागू होंगी।

### 'स्वस्थ भविष्य' की थीम के साथ वेस्टीज मार्केटिंग ने पूरे किए अपने सफर के 19 साल

**नई दिल्ली।** हेल्थ, वेलनेस और पर्सनल केयर प्रोडक्ट्स की श्रेणी में विस्तृत पोर्टफोलियो के साथ भारत की सबसे बड़ी डायरेक्ट सेलिंग कंपनियों में शुमार वेस्टीज मार्केटिंग प्राइवेट लिमिटेड ने 2004 में अपनी शुरूआत के बाद से 19 साल का सफर पूरा कर लिया है। हेल्थ के अपने मुख्य कारोबार को विस्तार देते हुए वेस्टीज ने 'स्वस्थ भविष्य' (फ्यूचर हेल्दी) की थीम के साथ अपने सफर के दूसरे दशक में कदम रखा है। स्वास्थ्य इसका मुख्य कारोबार है, जो इसके उत्पादों, लोगों और साझेदारों समेत पूरे इकोसिस्टम को जोड़ता है। वेस्टीज मार्केटिंग लगातार वेलनेस सेक्टर के विकास में योगदान दे रही है। हेल्थ एवं वेलनेस कैटेगरी में अपने श्रेष्ठ उत्पादों की रेंज के साथ वेस्टीज उपभोक्ताओं को स्वस्थ जीवनशैली प्रदान करने के लिए अपने प्रयासों को बढ़ावा दे रही है। वेस्टीज ने बेहतर कल के लिए पूरे भारत और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में लाखों डिस्ट्रीब्यूटर्स को हेल्थ एवं वेलनेस प्रोडक्ट्स तक पहुंच देते हुए उनकी जिंदगियों को सशक्त किया है और उन्हें बदला है। 19 साल के अपने सफर में वेस्टीज ने एक ऐसी विरासत तैयार की है, जिसने लोगों को सशक्त किया है, उद्यमिता को बढ़ावा दिया है और दुनिया पर ऐसा सकारात्मक प्रभाव डाला है, जो स्वस्थ भविष्य की राह बनाता है। अपनी स्पष्ट रणनीति के साथ वेस्टीज ने विश्वास और सम्मान का अनूठा स्तर स्थापित करने और भविष्य के अनुरूप तैयार होने के लिए अथक प्रयास किया है।

### ईजमाईट्रिप के 15 साल पूरे: ग्राहकों को दे रहा एक्सक्लूसिव आफर्स

**नई दिल्ली।** भारत का सबसे बड़ा ऑनलाइन ट्रैवल टेक प्लेटफॉर्म ईजमाईट्रिप. कॉम अपनी 15वीं वर्षगांठ पर 1 जून से 10 जून 2023 तक मेगा सेल शुरू करने जा रहा है। ईजमाईट्रिप वेबसाइट और ऐप पर सेल के दौरान टिकट बुक करने पर ग्राहकों और यात्रा प्रेमियों को फ्लाइट्स, होटल्स, बस, कैब, क्रूज और हॉलिडे पैकेज पर डिस्काउंट के साथ और कई ऑफर्स मिलेंगें। इस एक्सक्लूसिव एनिवर्सरी सेल के दौरान, यात्री घरेलू उड़ानों पर 24%, अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर 40% और होटल बुकिंग पर 60% तक की छूट का लाभ उठा सकते हैं। ईजमाईट्रिप बस बुकिंग पर 15% तक की और कैब पर 14% तक की छूट के खास ऑफर भी पेश करेगा। ईजमाईट्रिप ब्रांड स्वयं भी हॉलिडे पैकेजेस पेश करेगा, जो सिर्फ 15,999/- से शुरू होंगे। ये पैकेजेस हर एक ट्रिप के लिए अलग अलग स्थानों को अपने टूर में शामिल कर यादगार अनुभव देगा। जो लोग क्रूज पर छुट्टियाँ बिताने का सपना देख रहे हैं, उन्हें एनिवर्सरी सेल में 53,999/- से शुरू होने वाले एक्सक्लूसिव क्रूज पैकेज्स मिलेंगे। ये ऑफर आरबीएल बैंक क्रेडिट और डेबिट कार्ड, आईडीएफसी क्रेडिट कार्ड, बैंक ऑफ बड़ौदा क्रेडिट कार्ड और यस बैंक क्रेडिट कार्ड पर वैध हैं। सेल के दौरान सबसे अधिक खर्च करने वाले ग्राहक को विभिन्न चयनित ब्रांड पार्टनर्स जैसे द मैन कंपनी, गाना, पॉकेटएफएम, स्काईबैग्स, नेटमेड्स, असेंबली, स्किविया, आईमाईआई, ग्रोफिटर, आईजीपी और कैप्रेसे से गिफ्ट वाउचर पाने का मौका मिलेगा।इन अद्भुत डिस्काउंट्स का लाभ उठाने और गिफ्ट वाउचर्स जीतने के लिए, ग्राहकों को बुकिंग करते समय कूपन कोड इएमटी 15 का उपयोग करना होगा, जिससे और भी अधिक बचत संभव है। ईजमाईट्रिप के सह संस्थापक रिकांत पिट्टी ने कहा हम अपने सभी ग्राहकों के बहुत आभारी हैं जिन्होंने ईजमाईट्रिप में अपना भरोसा रखा है और इतने वर्षों से हमें अपना पसंदीदा ट्रैवल पार्टनर बनाया है।

### एचसीएल टेक ने किया मानव संसाधन नीति में परिवर्तन, कर्मचारियों की मासिक सैलरी पर होगा असर

**मुंबई।** दिग्गज आईटी कंपनी एचसीएल टेक ने अपनी एचआर पॉलिसी में बदलाव किया है। कंपनी द्वारा अपनी मानव संसाधन नीति में परिवर्तन करने से कंपनी के बहुत से कर्मचारियों का वेतन कम होगा। एचसीएल ने एंगेजमेंट परफॉर्मेंस बोनस से जुड़ी अपनी पॉलिसी में बदलाव किया है। एंगेजमेंट परफॉर्मेंस बोनस कर्मचारियों के वेरिएबल पे का ही एक भाग है। कंपनी ने अब मासिक की बजाय तिमाही आधार पर ईपीबी देने का फैसला किया है।

ईपीबी का भुगतान न केवल अब तिमाही आधार पर होगा बल्कि बेंच पर मौजूद कर्मचारियों को ये दिया ही नहीं जाएगा। इसका असर यह होगा कि उन्हें मासिक वेतन के रूप में कम पैसे मिलेगा। कंपनी पहले ईपीबी का भुगतान मंथली बेसिस पर करती थी। एचसीएल का कहना है कि कोरोना के दौरान बिना परफॉर्मेंस का मूल्यांकन किए सभी कर्मचारियों को ईपीबी का 100 फीसदी भुगतान किया था। अब संकट का दौर गुजर चुका है, तब कंपनी ने अपनी मूल पॉलिसी में कुछ बदलाव किए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, कंपनी ने ईपीबी में बदलाव की जानकारी कर्मचारियों को ईमेल के जरिए दी है। मेल में लिखा है कि कर्मचारियों को एक अप्रैल 2023 से माई परफॉर्मेंस में तिमाही मैनेजर फीडबैक के आधार पर ईपीबी का भुगतान होगा। हर तिमाही के अंत में स्कोर बेस्ड परफॉर्मेंस की समीक्षा होगी। उसी आधार पर ईपीबी का निर्धारण होगा। वहीं जब तक कर्मचारी बेंच पर हैं, उन्हें ईपीबी भुगतान नहीं किया जाएगा। कंपनी की नई पॉलिसी में कहा गया है कि अगर कर्मचारी तिमाही के बीच में नौकरी छोड़ देते हैं, तब उस कर्मचारी को ईपीबी का लाभ नहीं मिलेगा। कंपनी का कहना है कि ईपीबी आमतौर पर कंपनी द्वारा दिए जाने वाले कुल कंपनसेशन का 3 से 4 फीसदी होता है।

### कोयला उत्पादन मई में बढ़कर 7.62 करोड़ टन पहुंचा

**मुंबई।** भारत में कोयले का उत्पादन मई में सालाना आधार पर 7.10 प्रतिशत बढ़कर 7.62 करोड़ टन हो गया। कोयला मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि देश ने 2022 के इसी महीने में 7.12 करोड़ टन कोयले का उत्पादन किया था। बयान के मुताबिक कोयला मंत्रालय ने मई 2023 में कुल कोयला उत्पादन में पर्याप्त वृद्धि दर्ज कर एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। इस दौरान उत्पादन मई 2022 के 7.12 करोड़ टन के मुकाबले 7.10 प्रतिशत बढ़कर 7.62 टन हो गया। इसी तरह वित्त वर्ष 2023-24 में अप्रैल-मई के दौरान कुल कोयला उत्पादन सालाना आधार पर 13.84 करोड़ टन से बढ़कर 14.94 करोड़ टन हो गया।

### दुनिया की सबसे बड़ी सोलर कंपनी ने शुरू किया प्राइस वार

**मुंबई।** चीन स्थित दुनिया की सबसे बड़ी सोलर मैन्युफैक्चरिंग कंपनी लोंगी ग्रीन एनर्जी टेक्नोलॉजी ने प्रमुख उपकरणों के दाम 31 प्रतिशत तक घटा दिए हैं। कंपनी का कहना है कि सेक्टर में मैन्युफैक्चरिंग क्षमता लगातार बढ़ रही है। इसकारण लागत प्रतिस्पर्धा भी बढ़ रही है। वेफर्स सिलिकॉन से बने चौकोर टुकड़े होते हैं, जिन्हें सोलर पैनल में लगाया जाता है। इस कटौती से पहले ही फरवरी से अब तक सोलर सिलिकॉन के दाम 50 प्रतिशत से ज्यादा घट गए थे। बीते साल इंडस्ट्री में सप्लाई चेन का संकट पैदा हो गया था।

# विजय मिश्रा गैंग के सक्रिय सदस्य मनीष मिश्रा की करोड़ों की संपत्ति कुर्क

**कार्रवाई**

**गैंग लीडर, माफिया विजय मिश्रा के विरुद्ध हत्या, लूट अपहरण, बलात्कार, मारपीट, सम्पत्ति हड़पने, जालसाजी, रंगदारी सहित गम्भीर अपराधों के कुल 83 अभियोग हैं पंजीकृत**

जनसंदेश न्यूज



विजय मिश्रा गैंग के सक्रिय सदस्य मनीष मिश्रा के करोड़ों के मकान को कुर्क करती पुलिस

**भदोही।** थाना गोपीगंज जनपद भदोही से सम्बंधित चिन्हित सफेदपोश माफिया, गैंग लीडर अभियुक्त विजय कुमार मिश्र गैंग के सक्रिय सदस्य मनीष मिश्रा पुत्र रामजी मिश्रा निवासी खपटिहा थाना हण्डिया जनपद प्रयागराज हाल पता नवधन थाना ऊंज जनपद भदोही द्वारा अपने आर्थिक, भौतिक एवं अनुचित दुनियावी लाभ हेतु अपने व गैंग लीडर के प्रभाव का प्रयोग कर आपराधिक कृत्यों से अर्जित धन से जनपद प्रयागराज स्थित बाघम्बरी हाउसिंग स्कीम म्युनिसिपल में आधुनिक सुविधाओं से युक्त तीन मंजिला भवन निर्माण, रजिस्ट्री कराया गया ताकि अपने अवैध धन को वैध रूप दे सके, जिसकी कुल अनुमानित कीमत आठ करोड़ तीस लाख रुपए अर्जित किया गया है। आपराधिक कृत्यों से अर्जित धन से क्रय की गई उक्त सम्पत्ति को जिला मजिस्ट्रेट भदोही गौरांग राठी द्वारा अंतर्गत धारा-14(1) उ.प्र. गिरोहबन्द एवं समाज विरोधी क्रिया-कलाप (निवारण) अधिनियम राज्य सरकार के पक्ष में कुर्क करने का आदेश पारित किया गया। उक्त आदेश के क्रम में जनपदीय पुलिस व प्रयागराज की संयुक्त टीम द्वारा नियमानुसार जब्तीकरण की कार्यवाही की गई।

वर्तमान में जेल में निरुद्ध गैंगस्टर अभियुक्त मनीष मिश्रा के विरुद्ध सामूहिक दुष्कर्म, एनएसए, गुंडा, गैंगस्टर, लूट, अपहरण, मारपीट, सम्पत्ति हड़पने, जालसाजी, रंगदारी सहित गम्भीर अपराधों के लगभग दो दर्जन अभियोग पंजीकृत हैं। उक्त गिरोह के लीडर पर कुल 83 अभियोग पंजीकृत हैं।

## संक्षेप

### प्रशासन आपके द्वार की भावना को, ग्राम चौपाल लगाकर किया गया साकारः डीएम



**भदोही।** जिलाधिकारी गौरांग राठी के मार्गदर्शन व नेतृत्व में शुक्रवार को प्रत्येक विकासखंड के दो ग्राम पंचायतों में ग्राम चौपाल (गॉव की समस्याए, गॉव में समाधान) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जनसामान्य की शिकायतों व समस्याओं का मौके पर निस्तारण किया गया। सुरियावां विकास खंड के कौडर एवं अबरना गाँव में नामित नोडल अधिकारी जिला कृषि अधिकारी व जिला खादी ग्रामोद्योग अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी सूरियावॉ व विकास खण्ड अभोली में आनंदडीह एवं सरायहोला में उपायुक्त स्वतः रोजगार व जिला युवाकल्याण अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी अभोली, विकास खण्ड ज्ञानपुर के कॉवल एवं लखनो में उपायुक्त स्वतः रोजगार व मुख्य पशुचिकित्साधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी ज्ञानपुर, विकास खण्ड औराई के अलमऊ एवं बारीगॉव में नामित नोडल अधिकारी जिला समाज कल्याण अधिकारी व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, एवं खण्ड विकास अधिकारी औराई, विकास खण्ड डीघ के कुरमैचा एवं ओझापुर में जिला पंचायत राज अधिकारी एवं अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत, खण्ड विकास अधिकारी डीघ, विकास खण्ड भदोही के महरभा एवं गोहीराव में जिला विकास अधिकारी एवं प्रोवेशन अधिकारी एवं खण्ड विकास अधिकारी भदोही द्वारा ग्राम चौपाल लगाकर ग्रामीणों की शिकायतों को सुनकर निस्तारण किया गया।

### बेसिक शिक्षा विभाग ने लिया पर्यावरण संरक्षण एवं जागरूकता का संकल्प

**भदोही।** विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण एवं जागरूकता के उपायों के प्रति जन समुदाय को जागरूक करने व जनभागीदारी बढ़ाने हेतु जनपद के सभी विद्यालय में मिशन लाइफ के तहत कार्यक्रम का आयोजन करने और बच्चों व समुदाय को शपथ ग्रहण कराना है। जिसकी शुरूआत शुक्रवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेंद्र नारायण सिंह के नेतृत्व में कार्यालय परिसर की स्वच्छता अभियान चलाते हुए घास-फूस एवं खर पतवार की सफाई की गई। इस अवसर पर बीइओ, एसआरजी, एआरपी, बेसिक शिक्षाधिकारी कार्यालय स्टाफ द्वारा इस अभियान के शुभारम्भ में भाग लेकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया।

### राजधानी में हुई हत्या को लेकर कांग्रेसियों ने निकाला कैंडिल मार्च

**भदोही।** प्रांतीय अध्यक्ष अजय राय के निदेर्शानुसार जिला कांग्रेस कमेटी भदोही के अध्यक्ष डॉ.राजेंद्र कुमार दुबे के नेतृत्व मे जीआईसी इंटर कॉलेज ज्ञानपुर स्थित शहीद स्मारक पर दिल्ली के बेटी के लिए श्रद्धांजलि सभा का शुक्रवार की शाम आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष डॉ. राजेंद्र कुमार राजन व सुरेश उपाध्याय ने कहा कि दिन दहाडे बीच चौराहे देश की राजधानी में एक बेटी की हत्या हो जाती है। कानून व्यवस्था पर पूरी तरह से प्रश्नचिंह खड़ा करता है। हम बिटिया की आत्मा के लिए प्रार्थना करते हैं एवं भारत सरकार से मांग करते हैं कि दोषियों पर जल्द से जल्द कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में ऐसे अपराधों की पुनरावृत्ति ना हो। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष मृत्युन्जय पांडेय ने भाजपा पर भी हमला बोलते हुए कहा कि अपराधियों की कोई जाति व धर्म नहीं होता है। अपराधी पर कड़ी कार्रवाई करें। समाज को जाति धर्म के नाम पर बांटना बन्द कर अपनी नाकामियों को स्वीकार कर दिल्ली की कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त करें ताकि दिल्ली सभी के लिए सुरक्षित हो। इस अवसर पर मुख्य रूप से सुरेश उपाध्याय, मृत्युन्जय पांडेय, नाजिम अली, मनोज जायसवाल, महेश मिश्रा, हरीशचंद्र दूबे, चिन्टू शुक्ला, सचिन मिश्र, रवि यादव, राजेन्द्र मौर्या, नितिन सिंह, इलियास हाशमी, राजन हाशमी इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

### सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक बंद रहेगी विद्युत आपूर्ति

**भदोही।** कारपेट सिटी के अवर अभियंता मनोज कुमार ने बताया कि शाशन द्वारा सभी जगह आरडीएसएस योजना के अंतर्गत जर्जर तारों, विद्युत पोल व ट्रांसफॉर्मर को बदलने का काम चल रहा है। इसी कड़ी में रविवार को आरडीएसएस योजना के अंतर्गत जर्जर 33 केवी लाइन का मरम्मत का काम होगा, जिससे 9 बजे से शाम 4 बजे तक धवरहरा और कार्पेट सिटी सब स्टेशन की सप्लाई पूरी तरह से बंद रहेगी। जिससे इन दोनों सब स्टेशन से इंडस्ट्रियल, जमुनीपुर, घमहापुर, नुरखानपुर, आलमपुर, दारोपुर, रामसहयपुर, बाजार सलावत खान, मर्यादपट्टी, नई बाजार, काजीपुर सहित कई मोहल्लों की विद्युत सप्लाई रविवार को बाधित रहेगी। अवर अभियंता मनोज कुमार ने इन दोनों सब स्टेशन के विद्युत उपभोगताओं से अपील है कि विद्युत सप्लाई से बाधित होने वाले कामों को सुबह नौ बजे से पहले कर ले जिससे कि उनको कोई समस्या ना हो।

# सीएम की मौजूदगी में जिले की पांच पंचायतों का सम्मान

**कार्यक्रम**

**मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार योजना में जनपद भदोही के 5 ग्राम पंचायतों के प्रधान हुए पुरस्कृत**

**जिलाधिकारी ने पुरस्कृत प्रधानों को दी बधाई व शुभकामनाएं**



मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार योजना में जनपद भदोही के पुरस्कृत प्रधान राजमणि पांडेय व अन्य

**भदोही।** मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार योजना से पुरस्कृत जनपद की पाँच पंचायतों को लखनऊ के इंदिरा प्रतिष्ठान के ज्यूपिटर हाल में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सीएम की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के अंतर्गत 370 विजेता ग्राम पंचायतों को पुरस्कृत करने के अलावा, राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अंतर्गत सचिवों को प्रदेश में 3145 लैपटॉप का वितरण, मातृभूमि योजना का शुभारंभ किया गया। जिलाधिकारी गौरांग राठी के मार्गदर्शन में जिला पंचायत राज अधिकारी राकेश कुमार यादव के नेतृत्व में पंचायती राज विभाग की योजनाओं में उत्कृष्ट कार्य करने वाली पाँच ग्राम पंचायतों को मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के अंतर्गत चयनित किया गया है, जिनमे सुरियावां विकास खंड के महजूदा गाँव के प्रधान राजमणि पांडेय को प्रथम पुरस्कार 11 लाख रुपए, भदोही विकास खण्ड के बीसापुर गाँव को द्वितीय पुरस्कार 9 लाख रुपए, अभोली विकासखण्ड के सराय रुद्दी गाँव को तृतीय पुरस्कार छः लाख रुपये, अभोली के दयालपुर ग्राम पंचायत को चतुर्थ व चार लाख रुपए ज्ञानपुर विकासखण्ड के गजधरा गाँव को दो लाख रुपए पाँचवा पुरस्कार मिला हैं। जिलाधिकारी ने प्रदेश स्तर पर पुरस्कृत पांचो ग्राम पंचायतों के प्रधानों को बधाई व शुभकामना दिया।

## बाइक व साइकिल की टक्कर में एक वृद्ध सहित तीन वर्षीय मासूम घायल

**गोपीगंज।** कोतवाली क्षेत्र के मिर्जापुर गोपीगंज मार्ग के ग्राम गोपपुर के पास बाइक व साइकिल की टक्कर में एक वृद्ध सहित तीन वर्षीय मासूम घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि नागेंद्र प्रजापति 60 ग्राम अमवा निवासी अपने साथ मासूम प्रिंस 3 वर्ष को लेकर कहीं जा रहे थे कि जैसे ही गोपपुर के पास पहुंचे ही थे कि अचानक एक साइकिल सवार सामने से घूम गया और उसे बचाने के प्रयास में बाइक असंतुलित होकर दूर जा गिरी, जिससे नागेंद्र प्रजापति 60, प्रिंस 3 वर्ष घायल हो गए। स्थानीय नागरिकों ने तत्काल दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां मासूम बच्चे की हालत को देखते हुए जिला अस्पताल को रेफर कर दिया गया। सूचना पर मौके पर परिजन भी पहुंच गए थे।

## संक्षेप

### विद्यालयों को दिसंबर तक बनाना है निपुणः बीएसए



**भदोही।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के नेतृत्व में खंड शिक्षा अधिकारी, जिला समन्वयक, एसआरजी, एआरपी संग जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में निपुण भारत मिशन के तहत ग्रीष्मावकाश के बाद विद्यालय खुलने पर किए जाने वाले कार्य पर विस्तृत चर्चा की गयी। इस दौरान जिला बेसिक शिक्षाधिकारी ने कहा कि सभी ब्लॉक के खंड शिक्षा अधिकारी ब्लॉक डेवलपमेंट प्लान के अनुसार निपुण हो चुके विद्यालय की संख्या भरें, एआरपी द्वारा अपने ब्लॉक के 10 विद्यालय व शिक्षक संकुल द्वारा अपने विद्यालय को दिसंबर 2023 तक निपुण बनाना है। जिस हेतु प्रत्येक माह के दूसरे व चौथे शनिवार को हर ब्लॉक के एक एक न्याय पंचायत अर्थात माह में कुल 12 न्याय पंचायत में निपुण आकलन दिवस आयोजित किया जाएगा। जिसमें एकेडमिक टीम के सदस्य खंड शिक्षाधिकारी व जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहेंगे। सहयोगात्मक पर्यवेक्षण को विद्यालय में अनुश्रवण पंजिका पर अंकित किया जाएगा। जिसमें विशेष रूप से यह उल्लिखित करना होगा कि विद्यालय में संदर्शिका प्रिंट रिच मटेरियल एवं विभागीय दिशानिदेर्शों का अनुपालन हो रहा है कि नहीं, साथ ही प्रत्येक माह ब्लॉक स्तर पर व जनपद स्तर पर 5-5 विद्यालयों की समीक्षा की जाएगी। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी औराई रमाकांत सिंह सिंगरौल, खंड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय आशीष मिश्रा, डीघ फराह रईस, अभोली वेद प्रकाश, एसआरजी धीरज सिंह, एआरपी विनोद सिंह सहित सभी जिला समन्वयक उपस्थित रहे।

### शिक्षक ने दान की पुस्तक

**जौनपुर।** जिला संयुक्त मंत्री प्राथमिक शिक्षक संघ वीरेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में शिक्षा संघ का प्रतिनिधि मंडल डायट प्राचार्य राकेश सिंह द्वारा चलाए जा रहे एक व्यक्ति एक पुस्तक दान मुहिम के अंतर्गत जिला उपाध्यक्ष उषा सिंह द्वारा किताबों का दान किया गया। इस दौरान प्राचार्य द्वारा कराए गए सुंदरीकरण और नवीनीकरण का कार्य डायट परिसर में देखा गया। प्राचार्य ने डायट परिसर की बदहाल और टूटी फूटी इमारत को एक सुंदर और भव्य इमारत में बदल दिया है। सामुदायिक सहयोग और अपनी मेहनत के बल पर इन्होंने क्लासरूम को जो भव्यता प्रदान की है वह बहुत ही शानदार है। शानदार क्लासरूम और पढ़ने के माहौल के अनुसार है। ई लाइब्रेरी द्वारा जनपद में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों के लिए एक शानदार हाल का निर्माण प्राचार्य ने कराया है। शानदार प्रयास के लिए मैं उनको साधुवाद देता हूं और आभार व्यक्त करता हूं कि उन्होंने जनपद के लिए इतना अच्छा कार्य किया। प्रतिनिधिमंडल में लक्ष्मीकांत सिंह, संदीप प्रताप सिंह, निरुपमा सिंह और अनिल प्रजापति शिक्षक उपस्थित रहे। साथ में मनीष कुमार सिंह और आरएन यादव का सानिध्य प्राप्त हुआ।



### किरतापुर में 39 किसानों की समस्या का किया गया निस्तारण

**गौराबादशाहपुर।** ग्राम पंचायत किरतापुर में किसान सम्मान निधि से संबंधित कृषकों की समस्याओं के निराकरण हेतु कैंप का शुक्रवार को आयोजन किया गया। कैम्प में कुल 39 लोगों की समस्या का निस्तारण किया गया व 12 नये पात्र किसानों का किसान सम्मान निधि हेतु आवेदन भी किया गया। कैम्प की अध्यक्षता कर रहे बीडीओ काशीनाथ सोनकर ने ग्रामीणों को सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी दी। कैम्प में दिलीप कुमार क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी, राम आजाद सहायक विकास अधिकारी कृषि, ज्वाइंट बीडीओ सुभाष चंद्र,शैलेंद्र उपाध्याय अशोक पांडे चकबंदी लेखपाल, दयाराम शुक्ला कानूनगो, विनोद कुमार यादव ग्राम प्रधान, श्रुति गुप्ता ग्राम विकास अधिकारी व अन्य उपस्थित रहे। कैंप में ग्राम विकास अधिकारी श्रुति गुप्ता द्वारा कृषकों को किसान सम्मान निधि से संबंधित जानकारी दी गई। पात्र दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग सहायक उपकरण प्रदान किया जायेगा।

### पंचायत के दौरान चले लाठी डंडे, पांच घायल

गौराबादशाहपुर। थाना क्षेत्र के अमरा गांव में किसी विवाद को सुलझाने के लिए चल रही पंचायत के दौरान अचानक दो पक्षों में कहासुनी हो गई जो देखते ही देखते भयंकर मारपीट में तब्दील हो गई। जब तक लोग बीच बचाव करते तब तक इस घटना में दोनों पक्षों से पांच लोग घायल हो चुके थे। उक्त थाना क्षेत्र के अमरा गांव के राधेश्याम व प्रकाश के बीच किसी विवाद को सुलझाने के लिए शुक्रवार को दोपहर में पंचायत चल रही थी। इसी दौरान एक पक्ष उग्र हो गया। दूसरे पक्ष ने शांत कराने की कोशिश की परंतु मामला शांत होता न देख दूसरा पक्ष भी उत्तेजित हो गया तथा कहासुनी देखते ही देखते भयंकर मारपीट में तब्दील हो गई। दोनों पक्षों से जमकर लाठी डंडे चलने लगे। इस मारपीट में एक पक्ष से राधेश्याम, घुरहू, गौरव व दूसरे पक्ष से प्रकाश और करण घायल हो गए। जिसमे घुरहू का सिर फट गया वहीं प्रकाश को भी चोट आई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को शांत करवाया तथा घायलों को 108 एम्बुलेंस से उवचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चोरसंड भेजवाया।

### बारात से लौटते समय सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक की हुई मौत

**गोपीगंज।** कोतवाली क्षेत्र के कवलापुर स्थित अंडर पास के ऊपर बीते देर रात अज्ञात वाहन के टक्कर से बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गयी। घटना के बारे में बताया जाता है कि जौनपुर जनपद के बारी गांव बरसठी गांव निवासी अरुण सिंह 38 वर्ष किसी बारात में सम्मिलित होने के लिए बाइक से निकले थे। बारात में सम्मिलित होकर घर वापस लौटते समय कवालापुर अंडरपास के ऊपर किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आ गए और मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर देर रात से ही युवक की पहचान में लगी रही पहचान हो जाने के बाद परिजनों को घटना की सूचना दी गई। शुक्रवार को परिजन गोपीगंज कोतवाली पहुंचे जहां पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज कर अज्ञात वाहन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन में लगी है। मृतक तीन भाइयों में दूसरे नम्बर पर होना बताया गया साथ ही मृतक को एक पुत्र भी है। मृतक खेती बारी के साथ पोल्ट्री फार्म चलाता था।

### दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**ज्ञानपुर।** काशी नरेश राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ज्ञानपुर में डीबीटी स्टार कालेज स्कीम के अंतर्गत जंतु विज्ञान विभाग की ओर से मेथड आफ स्लाइड प्रिपरेशन विषयक दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ शुक्रवार को किया गया। इसमें छात्र.छात्राओं को उपयोगी जानकारी दी गई। प्राचार्य डा. पीएन डोंगरे ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यशाला का शुभारंभ किया। बीएससी प्रथम सेमेस्टर के छात्र छात्राओं के को सूक्ष्मजीवों की स्लाइड बनाने की विधि को विस्तार से बताया गया। साथ ही स्लाइड बनाने में विभिन्न रंजन की उपयोगिता पर भी प्रकाश डाला गया। कोर्स कोआर्डिनेटर डॉ. रत्नेश कुमार सोनी, डॉ. अंजू वर्मा, डॉ. विवेक वर्मा, डॉ. दीपक वर्मा आदि ने क्रमवार जानकारी दी।

## एलपीजी सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**शाहगंज।** एलपीजी गैस सुरक्षा के बावत नगर के समर भारत गैस द्वारा एलपीजी सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त आयोजन भारत गैस की इलाहाबाद एलपीजी टेरिटरी की तरफ से किया गया। गैस एजेंसी के प्रबंधक पारसनाथ सिंह ने कहा कि भारत गैस की सर्वोच्च प्राथमिकता सुरक्षा है। आपकी और आपके परिजनों की सुरक्षा, भारत गैस के साथ सुरक्षित व संरक्षित रहें और स्मार्ट बने यही संदेश उपभोक्ताओं को दिया गया। कार्यक्रम में भारत गैस के विक्रय अधिकारी प्रमोद कुमार ने सुरक्षा के पांच मंत्र ग्राहकों को बताया। कहा उपयोग न होने पर रेगुलेटर बंद कर दें। गैस चूल्हे को हमेशा सिलेंडर लेवल से ऊपर प्लेटफार्म पर रखें। डिलीवरी के समय वजन और लीकेज की जांच करें। प्रत्येक दो वर्षों में अपने गैस चूल्हा और पाइप की जांच कराएं। एलपीजी का लीकेज होने पर 1906 पर संपर्क करें। इस दौरान एजेंसी कर्मचारी एवं उपभोक्ता मौजूद रहे।

# साफ-सफाई करने के बहाने जेवरात चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

**सफलता**

**गिरोह के तीन अंतर्प्रांतीय शातिर चोर चढ़े पुलिस के हत्थे**

**मोटरसाइकिल से घूम कर ग्रामीण क्षेत्रों में घर पर अकेली महिलाओं को बनाते थे निशाना**



गिरफ्तार आरोपियों को मीडिया के सामने पेश करती पुलिस

**भदोही।** विगत दिनों थाना गोपीगंज क्षेत्र अंतर्गत छल पूर्वक गहनों की चोरी के दो प्रकरणों से सम्बंधित आवेदिका सरिता देवी पत्नी राजकुमार मिश्रा निवासी बलीपुर थाना गोपीगंज जनपद भदोही व प्रियंका मिश्रा पत्नी विमलेश मिश्रा निवासी भावापुर थाना सुरियावां जनपद भदोही द्वारा सूचना दिया गया कि बाइक सवार अज्ञात चोर गहनों की साफ सफाई करने के बहाने छलपूर्वक जेवरात लेकर भाग गए।

प्राप्त सूचना के आधार पर तत्समय ही थाना स्थानीय पर विभिन्न धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर विवेचनात्मक कार्यवाही प्रचलित की गई। गुरुवार की सायं थाना गोपीगंज व क्राइम ब्रांच की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान छलपूर्वक जेवरात चोरी करने वाले गिरोह के तीन अंतर्प्रांतीय शातिर चोरों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई है। गिरफ्तारशुदा अभियुक्तों के कब्जे से जनपद वाराणसी स्थित किराए के कमरे से पंजीकृत उपरोक्त अभियोगों से सम्बन्धित विभिन्न पीली धातु जेवरात मोटरसाइकिल समेत कुल कीमती लगभग पांच लाख रुपये बरामद किया गया है। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर पंजीकृत अभियोगों का सफल अनावरण करते हुए आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई। गिरफ्तारशुदा शातिर चोर बिहार राज्य से आकर वाराणसी में किराए पर कमरा लेकर आसपास के जनपदों में गहनों की चोरी करने में सक्रिय थे। ग्रामीण क्षेत्रों में घर पर मौजूद अकेली महिलाओं को निशाना बनाते थे। गहनों की साफ-सफाई करने के बहाने धोखे से जेवरात लेकर भाग जाते थे। लोगों को गुमराह करने के लिए मोटरसाइकिल पर कूटरचित नंबर प्लेट का प्रयोग करते थे।

# खेल योगासन में 50 खिलाड़ियों के बस को सीडीओ ने दिखाई हरी झंडी

**भदोही।** तृतीय खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स-2022 के अंतर्गत वाराणसी में शुक्रवार को आयोजित खेल योगासन को देखने के लिए जनपद भदोही के 50 खिलाड़ियों को भ्रमण हेतु मुख्य विकास अधिकारी यशवंत कुमार सिंह ने बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि जनपद में खेलों को बढ़ावा देने के लिए व खिलाड़ियों के प्रोत्साहन व उत्साहवर्धन हेतु यह भ्रमण कार्यक्रम सुनिश्चित किया गया है।

तृतीय खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के अंतर्गत शुक्रवार को वाराणसी में खेल योगासन आयोजन को देखने हेतु 50 खिलाड़ियों को प्रशासन द्वारा सुरक्षित बस से जिला क्रीड़ाधिकारी सिराजुद्दीन के नेतृत्व में भेजा गया है। भेजे गए खिलाड़ी वाराणसी में खेल की बारीकियों को देखने व समझने के बाद जनपद में भी खेलो के प्रति जागरूकता व विकास में मददगार होंगे।




खिलाड़ियों के बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते सीडीओ

# जेसीआई क्लासिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष की यात्रा संपन्न

**जौनपुर।** जेसीआई जौनपुर क्लासिक के तत्वाधान में जेसीआई इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष की आधिकारिक यात्रा संपन्न हुई। यह यात्रा सिद्दीकपुर से प्रारंभ हुई जहां राष्ट्रीय अध्यक्ष जेएफएस एमके कार्तिकेयन मंडल अध्यक्ष अभिनव चौरसिया व उप मंडल अध्यक्ष विशाल धोना का स्वागत किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष के कर कमलों द्वारा जेसीआई क्लासिक द्वारा स्थापित स्वागत स्तंभ का अनावरण किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष का काफिला नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए जेसीज चौराहे पर लाया गया जहां संस्था द्वारा आयोजित वार्षिक सस्टेनेबल प्रोग्राम के तहत जीवन रक्षा के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं यातायात प्रमुख जीडी शुक्ला द्वारा आम जनता के बीच निशुल्क हेलमेट वितरण का कार्यक्रम हुआ।



तत्पश्चात नगर के एक होटल में राष्ट्रीय अध्यक्ष के स्वागत में एक सभा का आयोजन किया गया जिसमें संस्था अध्यक्ष शिवम सिंह द्वारा इस वर्ष संस्था द्वारा किए गए कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा गया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष का आगमन हमारे लिए किसी त्योहार से कम नहीं है। कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष ने जेसीआई क्लासिक के द्वारा किए जा रहे कार्यक्रमों की प्रशंसा करते हुए कहा जेसीआई क्लासिक के कार्यों की प्रशंसा राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचती रहती है। कार्यक्रम में अमित पांडे, राजीव साहू, सौरभ सिंह, आनंद देव वर्मा, रंजीत सिंह आदि उपस्थित रहे। संचालन विशाल गुप्ता ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन सचिव योगेश साहू ने किया।

जनसंदेश टाइम्स प्रा. लि. के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा,** 8/6 ताशकंद मार्ग, सिविल लाइन्स, प्रयागराज से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
स्थानीय सम्पादक - प्रवीण कुमार कुशवाहा
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. -0532 - 2400063
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46202**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13.

# मिशन लाइफ जागरूकता को लेकर निकाली गई रैली

**भदोही।** जिलाधिकारी गौरांग राठी के निर्देश के क्रम में मुख्य विकास अधिकारी यशवंत कुमार सिंह की देखरेख में पर्यावरण अनुकूल जीवन शैली मिशन लाइफ के अंतर्गत प्रधानाचार्य आईटीआई के नेतृत्व में विद्याम् स्किल्स एण्ड हेल्थकेयर सेन्टर ज्ञानपुर के प्रशिक्षुओं, जिला क्रीडाधिकारी के नेतृत्व में स्पोटर्स स्टेडियम मूसीलाटपुर में मिशन लाइफ जागरूकता हॉकी मैच, जिला युवा कल्याण अधिकारी के नेतृत्व में ग्रामीण मिनी स्टेडियम चकमानधाता में युवक मंगल दल व प्रादेशिक विकास दल द्वारा वृक्षारोपण कर साइकिल रैली निकालकर पर्यावरण जन जागरूकता का संदेश दिया गया।



प्रधानाचार्य आईटीआई ने बताया कि उ.प्र. कौशल विकास मिशन के जनपद भदोही के सभी केन्द्रो पर पर्यावरणीय अनुकूल अपनाने हेतु हरित मिशन अभियान को साकार बनाया जा रहा है। उसी क्रम में आज विद्याम् स्किल्स एण्ड हेल्थकेयर सेन्टर ज्ञानपुर के सभी शिक्षकों व प्रशिक्षुओं द्वारा लाइफ प्रतिज्ञा की शपथ लेते हुए स्वयं सहित अपने परिवार व समाज को जागरूक करते हुए पर्यावरण को बचाने के लिए दैनिक जीवन में हर सम्भव बदलाव लाने पर बल दिया गया तथा अन्य लोगों को पर्यावरण के अनुकूल आदतों व व्यवहारों के महत्व के विषय में सतत रूप से प्रेरित किये जाने पर जोर दिया गया।

# बैंक की नई शाखा का उद्योगपति प्रह्लाद दास गुप्ता ने किया उद्घाटन

**गोपीगंज।** नगर के राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित आजाद नगर में उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक शाखा का शुक्रवार को शुभारंभ हुआ। स्टेट हेड प्रखर कुमार पांडेय, एरिया मैनेजर शशांक गोयल, मैनेजर राहुल कुमार यादव, उद्योगपति समाज सेवी चार बार के अपराजित चेयरमैन प्रहलाद दास गुप्ता के द्वारा शाखा का उद्घाटन फीता काट एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

मौके पर मुख्य अतिथियों ने सभी बैंक कर्मियों को नई शाखा शुरूआत करने की बधाई दी। शाखा प्रबंधक राहुल कुमार यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक एक कॉमर्शियल बैंक है। जो सम्पूर्ण बैंकिंग सेवायें प्रदान करता है। जिसमें डिपॉजिट, फण्ड ट्रांसफर, माइक्रो फाइनांस, हाऊसिंग, पर्सनल लोन, व्हीकल लोन आदि शामिल हैं। उन्होंने बताया की 2017 से हमारी बैंक ने काम शुरू किया ग्राहकों के विश्वास से आज 25 प्रदेशों में कुल 680 से ज्यादा शाखाएं और 77 लाख से ज्यादा ग्राहक हमसे जुड़े है।



दीप प्रज्ज्वलित कर उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक शाखा का शुभारंभ करते उद्योगपति प्रहलाद दास गुप्ता

अन्य बैंकों के मुकाबले हम अपने सीनियर सिटीजन को ज्यादा ब्याज देते है। उपस्थित सभी आए हुए अपने ग्राहकों और अतिथियों का आभार व्यक्त किया। उद्योगपति समाजसेवी प्रहलाद दास गुप्ता ने इस अवसर पर कहा की उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक लोगों के हित मे काम करता है। उन्होंने सभी बैंक कर्मियों को नई ब्राँच की शुरूआत पर बधाई ओर शुभकामनाये दी।

### छह वारंटी गिरफ्तार

**खुटहन।** विभिन्न थानों की पुलिस ने गुरुवार की रात छह वारंटियों को गिरफ्तार कर लिया। खुटहन पुलिस ने ओईना गांव के दुर्बली व उसके पुत्र दिलीप, मुंगराबादशाहपुर पुलिस ने सिपाह के लल्लू उर्फ राजेश मौर्या, महराजगंज पुलिस ने मीरापुर शिरोमणि के तीन सगे भाइयों त्रिभुवन नाथ, देवमणि व ईश नारायण को दबिश देकर घर से गिरफ्तार कर संबंधित न्यायालय भेज दिया।

## इलावेनिल, प्रवीण के निशानेबाजी उपकरणों को ठीक करायेगा खेल मंत्रालय

**नई दिल्ली।** ओलंपियन निशानेबाज इलावेनिल वालारिवान और तीरंदाज प्रवीण जाधव के निशानेबाजी से जुड़े उपकरणों की मरम्मत के साथ ही नवीनीकरण होगा। इस काम की जिम्मेदारी खेल मंत्रालय संभालेगा। इलावेनिल जर्मनी की वाल्थर फैक्ट्री में यह काम करायेगी जबकि प्रवीण तीरंदाजी के उपकरणों का दूसरा सेट खरीदेंगे। इसका कारण है कि टूनार्मेंट के दौरान उपकरणों में खराबी आने पर सर्विसिंग के लिये समय नहीं रहता। वहीं मिशन ओलंपिक सेल ने टेबल टेनिस खिलाड़ी श्रीजा अकुला को नाइजीरिया में इस महीने होने वाले डब्ल्यूटीटी टूनार्मेंट में भागीदारी के लिये आर्थिक सहायता भी दी है। वहीं टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना (टॉप्स) के तहत उनके हवाई टिकट, खाने, रहने, स्थानीय यातायात, वीसा और बीमे की फीस का भी पूरा खर्च उठाया जाएगा।



# हरभजन और कैफ ने दी टीम इंडिया को सलाह, कहा- डब्ल्यूटीसी फाइनल में दो स्पिनरों के साथ उतरना बेहतर

## हरभजन सिंह ने केएस भरत की जगह ईशान किशन को एक्स फैक्टर बताया

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व क्रिकेटर हरभजन सिंह और मोहम्मद कैफ ने भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के लिए अपने विचार साझा किए हैं। हरभजन सिंह ने केएस भरत की जगह ईशान किशन को एक्स फैक्टर बताया। वहीं, अपनी टीम में दो स्पिनरों को जगह दी। स्टार स्पोर्ट्स के एक विशेष कार्यक्रम में बात करते हुए हरभजन सिंह और कैफ ने अपनी प्लेइंग इलेवन बताई। भारत के पूर्व ऑफ स्पिनर हरभजन सिंह ने विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल के लिए गेंदबाजी आक्रमण कैसा होना चाहिए, पर जवाब दिया। उन्होंने कहा, ₹यह सब इस बात पर निर्भर करता है कि पिच क्या कह रही है, अगर पिच में घास कम है और धूप निकली है, तो दो स्पिनर का विकल्प बेहतर होगा। अगर ऐसा नहीं है तो शार्दुल के साथ तीन तेज गेंदबाजों और रवींद्र जडेजा को खिलाओ। ठाकुर जो न केवल गेंदबाजी करेंगे बल्कि बल्ले से भी योगदान देंगे।₹



***अश्विन साबित हो सकते हैं बड़ा हथियार***

भारत के पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद कैफ ने कहा, ₹विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के लिए शुभमन गिल और रोहित शर्मा, सलामी बल्लेबाज होंगे। उसके बाद तीसरे नंबर पर अनुभव रखने वाले पुजारा हैं। चौथे नंबर पर विराट कोहली होंगे और उनके बाद रहाणे होंगे, जिनकी टीम में वापसी होगी। मैं पिच की स्थिति और पिच के आधार पर या तो अश्विन या शार्दुल को टीम में रखूंगा। स्पिन को सूट करता है तो अश्विन, क्योंकि वार्नर, ट्रेविस हेड और ख्वाजा जैसे बाएं हाथ के बल्लेबाजों को आउट कर सकते हैं।₹

***भारत को मिली है न्यूजीलैंड से शिकस्त***

बता दें कि भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 7 जून से विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल खेला जाएगा। भारत दूसरी बार हळ्उ के फाइल में पहुंचा है। पहली बार उसे न्यूजीलैंड के हाथों हार का सामना करना पड़ा था। ऑस्ट्रेलिया पहली बार फाइनल खेलेगी। दोनों ही टीमें अपना पहला खिताब जीतने की कोशिश करेंगी।

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कोच रवि शास्त्री ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2023 के फाइनल से पहले टीम इंडिया के विकेटकीपर की समस्या सुलझाने की कोशिश की है। उन्होंने बतौर विकेटकीपर ईशान किशन और केएस भरत पर अलग-अलग अपनी राय दी।

पिछले डब्ल्यूटीसी फाइनल में टीम इंडिया के चीफ कोच रहे शास्त्री ने विकेटकीपिंग में अपनी पहली पसंद बताते हुए कहा है कि विकेटकीपर के चयन में बॉलिंग अटैक अहम भूमिका निभाएगा। भारत को अपनी गेंदबाजी के अनुसार विकेटकीपर चुनना चाहिए। 61 साल के इस पूर्व दिग्गज बल्लेबाज ने फाइनल के लिए अपनी प्लेइंग-11 भी दी है। शास्त्री ने अलग-अलग पोजिशन पर भी अपनी राय रखी है।

उन्होंने कहा, टीम में ओपनर रोहित शर्मा, शुभमन गिल, नंबर तीन पर चेतेश्वर पुजारा, चार पर विराट कोहली और नंबर पांच पर अजिंक्य रहाणे होंगे। छठे पोजीशन के लिए भरत और ईशान के रूप मे दो विकल्प हैं, लेकिन अगर टीम टीम दो स्पिनर के साथ उतरती है, तो केएस भरत को मौका देना चाहिए, अगर टीम चार तेज गेंदबाज के साथ आती है तो ईशान के साथ टीम को जाना चाहिए।



## सचिन ने खरीदी लेम्बोर्गिनी उरस एस

**मुम्बई।** भारतीय क्रिकेट टीम के महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर कारों के शौकीन हैं और उनके पास बीएमडब्ल्यू और मसीर्डीज सहित एक से बढ़कर एक लक्जरी कारें हैं। वहीं अब उनके कार कलेक्शन में एक और सुपर एसयूवी शामिल हो गई है। सचिन ने लेम्बोर्गिनी की हाल ही में पेश की गई उरुस एस खरीदी है। उरुस एस वेरिएंट को हाल ही में भारतीय बाजार में 4.18 करोड़ रुपए की कीमत के साथ उतरा गया था। अब एक वीडियो में उन्हें अपनी नई शानदार सुपर एसयूवी में देखा गया था। उरुस एस एयर सस्पेंशन सिस्टम के साथ आती है, जो बेहतर ड्राइविंग अनुभव प्रदान करती है। इसके अलावा उरुस एस में तीन ऑफ-रोड मोड, सब्बिया (सैंड), नेवे (स्नो) और टेरा (मड) भी हैं, जो विभिन्न सतहों में एक आसान राइड पेश करती है। सचिन भारत में बीएमडब्ल्यू के ब्रांड एंबेसडर हैं और उनके के पास बीएमडब्ल्यू की कई कारें हैं। हालांकि, यह उनकी अब तक की पहली लेम्बोर्गिनी खरीद है। हाई-एंड बीएमडब्ल्यू मॉडल के अलावा सचिन के पास पोर्श 911 टर्बो एस भी है। सचिन के सात बार के एफ वन विश्व चैंपियन माइकल शूमाकर के साथ करीबी संबंध हैं। शूमाकर ने उन्हें फेरारी 360 मोडेना उपहार में दी थी।

## आस्ट्रेलिया को हराने के लिए पूर्व क्रिकेटर ने भारत को दिया आउट ऑफ द बॉक्स आइडिया, कंगारुओं के उड़ेंगे होश

**नई दिल्ली।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल मुकाबला 7 जून से लंदन के द ओवल मैदान पर खेला जाएगा। भारतीय टीम को आईसीसी खिताब जीतने के लिए पूर्व क्रिकेटर संजय मांजरेकर ने अहम सुझाव दिया है।

संजय मांजरेकर चाहते हैं कि फाइनल में केएस भरत की जगह ईशान किशन को मौका दिया जाना चाहिए। याद दिला दें कि किशन को चोटिल केएल राहुल की जगह भारतीय टीम में शामिल किया गया है। केएल राहुल जांघ में चोट के कारण इस समय क्रिकेट एक्शन से दूर चल रहे हैं। संजय मांजरेकर ने प्रसारणकर्ता के एक शो में कहा, "मैं उस एक मैच में ईशान किशन को खेलते देखना पसंद करूंगा। मैं जानता हूं कि यह थोड़ा आउट ऑफ द बॉक्स सुझाव है, लेकिन हमने केएस भरत को देखा है कि वो क्या कर सकते हैं। वो अच्छे विकेटकीपर हैं, लेकिन थोड़ी धीमी बल्लेबाजी करते हैं।"



मांजरेकर को लगता है कि ईशान किशन भारतीय टीम में ऋषभ पंत जैसी भूमिका निभा सकते हैं। पंत ने पिछले कुछ सालों में भारत के लिए खेलते हुए फिनिशर की भूमिका निभाई है और वो आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करते रहे हैं। मांजरेकर का मानना है कि ईशान किशन भी आक्रामक होकर खेल सकते हैं। बता दें कि ईशान शिकान ने 48 फर्स्ट क्लास मैचों में 38.76 की औसत से 2985 रन बनाए हैं। इन मैचों में उन्होंने 99 कैच लपके। हां सभी विकेटकीपर के रूप में कैच नहीं लिए और 11 स्टंपिंग भी की। मांजरेकर ने कहा, "हमें ऋषभ पंत की कमी खल रही है, जो पिछले दो सालों में भारत के सर्वश्रेष्ठ विकेटकीपर रहे हैं।"

उन्होंने आगे कहा, "अगर आप चाहते हैं कि बल्लेबाजी क्रम में ऋषभ पंत जैसा प्रभाव दिखे और विरोधी टीम पर दबाव लौटा सके तो शायद ईशान किशन इसका हल हो सकते हैं।" बता दें कि केएस भरत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में चार टेस्ट खेले थे। भरत ने उस सीरीज की 6 पारियों में केवल 101 रन बनाए। यह देखना दिलचस्प होगा कि भारतीय टीम फाइनल मुकाबले में केएस भरत पर भरोसा जताएगी या फिर वो किशन की आक्रामक बल्लेबाजी देखते हुए उन्हें तरजीह देगी।

## विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप में कमेंट्री करेंगे शास्त्री, गावस्कर और हेडन



**मुम्बई।** इंग्लैंड के ओवल मैदान में सात जून से भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्लयूटीसी) फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। इसमें भारतीय टीम के पूर्व कोच और ऑलराउंडर रवि शास्त्री के अलावा पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर और ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू हेडन भी कमेंट्री करते दिखेंगे। इसके अलावा आईपीएल में विफल रहे विकेटीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक भी इस कमेंट्री टीम में शामिल रहेंगे। शास्त्री और कार्तिक अपनी कॉमेंट्री शैली के कारण खासे लोकप्रिय भी हैं। इनके अलावा इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन और श्रीलंका के कुमार संगाकारा भी कमेंट्री करते दिखेंगे। ऑस्ट्रेलिया और भारत दोनों ही टीमें इंग्लैंड पहुंच गयी हैं और डब्ल्यूटीसी फाइनल की तैयारियों में लगी हैं। भारतीय टीम ने इस साल की शुरूआत में अपनी धरती पर 2-1 से बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी जीती थी जिससे उसका मनोबल बढ़ा हुआ है। वहीं ऑस्ट्रेलियाई टीम भी इंग्लैंड के हालातों में जीत के इरादे से उतरेगी। भारतीय टीम के कई अहम खिलाड़ी चोटिल होने के कारण बाहर हैं। इसमें जसप्रीत बुमराह, ऋषभ पंत, श्रेयस अय्यर और केएल राहुल जैसें खिलाड़ी हैं।

## आकाश चोपड़ा ने राहुल गांधी पर निशाना साधा



**नई दिल्ली।** पूर्व क्रिकेटर और कमेंटेटर आकाश चोपड़ा ने कहा है किसी को भी विदेश में बयानबाजी की जगह देश में अपनी लड़ाई लड़नी चाहिये। आकाश ने अपने एक ट्वीट में ये बातें कहीं। माना जा रहा है कि आकाश ने अपने इस ट्वीट के जरिये कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधा है। आकाश ने अपने इस ट्वीट में राहुल गांधी का नाम लिए बिना कहा है कि देश में लड़े अपनी लड़ाई। उनके इस ट्वीट के बाद सोशल मीडिया पर कई प्रकार की प्रतिक्रियाएं आई हैं। कई लोगों ने जहां आकाश के विचारों को सही ठहराया है और उनका समर्थन किया है तो कई लोगों ने उनकी आलोचना भी है। वहीं कुछ लोगों ने कहा कि उन्हें राजनीति में नहीं पड़ते हुए खेल के मामलों पर ही ध्यान देना चाहिये। आकाश चोपड़ा ने जो ट्वीट किया है वह इस तरह है,मैंने किसी दूसरे देश के विपक्षी नेता को भारत में आकर अपने ही देश की छवि खराब करते हुए नहीं देखा है। जब तक आप किसी प्रकार के समर्थन की मांग नहीं कर रहे हैं, तब तक आपको इसे विदेशी धरती पर स्पष्ट करने की आवश्यकता क्यों है। आपको अपने देश में अपनी लड़ाई लड़नी चाहिए। चुनाव में मतदाताओं को फैसला करने दीजिए। क्या यह लोकतंत्र का सार नहीं हो सकता है? गौरतलब है कि राहुल इन दिनों अमेरिका दौरे पर हैं। अमेरिका में राहुल ने देश में कामकाज के तरीके पर नाराजगी जतायी है। इसके बाद से सोशल मीडिया पर उनकी आलोचना हो रही है। इसी को लेकर चोपड़ा ने भी राहुल गांधी पर बिना लिए बिना ही ट्वीट अपनी बात रखी।

## स्टोक्स गेंदबाजी के बिना भी विरोधी टीम पर दबाव बना सकते हैं : मैकुलम


**लंदन।** इंग्लैंड के मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम ने कहा कि कप्तान बेन स्टोक्स कोई गेंद फेंके बिना भी विरोधी टीम पर दबाव बना सकते हैं। फरवरी में न्यूजीलैंड में ड्रॉ हुई टेस्ट सीरीज के दौरान स्टोक्स के बाएं घुटने में चोट लग गई थी। इसी कारण वह हाल में समाप्त हुए आईपीएल में भी केवल एक ओवर ही कर पाये थे। आयरलैंड के खिलाफ टेस्ट से पहले, स्टोक्स ने कहा था कि उनका बायां घुटना न्यूजीलैंड की तुलना में काफी बेहतर स्थिति में है और वह गेंद के साथ अहम भूमिका निभाने का प्रयास कर रहे हैं। साथ ही कहा कि अपने प्रदर्शन से वह अपनी स्क्रिप्ट लिखता है और यह सबसे बड़ा मंच है जो आप शायद प्राप्त कर सकते हैं। उसे कई बार दर्द की बाधा से जूझना पड़ता है लेकिन हम जानते हैं कि वह इससे डरता नहीं है। हम बस यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि हम इसकी निगरानी करें। अगर कुछ भी हो, तो यह हो सकता है कि हमें उसे समय-समय पर आराम देना पड़े। मैकुलम ने कहा, क्रिकेट के बाद उसके पास जीने के लिए एक लंबा जीवन है और मैं यह सुनिश्चित करना चाहता हूं कि वह सब कुछ कर सके जो वह कर सकता है। यदि वह एक गेंद नहीं भी फेंकता है तो भी इस श्रृंखला में उसका जबरदस्त प्रभाव होगा। हम बहुत खुशकिस्मत हैं कि वह हमारे कप्तान हैं।



स्टोक्स और मैकुलम ने पिछले साल टेस्ट टीम के कप्तान और कोच के रूप में पदभार संभाला था, इसलिए इंग्लैंड ने खेल के सबसे लंबे प्रारूप में जीत के लिए भी आक्रामक रुख अपनाया है। लॉर्डस में आयरलैंड के खिलाफ चार दिवसीय टेस्ट खेलने के बाद इंग्लैंड 16 से 20 जून तक एजबस्टन में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहला एशेज टेस्ट खेलेगा। इसके बाद बाकी के मैच लॉर्डस (28 जून-2 जुलाई), हेडिंग्ले (6-10 जुलाई), ओल्ड ट्रैफर्ड (19-23 जुलाई) और द ओवल (27-31 जुलाई) में होंगे।

## थाईलैंड ओपन : किरण , लक्ष्य सेन जीत के साथ ही क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

**बैंकॉक।** भारत के किरण जॉर्ज और लक्ष्य सेन जहां जीत के साथ ही थाईलैंड ओपन 2023 बैडमिंटन के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं। वहीं भारत के ही सात्विकसाईराज रैंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी के अलावा साइना नेहवाल भी हार के साथ ही बाहर हो गयी हैं। महिला एकल में साइना और अश्मिता चालिहा हार के साथ ही बाहर हो गये। किरण ने क्वार्टर फाइनल में विश्व के 26वें नंबर के खिलाड़ी चीन के वेंग होंग यांग को सीधे गेमों में 21-11, 21-19 से हराया। किरण ने इससे पहले चीन के तीसरी वरीयता प्राप्त शि यू-की को भी हराया था।



जॉर्ज के अलावा लक्ष्य ने भी चौथी वरीयता प्राप्त चीन के ली शी फेंग को 21-17, 21-15 से हराकर क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। वहीं पुरुष युगल में सात्विकसाईराज रैंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी को इंडोनेशिया के मुहम्मद शोहिबुल फिकरी और मौलाना बागस ने तीन गेम तक चले मुकाबले में 26-24, 11-21, 17 -21 से हराया।

एक अन्य मुकाबले में साइना को एकल में चीन की तीसरी वरीयता प्राप्त ही बिंग जियाओ के हाथों 11-21, 14-21 से हार का सामना करना पड़ा जबकि अश्मिता को पूर्व ओलंपिक और विश्व चैंपियन स्पेन की कैरोलिना मारिन ने 18-21, 13-21 से हराया।



मनीला में चीन की झाओ येटिंग जूनियर रिदमेटिक जिम्नास्टिक एशियन चैम्पियनशिप में भाग लेती हुई।

## ईसीबी प्रमुख ने कहा , बीसीसीआई को मिलना चाहिये 38 फीसदी राजस्व

**दुबई।** इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रिचर्ड गूड ने भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की सराहना करते हुए कहा है कि क्रिकेट के विकास और राजस्व सृजन में उसकी अहम भूमिका रही है। साथ ही कहा कि भारत नहीं होगा तो खेल में इतना राजस्व भी नहीं आयेगा जो आज आज रहा है।

रिचर्ड के अनुसार इसको देखते हुए बीसीसीआई साल 2024 से 2027 के बीच आईसीसी के प्रस्तावित वित्तीय मॉडल के तहत 230 मिलियन डॉलर की रकम मिलनी चाहिये। नये प्रस्तावित मॉडल के तहत बीसीसीआई को 600 मिलियन डॉलर राजस्व में से 38.5 फीसदी हिस्सा मिल सकता है जबकि ईसीबी को 41.33 मिलियन और क्रिकेट आस्ट्रेलिया को 37.53 मिलियन डॉलर मिलेगा। पीसीबी को 34.51 मिलियन (5.75 प्रतिशत) मिलेगा जबकि बाकी की रकम शेष पूर्णकालिक सदस्यों में बांट दी जायेगी।



पेरिस के रोल गैरा में फ्रैंच ओपन टेनिस में अमेरिका की क्लेरी लियू सर्व करती हुई।